स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बुधवार
17 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 3
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 295 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

बॉल दिख ही नहीं रही थी, खराब रोशनी में हुआ सुपर ओवर? तिलक वर्मा ने अंपायरिंग को लेकर किया बड़ा खुलासा

मोदी 16 महीने बाद ट्रम्प से मिले

फ्रांस में जी7 समिट में साथ बैठे, 5 मिनट बात की, कल ट्रेड डील पर बात संभव

एवियन। पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 समिट के दौरान मुलाकात हुई। दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक बात चली। मीटिंग में दोनों एक-साथ बैठे नजर आए। यह मुलाकात 16 महीनों के बाद हुई है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति जी7 आउटरीच सेशन में भी साथ-साथ बैठे नजर आए। इससे पहले दोनों की आखिरी मुलाकात फरवरी 2025 में व्हाइट हाउस में हुई थी। दोनों नेता 17 जून की शाम 6:30 बजे ट्रेड डील पर चर्चा कर सकते हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जी-7 समिट के लिए मंगलवार दोपहर एवियन पहुंचने पर मोदी का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्वागत किया। जी-7 के देशों के राष्ट्राध्याक्षों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान मोदी ट्रम्प, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से बातचीत करते दिखाई दिए। पार्टनर देश के तौर पर शिखर सम्मेलन में भारत की 13वीं मौजूदगी है। साथ ही यह 7वीं बार है जब प्रधानमंत्री इस ग्लोबल फोरम में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक मंच पर भारत का पक्ष रखने के लिए मंगलवार को फ्रांस के एवियन पहुंचे, जहां ज7 शिखर सम्मेलन 2026 के भव्य आयोजन स्थल पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने उनका बेहद गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया।

देश के प्रमुख ठिकानों पर ड्रोन अटैक की आशंका

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने चेतावनी दी है कि सीमाओं पर मौजूद महत्वपूर्ण ठिकानों पर दुश्मन ड्रोन हमला कर सकता है। एक

- सरकार का एजेंसियों को अलर्ट
- एंटी ड्रोन सिस्टम की तैनाती शुरू

अंग्रेजी अखबार के मुताबिक जहाज और जलमार्ग मंत्रालय के समुद्री सुरक्षा विंग ने जमीन और समुद्री सीमाओं के पास मौजूद महत्वपूर्ण संपत्तियों और ठिकानों पर ड्रोन अटैक को लेकर अलर्ट जारी किया है। मंत्रालय के पत्र में लिखा है-हमें जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने होंगे, खासकर सीमा के पास बने अपने ठिकानों को खतरनाक ड्रोनों से बचाने के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाने होंगे। दुनिया के मौजूदा हालात को देखकर यह साफ है कि दुश्मन के ड्रोन हमारे जरूरी ठिकानों के कामकाज को ठप कर सकते हैं।
इस चेतावनी के बाद सुरक्षा एजेंसियां

देशभर के खास ठिकानों को सुरक्षित रखने के लिए एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने में जुट गई हैं। गृह मंत्रालय ने भी सीमा सुरक्षा बल के तहत एक खास कमेटी बनाई है। इस कमेटी का काम भारत के लिए सबसे अच्छे एंटी-ड्रोन सिस्टम को जांचना और पास करना है। सूत्रों ने बताया कि क्वस्त्र पाकिस्तान सीमा से सटे पंजाब के इलाकों में इन सिस्टमों को लगाने की तैयारी कर रही है, और इसके लिए बाकायदा ट्रायल भी शुरू हो चुके हैं।
इसके साथ ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने भी एक टीम बनाई है। इस टीम में रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ), इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), एयरपोर्ट अथॉरिटी (एएआई) और बीएसएफ के अधिकारी शामिल हैं, जो देश के महत्वपूर्ण ठिकानों का दौरा कर रहे हैं। इस टीम की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद ही तय होगा कि किस ठिकाने पर कौन सा एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया जाएगा। तमिलनाडु के थूथुकुडी में वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट मौजूद है। पोर्ट की सिक्योरिटी के लिए फरवरी 2026 में यहां एडवांस एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया गया। ऐसा सिस्टम अपनाने वाला यह देश का पहला पोर्ट है। इसके लिए बंदरगाह ने सरकारी कंपनी सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है।

नीट री-एग्जाम तक भारत में टेलीग्राम पर रोक

नई दिल्ली। भारत सरकार ने नीट की दोबारा परीक्षा को लेकर भारत में टेलीग्राम मैसेजिंग एप के इस्तेमाल

- 21 को परीक्षा, 22 जून तक एप काम नहीं करेगा
- मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद

पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। एनटीए ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69 के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है। नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने एग्जाम के बाद भी टेलीग्राम को अपना मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम पर पहले से भेजे गए मैसेज 30 जून तक एडिट नहीं हो पाएंगे। एनटीए के मुताबिक कुछ लोग टेलीग्राम का इस्तेमाल परीक्षाओं में पेपर लीक होने के फर्जी सबूत बनाने के लिए करते रहे हैं।

अब डॉक्टर पर्चे के बिना नहीं मिलेगा कफ सिरप

नई दिल्ली। देश में धड़ल्ले से बिक रहे कफ सिरप को लेकर अब केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

- सरकार सख्त, नए नियम लागू

मंत्रालय ने नई अधिसूचना जारी करते हुए साफ कर दिया है कि अब किसी भी तरह का सिरप, खासकर खांसी के सिरप, बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं बेचा जा सकेगा।
नए नियमों के तहत अब मेडिकल स्टोर से कफ सिरप खरीदने के लिए डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन दिखाना अनिवार्य होगा। बिना पर्चे के सिरप

बेचने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनका लाइसेंस रद्द करना भी शामिल है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रग्स (पांचवां संशोधन) नियम, 2026 के तहत शेड्यूल के में बदलाव किया है। इस संशोधन में सिरप शब्द को सूची से हटा दिया गया है, जिससे अब ये दवाएं ओवर द काउंटर (ओटीसी) कैटेगरी में नहीं रहेंगी। सरकार का यह फैसला कफ सिरप के दुरुपयोग, मिलावट और खासकर बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। हाल के दिनों में कफ सिरप से जुड़ी कई गंभीर घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें बच्चों की मौत के मामले भी शामिल हैं। इसी को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की थी। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी राज्यों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दवा निर्माण और बिक्री में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। देशभर में दवा फैक्ट्रियों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित फैक्ट्री का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। इस बैठक में 200 से अधिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हुए थे।

भाजपा एमएलसी की यूनिवर्सिटी पर ईडी का छापा

मेरठ। मेरठ में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए निर्धारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में कथित फर्जीवाड़े और धन के दुरुपयोग के मामले में प्रवर्तन

- 13.83 करोड़ की संपत्ति कुर्क
- छात्रवृत्ति से जुड़ा मामला

निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने 13.83 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। मामले में मेरठ की एक निजी विश्वविद्यालय समेत उत्तराखंड की दो विश्वविद्यालय जांच के दायरे में हैं। यह मामला वर्ष 2011-12 से 2016-17 के बीच अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए जारी की गई छात्रवृत्ति राशि में कथित अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। जांच एजेंसियों के अनुसार पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत जारी धनराशि के वितरण में कथित रूप से फर्जीवाड़ा किया गया। आरोप है कि पात्र छात्रों के नाम पर छात्रवृत्ति राशि का गलत तरीके से लाभ उठाया गया और सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ। इसी मामले में आर्थिक अनियमितताओं की जांच के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की है। जांच के दौरान मेरठ स्थित एक निजी विश्वविद्यालय तथा उत्तराखंड की दो विश्वविद्यालयों का नाम सामने आया है।

जयपुर में आरएसएस के लोगों ने हमला किया : दीपके

नागपुर। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जयपुर में उन पर हुए हमले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी

- जो उनके खिलाफ, उसका यही अंजाम

आरएसएस के लोगों का हाथ था। अभी दीपके नागपुर में है। यहां 4 बजे संविधान चौक पर पार्टी का प्रदर्शन है। उन्होंने कहा- 'जब भी कोई सरकार या उसकी विचारधारा के खिलाफ बोलता है, तो ऐसा ही होता है। इसमें कुछ नया नहीं है।' कल यानी 15 जून को कॉकरोच जनता पार्टी ने जयपुर में प्रदर्शन किया था। इस दौरान भीड़ में शामिल युवकों ने दीपके को थप्पड़ मारे थे। वहीं, सीजेपी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2 लाख फॉलोअर्स कम हो गए हैं। 16 जून को पार्टी के इंस्टाग्राम पर 2.25 करोड़ फॉलोअर्स हैं। 6 जून को दिल्ली में सीजेपी के पहले प्रदर्शन से पहले इंस्टाग्राम पर 2.21 करोड़ फॉलोअर्स थे। अगले दिन 7 जून को 24 घंटे के भीतर 2.27 करोड़ फॉलोअर्स हो गए थे।
कॉकरोच जनता पार्टी नीट पेपर लीक, नीट परीक्षा में गड़बड़ी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रही है।

दिल्ली-मुंबई समेत 17 ठिकानों पर एक साथ छापा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यस बैंक घोटाले और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, मुंबई और खंडाला सहित 17 स्थानों पर एक साथ छापा मारा।

- यस बैंक घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई

अधिकारियों के अनुसार, यह छापेमारी सुरक्षा एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एसएआरसीएल), सुरक्षा रियल्टी लिमिटेड, ख्याति रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसरों के अलावा इनके प्रमोटरों, निदेशकों, कर्मचारियों तथा यस बैंक के एक पूर्व कर्मचारी के ठिकानों पर की गई। ईडी की जांच वित्त वर्ष 2016-17 से 2017-18 के दौरान मैकस्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड और अन्य कंपनियों के यस बैंक के ऋणों के कथित फर्जी हस्तांतरण से जुड़ी है। अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी अभियान का उद्देश्य उन सबूतों को जुटाना है जो मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों से जुड़े हैं। जांच एजेंसी को शक है कि कुछ एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (एआरसी) और यस बैंक के बीच मिलीभगत कर सर्कुलर लेनदेन किए गए, जिनके जरिए संकटग्रस्त परिसंपत्तियों पर कथित रूप से अनुचित तरीके से नियंत्रण हासिल किया गया।

रिपोर्ट- 2030 तक एआई से 22 फीसदी नौकरियों पर असर

नई दिल्ली। देश में आईटी, कानून, कॉमर्स,ट्रांसलेशन, डिजाइन और लाइब्रेरी साइंस जैसे क्षेत्रों में बड़ा उलटफेर शुरू हो चुका है।

- 40 प्रतिशत कंपनियों में डिग्री+एआई वालों को तवज्जो

एआई के टूल्स ने उन कामों को या तो खत्म कर दिया है या बेहद सिकोड़ दिया है, जिनके लिए लाखों छात्र हर साल डिग्रियां लेते हैं।

एचआर कंपनी टीमलीज का कहना है कि 40 प्रतिशत कंपनियां 'हाइब्रिड स्किल' यानी डिग्री के साथ एआई टूल्स की जानकारी को अनिवार्य मानती हैं। नैस्कॉम की 2024 की रिपोर्ट कहती है कि देश में 82 प्रतिशत बीसीए और एमसीए ग्रेजुएट्स के पास एआई टूल्स की औपचारिक ट्रेनिंग नहीं है।
वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट के अनुसार, नौकरियां उन लोगों के पास रहेंगी, जो एआई टूल का इस्तेमाल करके उत्पादकता यानी प्रोडक्टिविटी 40 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं।
आईबीएम इंस्टीट्यूट फॉर बिजनेस वैल्यू की रिपोर्ट कहती है कि एआई लोगों की जगह नहीं लेगा, लेकिन जो लोग एआई का उपयोग करते हैं, वे उनकी जगह ले लेंगे, जो इस्तेमाल नहीं करते। 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025' के अनुसार, 2030 तक 22त्न नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं।
इधर, चीन ने 2021 और 2025 के बीच अपने विश्वविद्यालयों ने 12,200 से अधिक अंडरग्रेजुएट कार्यक्रमों को रद्द या निलंबित कर दिया, जबकि लगभग 10,200 नए कार्यक्रम शुरू किए।

भाजपा : संगठन और सरकार में बदलावों की चर्चा तेज

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुई लंबी बैठक के बाद अब पार्टी संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर बड़े बदलावों की चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई करीब चार घंटे लंबी बैठक में

- युवा और अनुभवी नेताओं के बीच संतुलन पर रहेगा ध्यान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन तथा संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण कुमार और शिव प्रकाश शामिल रहे। यह बैठक देर रात तक चली और इसके बाद से यह माना जा रहा है कि भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा कभी भी की जा सकती है। पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जी-7 शिखर सम्मेलन से लौटने के बाद ही अंतिम घोषणा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार भाजपा संगठन में बड़े स्तर पर फेरबदल की तैयारी पूरी हो चुकी है। केवल संगठन ही नहीं, बल्कि राज्यपालों की नियुक्तियों और सरकार से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बदलावों की भी संभावना जताई जा रही है। पार्टी के भीतर यह चर्चा है कि अधिक मास की अवधि समाप्त होने के बाद अब धार्मिक दृष्टि से भी ऐसे निर्णयों में कोई बाधा नहीं रह गई है। इसलिए संगठनात्मक और प्रशासनिक बदलावों की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ सकती है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम को लेकर पार्टी में काफी उत्सुकता है। बताया जा रहा है कि नई टीम में ग्यारह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छह राष्ट्रीय महासचिव बनाए जा सकते हैं। पार्टी नेतृत्व इस बार जातीय और सामाजिक संतुलन पर विशेष ध्यान देने की तैयारी में है। महिला प्रतिनिधित्व को भी पहले से अधिक महत्व दिए जाने की संभावना है। साथ ही युवा और अनुभवी नेताओं के बीच संतुलन बनाए रखने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार अगले वर्ष जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां के नेताओं को भी संगठन में प्रमुख जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं। गुजरात, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे चुनावी राज्यों के साथ राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से भी नेताओं को नई टीम में जगह मिलने की संभावना है।

यूपी में 24 जून तक बढ़ीं स्कूलों की छुट्टियां

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां बढ़ा दी हैं। अब स्कूल 25 जून 2026 से खुलेंगे। अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा) पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देश पर अवकाश कैलेंडर में संशोधन किया गया है। पहले विद्यालय 16 जून से खुलने थे, लेकिन लगातार बढ़ते तापमान और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को देखते हुए सरकार ने छुट्टियां 24 जून तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। नया ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 मई से 24 जून तक प्रभावी रहेगा।

ममता ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव नतीजों को कानूनी चुनौती दी है। इस सीट पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल के वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने उन्हें शिकस्त दी थी। ममता बनर्जी ने इस चुनावी हार के खिलाफ हाईकोर्ट में एक चुनाव याचिका दायर की है। 2026 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को अपने इस पुराने गढ़ में करारी हार का सामना करना पड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने 15,105 मतों के अंतर से पराजित किया। इस अप्रत्याशित हार ने राज्य के राजनीतिक समीकरणों को पूरी तरह बदल दिया है। इस चुनावी नतीजे के बाद से ही टीएमसी खेमे में भारी असंतोष और बेचैनी देखी जा रही है।

यूपी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने संयुक्त रूप से परिणाम जारी किया। इस वर्ष अलीगढ़ की वंदना सिंह ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि दूसरे स्थान पर भी अलीगढ़ के ही नितिन पचौरी रहे। प्रदेशभर में 31 मई को आयोजित हुई इस प्रवेश परीक्षा में लगभग चार लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। परीक्षा के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में केंद्र बनाए गए थे और शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराई गई थी।

बाराबंकी के गोरखपुर से जुड़ते ही लगेगा जोर का झटका धीरे से...

सुरेश बहादुर सिंह 'कौशिक'

स्वतंत्र भारत, बाराबंकी। कतिपय लोगों की मांग एवं भाजपा की सुनियोजित नीति के तहत देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को चार भागों में विभाजित करने की तैयारी शनैः शनैः मूर्त रूप लेती जा रही है। इसके गठन के अनेकों किन्तु- परन्तु हैं और भविष्य में निकाले जायेंगे। उसके नफा नुकसान का जोड़-घटाव किया जा चुका होगा तथा आगे में भी होगा मगर एक बात निश्चित होती दिखाई दें रही हैं यदि भविष्य में विभाजन की कार्यवाही हुई तो इस जनपद में भाजपा को खास झटका लग सकता है। इसके जो भी कारण होंगे उसमें सर्व प्रमुख कारण आज भी प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सटे इस जिले को काटकर पुनर्गठन होने जा रहे पूर्वान्चल राज्य की राजधानी के रुप में बनने वाली राजधानी गोरखपुर का चयनित किया जाना होगा।
यूंतो बाराबंकी जनपद पहले से ही समाजवादियों का गढ़ रहा है लेकिन विगत चुनाव से चाहे वह जन्म भूमि प्रकरण रहा हो या दूसरे अन्य कारणों से भारतीय जनता पार्टी को यहां मजबूती मिली है। आज उसकी यहां पचास प्रतिशत की भागीदारी है जो भविष्य में और भी बढ़ सकती थी किन्तु बाराबंकी जनपद को पूर्वांचल प्रदेश की प्रस्तावित राजधानी गोरखपुर से जोड़ा जाना बैठे बैठाये सपा व कांग्रेस को एक जबरदस्त मुद्दा हासिल करा देगा।
एक तो पूर्व मायावती सरकार द्वारा जिले की महत्वपूर्ण तहसील रुदौली को बाराबंकी से काटकर फैजाबाद जिले (अब के अयोध्या) से जोड़ा जाना आज भी लोगों को पसन्द नही है किन्तु अम्बेड़करनगर बनने से छोटा हुए फैजाबाद (अयोध्या) को भौगोलिक और आर्थिक रुप से सुदृढ़ करने की अनिवार्यता से किसी तरह यहां के लोग समझौता करके चल रहे हैं, वहीं गोरखपुर से बाराबंकी को जोड़ा जाना कतई बर्दाश्त करने की स्थिति में नागरिक नही होंगे। आज भी बाराबंकी जिला बार एसोसिऐसन प्रत्येक माह की सात तारीख को रुदौली तहसील लाने के लिए प्रदर्शन आदि कर रहे है। रुदौली क्षेत्र की जनता खासकर वहां के व्यापारियों व सरकारी तबके से जुड़े लोगों को बाराबंकी से जुड़े रहने में जहां ज्यादा सुख सुविधा हैं वहीं उसकी बोलीबानी सामाजिक रहन सहन आदि सबकुछ बाराबंकी से युगों से मेल खाता है। रुदौली तहसील वापसी के लिए रुदौली क्षेत्र के सपा विधायक रहे इश्तियाक अहमद ने जबरदस्त आन्दोलन किया था। उसकी एक जनसभा में तत्कालीन सपा सुप्रीमों व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने घोषणा की थी कि प्रदेश में उनकी सरकार बनते ही रुदौली बाराबंकी में वापस हो जायेगी लेकिन वैसा नहीं हो सका। रुदौली के फैजाबाद से जोड़ने में तत्कालीन भाजपा के रुदौली विधायक आचार्य रामदेव व तत्कालीन भाजपा के फ़ैज़ाबाद सांसद विनय कटियार का भी सहयोग रहा इसीलिए क्षेत्र की जनता ने उन्हें दोबारा चुने जाने का सौभाग्य नहीं दिया। लखनऊ को तीन ओर से घेरे बाराबंकी को यूपी एससीआर (स्टेट कैपिटल रीजन) में लिया जा रहा है वहीं प्रस्तावित विभाजन में उसे गोरखपुर से जोड़ने का निर्णय कहां तक न्यायसंगत माना जा सकता है। कहां 20 से 50 किमी0 की दूरी तो कहां 200 से अधिक किमी0 की दूरी कत्तई हजम होने वाली नही है। आज जब इस जनपद को कमिश्नरी फैजाबाद से काटकर लखनऊ से जोड़े जाने की मांग भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) आदि द्वारा बराबर की जाती आ रही है ताकि यहां के किसानों को 100 किलोमिटर दूर फैजाबाद में जाना न पड़ें। वहीं दो सौ किमी0 की दूरी पर बनने जा रही राज्य राज्यधानी गोरखपुर से जुड़ना जनता कैसे स्वीकार करेगी? यह हो सकता है कि यहां के लोगों के मनोभावों को समझ कर वर्तमान सरकार यूपी एससीआर में आने वाले क्षेत्र नवाबगंज, देवां, निन्दूरा और हरख ब्लाक को काटकर उसे लखनऊ जनपद से जोड़ दे ताकि आक्रोश कम किया जा सकें जो लेकिन शेष जिला बचेगा उसके लोगों को किस विधि से सन्तुष्ट किया जायेगा। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी के अनेक कामों पर यह एक कदम भारी पड़ सकता है।

संक्षिप्त ख़बरें

जलवायु परिवर्तन में विज्ञान परास्नातक कार्यक्रम आरम्भ

बस्ती। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू की वर्तमान में जुलाई 2028 सत्र की प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जिसमें 330 से अधिक ओडीएल मोड के कार्यक्रम और 44 ऑनलाइन मोड के कार्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 15 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। इसी सत्र में विश्वविद्यालय ने जलवायु परिवर्तन में दो वर्षीय एमएससी क्लाइमेट चेंज कार्यक्रम शुरू किया है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डा अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि जुलाई 2026 सत्र में विश्वविद्यालय ने सबसे जरूरी ग्लोबल चुनौतियों में से एक जलवायु परिवर्तन विषय पर विज्ञान परास्नातक कार्यक्रम आरम्भ किया है।

बालिका को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

दुबौलिया, बस्ती। थानाध्यक्ष दुबौलिया जीवन त्रिपाठी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्यारेलाल द्वारा धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित पीड़िता को बरामद करते हुए शादी का झांसा देकर भगाने व शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाले वांछित आरोपी विनोद कुमार पुत्र स्व रामसागर शर्मा निवासी पायकपुर उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना स्थानीय पर अपृहृता/ पीडिता के दादा द्वारा लिखित तहरीर देकर बताया गया कि उनकी नातिन को 9 मई 2026 को विनोद कुमार पुत्र रामसागर शर्मा साकिन पायकपुर द्वारा शादी का झांसा देकर भगा लिया गया है। तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अपृहृता की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे कि पीडिता व अभियुक्त को थाना क्षेत्र से पुलिस पकड़ने में कामयाब रही।

शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भव्य शुभारंभ 20 से

बस्ती। स्थानीय बेलवाडांडी मोहल्ले में बरगद के पेड़ के पास नव निर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान नगर भ्रमण, मूर्ति मिलाप, मंडप प्रवेश व वेदी पूजन 20 जून को, वेदी पूजा, जलाधिवास, फलाधिवास व अन्नाधिवास 21 जून को, प्राण प्रतिष्ठा हवन व वेदी पूजन 22 जून को व भंडारा व जागरण का आयोजन 23 जून को किया गया है। उन्होने श्रद्धालुओं से दिन में 11 बजे पहुंचकर पुण्य फल प्राप्त करने का आग्रह किया है। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पुरोहित आचार्य जयप्रकाश उपाध्याय के द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। आयुष श्रीवास्तव, अंशुल श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव कक्कू, पंकज श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, सदर ब्लॉक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, सभासद जगदीप श्रीवास्तव बुल्लाहे सहित अन्य मोहल्लेवासियों का सराहनीय योगदान रहा है।

पशुओं में होने वाली जीवाणु जनित बीमारी है गलाघोंटू

बस्ती। गलाघोंटू पशुओं को होने वाली जीवाणु जनित बीमारी है। टीकाकरण कराकर इस रोग से बचा जा सकता है। इस बात की जानकारी डिप्टी सीवीओ भानपुर डॉ बलराम चौरसिया ने सोनबरसा में आयोजित टीकाकरण शिविर में दी। बताया कि बरसात के मौसम में इस रोग के होने की संभावना अधिक होती है। गाय की अपेक्षा भैंस मे रोग की तीव्रता ज्यादा होती है। गलाघोंटू से पीड़ित पशु को तेज बुखार, नांक व मुंह से लार आना, पशु का सुस्त होना, पेट फूलना, बीमारी बढ़ने पर गले में सूजन व सांस लेने पर गुड़ गुड़ की आवाज होना आदि लक्षण आते हैं। कम उम्र की भैंस में स्थिति और गंभीर हो जाती है। समुचित उपचार के आभाव में दम घुटने से पीड़ित की मृत्यू हो जाती है। बरसात के मौसम में भैंस की तबियत खराब हो तो हल्के में न लें। पशु-चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराएं। बचाव के लिए पशुओं को गलाघोंटू निरोधक टीकाकरण जरूर कराएं। मौके पर चालीस पशुओं में सुरक्षात्मक टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर राधे श्याम, घनश्याम, बलराम, रीतेश, संतोष व रामनिवास आदि मौजूद रहे।

बड़े मंगलवार पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

बस्ती। गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ परिव्राजक/ ट्रस्टी राम प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर शक्तिपीठ में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद दोपहर से मंदिर प्रबंधन और कार्यकर्ताओ द्वारा विशाल भंडारे की शुरुआत की गई। जिससे हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के सहायक प्रबंध ट्रस्टी राम चंद्र शुक्ल, जगदम्बिका पांडेय, सर्वेश श्रीवास्तव, केके पांडेय, विशाल, उपेंद्र उपाध्याय, रविंद्र श्रीवास्तव, महेश्वरानन्द, विवेकानंद, अमन, शिवम्, यशपाल, संतोष, अमित, प्रदीप भंडारी, सुरेंद्र चौरसिया, राजाराम, श्रवण कुमार सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। राम प्रसाद त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओ और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

बाजार गये युवक की बाइक चोरी

पटहेरवा। क्षेत्र के पटहेरिया में बाइक खड़ी कर बाजार करने गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। काफी खोज बिन के बाद भी बाईक का पता नहीं चला।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पटहेरवा ग्रामसभा के नौका टोला निवासी विनय प्रकाश सोमवार की देर शाम घर बाजार करने बाइक से पटहेरिया गये थे।बाइक बाजार में ही किनारे खड़ी करके बाजार करने चले गए।कुछ देर बाद वापस लौटे तो बाइक नहीं था।पीड़ित ने अगल बगल लोगों से पूछताछ किया काफी खोज बिन के बाद भी बाईक का पता नहीं चला।पीड़ित ने डॉयल 112 को सूचना दिया और पुलिस को तहरीर देते हुए मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

प्लेसमेंट ड्राइव से युवाओं को मिलेगा रोजगार

महराजगंज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, धनेवा धनई के प्रधानाचार्य द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 18 जून 2026 को टाटा मोटर्स लिमिटेड की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से अस्थायी एवं प्रशिक्षु पदों पर चयन किया जाएगा। प्रशिक्षु पद के लिए अभ्यर्थियों की आयु जॉइनिंग की तिथि के अनुसार 18 से 25 वर्ष तथा अस्थायी पद के लिए 18 से 32 वर्ष निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण तथा कम से कम 60 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। अभ्यर्थी राज्य बोर्ड, सीबीएसई अथवा आईसीएसई बोर्ड से उत्तीर्ण होना चाहिए। संस्थान प्रशासन ने सभी पात्र एवं इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे 18 जून 2026 को आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में उपस्थित होकर रोजगार के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

अपना दल (एस) के जिला महासचिव बने बजरंगी

तमकुहीराज कुशीनगर। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के अमवा खास निवासी बजरंगी सिंह पटेल को अपना दल (एस) के जिला महासचिव के पद पर नियुक्त किये जाने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। वे तमकुहीराज विधान सभा में उपाध्यक्ष के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। अपना दल के नवनियुक्त जिला महासचिव बजरंगी सिंह पटेल ने कहा कि वे अपना दल एस के नीतियों को जन जन तक पहुंचाएंगे। पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपना दल एस को मजबूत करना ही एकसूत्रीय लक्ष्य है। पार्टी ने हमें जो दायित्व सौंपा है उस कसौटी पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। जिला महासचिव बनाये जाने पर अरविन्द सिंह पटेल, अवनीश पटेल, अमित सिंह, अंजनी सिंह पटेल, एडवोकेट अंगद आशीष पटेल, मनोज सिंह पटेल, बबलू सिंह पटेल, रंजीत सिंह पटेल, मनीष सिंह, सतीश पटेल, सुंदरलाल पटेल, दिनेश पटेल, अनिल पटेल, मनोहर पटेल, मनोज कुशवाहा, उमेश पटेल, पप्पू सिंह, अनिल सिंह, बबलू पटेल, विवेक जायसवाल, रोशन पटेल, अजय सिंह, विकास सिंह, विनोद पटेल आदि ने हर्ष व्यक् किया।

मार्ग दुर्घटना में पति-पत्नि व बेटे की मौत, बेटी गंभीर

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कुशीनगर। रामकोला थाना क्षेत्र के खोटही निर्भया गांव के समीप लालवीर फिलिंग स्टेशन के पास मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार की एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल संख्या यूपी 53 ईसी 1062 पर सवार परिवार कप्तानगंज की ओर से आ रहा था। इसी दौरान नेबुआ की तरफ से आ रहे टैंकर संख्या यूपी 57 बीटी 0164 से मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार लोगों को गंभीर चोटें आईं। हादसे में मोटरसाइकिल चालक रामलखन मद्धेशिया (38 वर्ष) पुत्र रमाशंकर मद्धेशिया तथा उनके पुत्र रौनक (11 वर्ष) निवासी पिपराइच, थाना पिपराइच, जनपद गोरखपुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग सहायता के लिए दौड़ पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल शशिकला (35 वर्ष) पत्नी रामलखन मद्धेशिया तथा उनकी पुत्री लाडो (14 वर्ष) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने शशिकला को मृत घोषित कर दिया। वहीं किशोरी लाडो की हालत नाजुक देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रविंद्रनगर धूस स्थित मोर्चरी हाउस भेज दिया है। दुर्घटना में शामिल टैंकर को भी कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार घटनास्थल पर शांति व्यवस्था कायम है और यातायात भी सामान्य रूप से संचालित किया जा रहा है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सेवाओं का हुआ मूल्यांकन

सिन्दुरियां। नेशनल टीम द्वारा जूम के माध्यम से आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान टीम ने स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, ओपीडी सेवाओं एवं विभिन्न जांचों की जानकारी प्राप्त की। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) रोशनी पाल ने टीम को केंद्र पर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की बिंदुवार जानकारी दी। उन्होंने हाइजीन व्यवस्था, ओपीडी में आने वाले मरीजों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं तथा ब्लड जांच सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अवगत कराया। एएनएम आभा पटेल ने टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए कौन-कौन से टीके किस आयु वर्ग में लगाए जाते हैं।

योग शिविर आयोजित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे योग सप्ताह के तहत मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन कुशीनगर में रिक्रूट आरक्षियों के लिए विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन में किया गया।

शिविर का उद्देश्य रिक्रूट आरक्षियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा योग के नियमित अभ्यास से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान आरक्षियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तनाव प्रबंधन, कार्यक्षमता बढ़ाने तथा मानसिक एकाग्रता बनाए रखने के लिए नियमित योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस योग शिविर में रिक्रूट आरक्षियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

ब्लॉक मिठौरा की स्वास्थ्य सेवाएं बद से बदतर

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

सिन्दुरियां, महराजगंज। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षात्मक विकास खंड मिठौरा में स्वास्थ्य सेवाएं स्टाफ की कमी के कारण प्रभावित हो रही हैं। ब्लॉक के 49 उप स्वास्थ्य केंद्रों के सापेक्ष केवल 33 एएनएम कार्यरत हैं, जबकि 16 उपकेंद्रों पर एएनएम के पद रिक्त हैं। इसके चलते टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं निर्धारित सूचकांक के अनुसार संचालित नहीं हो पा रही हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठौरा के अधीक्षक द्वारा एएनएम की तैनाती के लिए कई बार मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजा जा चुका है, लेकिन अब तक रिक्त पदों पर तैनाती नहीं हो सकी है। कर्मचारियों की कमी के कारण कई एएनएम को दो-दो उप केंद्रों का अतिरिक्त कार्यभार संभालना पड़ रहा है, जिससे नियमित फील्ड विजिट, टीकाकरण और अभिलेख संबंधी कार्यों में कठिनाई आ रही है।

स्थिति यह है कि कई गांवों में सप्ताह में केवल एक दिन टीकाकरण हो पा रहा है। गर्भवती महिलाओं को जांच कराने के लिए पांच से सात किलोमीटर दूर दूसरे केंद्रों तक जाना पड़ रहा है, जिससे संस्थागत प्रसव और मातृ स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों पर भी असर पड़ रहा है। वहीं आशा कार्यकर्ताओं पर भी अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण उन्हें छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी दूर जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की परेशानी बढ़ रही है।

बच्चों को दी गयी योग शिक्षा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

महराजगंज। फरेंदा रोड स्थित शंकर वाटिका हाल में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क बाल योग एवं संस्कार शिविर का तीसरा दिन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में बच्चों को योग, प्राणायाम एवं संस्कारों की शिक्षा दी गई।

मुख्य अतिथि शिक्षक अमरेंद्र शर्मा ने कहा कि मन और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संयोजक विंध्यवासिनी सिंह के नेतृत्व में संचालित यह शिविर सराहनीय प्रयास है, जिसके माध्यम से प्रतिवर्ष सैकड़ों बच्चों को योग के साथ नैतिक एवं सांस्कृतिक संस्कारों की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखना, मोबाइल की लत से दूर करना तथा उनमें एकाग्रता और अच्छे संस्कार विकसित करना है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ योग शिक्षक रवींद्र गुप्ता ने कहा कि योगासन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। शिविर संयोजक विंध्यवासिनी सिंह ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिकता, चरित्र निर्माण और आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करना है। इसके माध्यम से बच्चों को माता-पिता की सेवा, बड़ों का सम्मान करने और गलत मार्ग से दूर रहने की सीख दी जा रही है।

शिविर में योग शिक्षिका प्राची गोयनका, योग शिक्षक संत कुमार वर्मा, राकेश अग्रहरी, पवन मिश्रा, उपेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, मेजर अखिलेश्वर राव, प्रांजल गुप्ता, नगर प्रभारी विनोद कुमार गुप्ता, बीडी यादव, डॉ. गिरजेश यादव सहित योग साधक उपस्थित रहे।

युवक ने लगायी गुहार

पटहेरवा। तमकुहीराज तहशील क्षेत्र के ग्राम गगलवा निवासी एक युवक ने अपने पिता को सऊदी अरब से सकुशल भारत वापस लाने तथा उनका बकाया वेतन दिलाने के लिए क्षेत्रीय विधायक से मदद की गुहार लगाई है। इस संबंध में युवक ने विधायक को प्रार्थना पत्र सौंपकर अपने पिता को सकुशल वतन वापसी की मांग की है। गगलवा निवासी रामनरेश गौड़ पिछले कई वर्षों से सऊदी अरब के जुबैल-1 शहर में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उनके पुत्र संजय गौड़ का आरोप है कि पिछले लगभग पांच महीनों से उनके पिता को कंपनी की ओर से वेतन नहीं दिया गया है और उन्हें कार्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी द्वारा उनका इकामा वर्ष 2023 से नवीनीकृत नहीं कराया गया है, जबकि उनका एग्जिट वीजा भी लग चुका है। परिजनों का कहना है कि कंपनी भारत लौटने के लिए हवाई टिकट की व्यवस्था नहीं कर रही है और स्वयं टिकट खरीदने का दबाव बना रही है।

अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

सिन्दुरियां। स्थानीय थाना की पुलिस ने दो लोगों को अलग-अलग स्थान से देशी शराब के साथ पकड़ लिया और शराब बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया ।

इस दौरान सिन्दुरिया थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्रामसभा भागाटार निवासी बासुकीनाथ पुत्र बैजनाथ के कब्जे से अवैध 22 पाउच टेट्रा पैक देशी शराब बरामद कर लिया गया। इसी प्रकार थाना क्षेत्र के ग्रामसभा मोहनापुर निवासी धर्मेंद्र पुत्र जयराम के कब्जे से अवैध 45 पाउच टेट्रा पैक बंटी बबली देशी शराब बरामद लिया गया। पुलिस दोनों के विरुद्ध 60 (1) आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गयी।

तटबंधों का डीएम ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

महराजगंज। आगामी मानसून को देखते हुए जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने मंगलवार को तहसील सदर क्षेत्र स्थित अनंतपुर बड़हरा एवं जर्दी डोमरा तटबंध का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ निरोधक कार्यों और तटबंधों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने तटबंधों पर चल रहे बाढ़ सुरक्षा कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। अनंतपुर बड़हरा तटबंध पर सिंचाई खंड द्वितीय के एसडीओ ने बताया कि नदी के ठोकर स्थलों पर जियो बैग और जियो ट्यूब लगाकर कटान निरोधक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलावा तटबंधों पर स्थापित रेगुलेटरों की मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त स्लोपों को सुदृढ़ करने का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने तटबंध की ऊंचाई बढ़ाने की आवश्यकता का सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा आवश्यकता होने पर शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून शुरू होने से पहले सभी बाढ़ निरोधक एवं तटबंध संरक्षण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। तटबंधों पर रैट होल, रेन कट, दरार एवं कटान संभावित स्थलों का सर्वे कर तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा, जिससे वर्षाकाल में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित संवेदनशील स्थलों की नियमित निगरानी करने तथा बोल्डर, बालू की बोरियां, वायर क्रेट समेत आवश्यक आपदा राहत सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार सदर को तटबंधों के निकटवर्ती गांवों में उपलब्ध नावों एवं नाविकों की सूची तैयार कर उन्हें सतर्क करने तथा बाढ़ चौकियों को समय से सक्रिय करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर पंकज शाही, नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव, एसडीओ सिंचाई खंड द्वितीय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

80वीं बार रक्तदान करने पर विनोद हुए सम्मानित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

महराजगंज। विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर मंगलवार को डीएम कार्यालय में रोटरी क्लब एवं रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सचिव विनोद गुप्ता को 80वीं बार रक्तदान करने तथा जनपद में सर्वाधिक रक्तदान करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि विनोद गुप्ता जैसे रक्तदाता निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करते हुए समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। उनका यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह व सभापति सैफुल्लाह खान ने कहा कि विनोद गुप्ता का सेवा कार्य सराहनीय है।

रक्तवीर विनोद गुप्ता ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2005 में रक्तदान की शुरुआत की थी। उन्होंने बताया कि

उनकी प्रेरणा से सैकड़ों युवाओं ने भी रक्तदान शुरू किया है और जरूरतमंदों की जान बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

महराजगंज। थाना सिंदुरिया पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को सेवायोजन विभाग का कर्मचारी बताकर फर्जी आईडी कार्ड के जरिए लोगों को न्यूजीलैंड भेजने का झांसा देता था।

पुलिस के अनुसार बरवा सोफिया निवासी संजीव प्रजापति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि करीब पांच माह पूर्व बनकटी निवासी हारुन ने भेड़िया स्थित अपनी अतुल टूर एंड ट्रैवल्स नामक दुकान पर न्यूजीलैंड भेजने का भरोसा दिलाया था। आरोपी ने स्वयं को सेवायोजन विभाग का कर्मचारी बताते हुए वादी और उसके अन्य साथियों से प्रति व्यक्ति करीब 1 लाख 58 हजार रुपये अलग-अलग खातों में जमा कराए, लेकिन न तो विदेश भेजा और न ही धनराशि वापस की।

शिकायत के आधार पर थाना सिंदुरिया में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपी द्वारा इस्तेमाल किया गया सेवायोजन कार्यालय का आईडी कार्ड फर्जी पाया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने सेमरी गांव मोड़ स्थित पुलिया के पास से हारुन को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी के पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, सेवायोजन कार्यालय महराजगंज का फर्जी आईडी कार्ड तथा 90 रुपये नगद बरामद किए गए। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी ठगी एवं धोखाधड़ी से संबंधित कई मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2020 में ठूठीबारी थाने तथा वर्ष 2023 में भिटौली थाने में भी उसके खिलाफ धोखाधड़ी के मामले दर्ज हो चुके हैं। वर्ष 2026 में इस मामले को मिलाकर उसके विरुद्ध चार मुकदमे दर्ज हैं।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव, हेड कांस्टेबल रवि प्रकाश और कांस्टेबल अभिषेक यादव शामिल रहे।

गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

तमकुहीराज, कुशीनगर। तमकुही ब्लॉक सभागार में बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर मोटा अनाज (श्री अन्न) एवं पौष्टिक व्यंजनों पर आधारित रेसिपी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संतुलित आहार के महत्व को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम में पोषण स्टॉल, स्वास्थ्य विभाग का स्टॉल तथा विकास विभाग का स्टॉल लगाकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों को कुपोषण से बचाव, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जागरूक किया।

इस दौरान खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) तमकुही, एडीओ पंचायत, प्रभारी सीडीपीओ निर्मला देवी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने सभी से पोषण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

मार्कण्डेय ने आईएमयू में हासिल की 370वीं ऑल इंडिया रैंक

श्यामदेउरवां। श्यामदेउरवा निवासी मार्कण्डेय पाण्डेय का इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी में अध्ययन हेतु चयन हुआ है। उन्होंने इस प्रतियोगी परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 370वीं रैंक हासिल की है। मार्कण्डेय पाण्डेय स्वर्गीय मनोज पाण्डेय के पुत्र हैं। मार्कण्डेय हैपी पब्लिक इण्टर कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने वर्ष 2023 में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 560 अंक प्राप्त किए थे। इसके बाद, वर्ष 2025 में इंटरमीडिएट की परीक्षा में उन्होंने 406 अंक हासिल किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयबहादुर सिंह ने मिठाई खिलाकर बधाई दिया। अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान मार्कण्डेय ने अध्ययन में गहरी रुचि दिखाई है। आईएमयू में उनका चयन परिवार, विद्यालय और गांव के लिए गौरव का विषय है।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, बुधवार, 17 जून, 2026

हादसे की जानकारी होते ही ग्रामीणों की जुटी भीड़।

रोहिन नदी में नहाने गए दो मासूम डूबे, एक की मौत

एनडीआरएफ की टीम का सर्च ऑपरेशन जारी, मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधि व अधिकारी, गांव में पसरा मातम, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। तिवारीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रोहिन नदी में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया, जहां नहाने गए दो मासूम बच्चे डूब गए। इस घटना में 12 वर्षीय सर्वेश यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि 9 वर्षीय पिहू की तलाश एनडीआरएफ की टीम द्वारा लगातार की जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार सर्वेश यादव (12) पुत्र सतीश यादव, निवासी मानीराम चिलुआताल थाना क्षेत्र, अपने ननिहाल तकिया कवलदह पथरकट टोला आया हुआ था। वह अपने मामा विक्की यादव के घर ठहरा हुआ था। मंगलवार को करीब साढ़े ग्यारह बजे वह अपने मामा की बेटी पिहू (9) के साथ घर से निकला और खेलते-खेलते रोहिन नदी के किनारे पहुंच गया। रास्ते में उन्हें कुछ अन्य बच्चे भी मिल गए, जो भैंस चरा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सभी बच्चे नदी में नहाने उतर गए।

नहाने के दौरान अचानक गहराई में चले जाने से सर्वेश और पिहू डूबने लगे। यह देख वहां मौजूद अन्य बच्चे घबरा गए और चिल्लाते हुए गांव की ओर भागे। उनके शोर मचाने पर गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजन व ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। नदी किनारे चार बच्चों के चप्पल पड़े मिले, जिससे घटना की गंभीरता का अंदाजा लगा।

घटना के संबंध में बाद में जानकारी और सीसीटीवी फुटेज से यह स्पष्ट हुआ कि मौके पर मौजूद दो अन्य बच्चे–संतोष यादव (12) पुत्र धर्मेंद्र यादव और संगीता यादव (13) पुत्री धर्मेंद्र यादव–जो आपस में भाई-बहन हैं, सुरक्षित अपने घर पहुंच गए थे। दोनों तकिया कवलदह पथरकट टोला के ही निवासी हैं। इन्हीं दोनों ने घर पहुंचकर सर्वेश और पिहू के डूबने की सूचना दी, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू किया और काफी प्रयास के बाद सर्वेश यादव को नदी से बाहर निकाला। उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं पिहू की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम लगातार नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है, लेकिन देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका था।

बताया जा रहा है कि सर्वेश दो भाइयों में बड़ा था और कक्षा चार का छात्र था, जबकि पिहू दो बहनों में छोटी थी और कक्षा दो में पढ़ती थी। दोनों के मासूम चेहरों और इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। किसी को अंदाजा नहीं था कि मामा के घर आया सर्वेश इस तरह असमय मौत का शिकार हो जाएगा और उसके साथ गई पिहू भी जिंदगी और मौत के बीच लापता हो जाएगी।

घटना की सूचना मिलते ही वार्ड नंबर 41 माधोपुर के पार्षद जयंत निषाद मौके पर पहुंचे और प्रशासन को सूचना देकर राहत कार्य तेज कराया। इसके साथ ही महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, ग्रामीण विधायक विपिन सिंह, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी डॉ. कोस्तुभ, एसपी सिटी निमिष पाटिल, एडीएम वित्त जय प्रकाश, एसडीएम सदर दीपक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह, सीओ गोरखनाथ रवि सिंह, नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव और तिवारीपुर थानाध्यक्ष विकास सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। साथ ही एनडीआरएफ की टीम को तेजी से सर्च ऑपरेशन जारी रखने के निर्देश दिए गए। गांव में सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर जमा हैं और हर कोई पिहू के सकुशल मिलने की प्रार्थना कर रहा है।

यह हादसा एक बार फिर नदी-नालों में बिना सुरक्षा के नहाने के खतरों को उजागर करता है। स्थानीय लोगों के अनुसार रोहिन नदी में कई जगह अचानक गहराई है, जिससे पहले भी हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद बच्चों का वहां नहाने जाना जारी है, जो कभी भी इस तरह के हादसे को जन्म दे सकता है।

फिलहाल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सर्वेश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि पिहू की तलाश में एनडीआरएफ की टीम लगातार जुटी हुई है। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को गहरे शोक में डुबो दिया है।

दिशा बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। राज्यमंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार कमलेश पासवान की अध्यक्षता में आज एनेक्सी भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सह-अध्यक्ष सदर सांसद रवि किशन, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह (ग्रामीण), विधायक विमलेश पासवान (बांसगांव), विधायक महेंद्र पाल सिंह (पिपराइच), विधायक सरवन निषाद (चौरी-चौरा) सहित ब्लॉक प्रमुख एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के प्रारंभ में समिति के सचिव एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अध्यक्ष, सांसद, विधायकों एवं महापौर का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद विभिन्न विभागों की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में ग्रामीण विकास, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ह्नस्रस्रू), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क

योजना, जल जीवन मिशन, पोषण अभियान, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि विकास, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा शहरी विकास सहित कई प्रमुख योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई।

अध्यक्ष कमलेश पासवान ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जमीनी स्तर पर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

सदर सांसद रवि किशन ने विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता देने की बात कही। महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव और अन्य विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाते हुए उनके त्वरित समाधान पर जोर दिया।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने विभागवार प्रगति प्रस्तुत करते हुए बताया कि अधिकांश योजनाओं में जनपद की स्थिति संतोषजनक है, जबकि कुछ में सुधार हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के अंत में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू करने के निर्देश दिए गए।

दो माह बाद भी नहीं मिला होम्योपैथिक कॉलेज का छात्र

बड़हलगंज। बड़हलगंज शहीद राजा हरिप्रसाद मल्ल राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के तृतीय वर्ष के छात्र अभिषेक वर्मा के लापता होने के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। दो माह बाद भी छात्र का कोई सुराग न मिलने पर पुलिस ने मंगलवार को गुमशुदगी के मुकदमे को अपहरण के मामले में बदल कर जाँच शुरू कर दी है। महराजगंज जनपद के गांधीनगर निवासी रितिक वर्मा ने 11 अप्रैल को बड़हलगंज थाने में अपने भाई अभिषेक वर्मा के लापता होने की सूचना दी थी। रितिक के अनुसार, अभिषेक होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज बड़हलगंज में तृतीय वर्ष का छात्र है और 10 अप्रैल को कॉलेज से घर जाने के लिए निकला था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। उसका मोबाइल फोन भी बंद मिला। पुलिस ने शुरुआत में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस दौरान डीसीआरबी को सूचना भेजी गई, गुमशुदा के पोस्टर छपवाकर आसपास के क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कराया गया।

मोहर्रम : हथियार प्रदर्शन पर रोक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से राजघाट थाने पर पीस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी गौरव कुमार वर्मा ने की। इसमें क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, इमामचौकों के मुतवल्लियों तथा ताजियादारों ने भाग लिया। बैठक में थाना प्रभारी ने शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोहर्रम जुलूस के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने, हथियारों के प्रदर्शन तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने की अनुमति नहीं होगी। जुलूस केवल परंपरागत मार्गों से ही निकाला जाएगा। थाना प्रभारी गौरव कुमार वर्मा ने कहा कि प्रत्येक मुतवल्ली अपने जुलूस के साथ कम से कम 10-10 स्वयंसेवक (वालंटियर) नियुक्त करेगा, जो यातायात व्यवस्था

बनाए रखने तथा प्रशासन का सहयोग करने का कार्य करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जुलूस में किसी भी अराजक तत्व की मौजूदगी या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मोहर्रम के दौरान नशे की हालत में किसी को भी जुलूस में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी और भड़काऊ पोस्ट, आपत्तिजनक टिप्पणियां या नारेबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल्लाह सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न इमामचौकों के मुतवल्ली और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमेश शर्मा, अमरूतबाग चौकी प्रभारी रोहित साहू, बसंतपुर चौकी प्रभारी उमाशंकर चौरसिया, पांडेहाता चौकी प्रभारी योगेंद्र पांडेय समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बिना नंबर प्लेट के चल रही डंपर सीज

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोला। गोला थाना क्षेत्र के विमुटी में बिना नंबर प्लेट के खनन सामग्री का परिवहन कर रहे एक डंपर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार, क्षेत्राधिकारी गोला दरवेश कुमार ने वाहन जांच के दौरान डंपर को पकड़ा। जांच में पाया गया कि वाहन बिना नंबर प्लेट के संचालित किया जा रहा था।

पकड़े गए डंपर पर बड़गहन थाना, गीडा क्षेत्र का चिन्हांकन भी अंकित था। सामान्यतः खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के संबंध में जिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत उनके संचालन की अनुमति होती है, वहां वाहन और उसके दस्तावेजों का विवरण दर्ज रहता है। ऐसे में गोला क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के वाहन का संचालन संदिग्ध प्रतीत होने पर क्षेत्राधिकारी द्वारा वाहन को रोककर जांच की गई और आवश्यक कार्रवाई की गई। उक्त वाहन पर बड़गहन थाना गीडा लिखा हुआ पाया गया, जबकि वाहन गोला थाना क्षेत्र में संचालित हो रहा था। वाहन के दस्तावेजों एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच के बाद पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए डंपर को सीज कर दिया।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी गोला दरवेश कुमार ने कहा कि यातायात नियमों और खनन से संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बिना नंबर प्लेट अथवा नियमों के विपरीत संचालित होने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। क्षेत्र में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

एक ही रात दो घरों में लाखों की चोरी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोला। गोला थाना क्षेत्र के विमटी गांव में चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। लगातार दो घरों में हुई चोरी की घटना से गांव में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी गोला दरवेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

पहली घटना गांव निवासी उदयभान पुत्र भगौती के घर की है। पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती रात अज्ञात चोर घर के पीछे स्थित शौचालय के सहारे छत पर चढ़े और सीढ़ियों से नीचे उतरकर घर के अंदर घुस गए। इसके बाद कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह करीब पांच बजे घटना की जानकारी होने पर परिवार के होश उड़ गए। पीड़ित के अनुसार चोर डेढ़ भर का मंगलसूत्र, दो सोने की बृजबाली, तीन सोने की

सीकड़, दो चांदी की पायल, दो सोने के सुई-धागा, एक सोने की अंगूठी तथा एक चांदी की माला चोरी कर ले गए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर के सामने, बरामदे और छत पर सो रहे थे। चोरी के बाद चोर खिड़की के रास्ते आसानी से फरार हो गए। वहीं दूसरी घटना गांव निवासी गौतम साहनी पुत्र राजेश साहनी के घर हुई। तहरीर के अनुसार घर के सदस्य छत और कोठरी में सो रहे थे। इसी दौरान चोर कमरे के पीछे लगी खिड़की की ग्रिल हटाकर अंदर घुस गए और बक्से व अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात समेट ले गए। गौतम साहनी के अनुसार चोर एक सोने का हार, दो सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी कान की बाली, एक मांगटीका, एक चांदी का पावजेब तथा एक चांदी की पायल चोरी कर ले गए। सुबह जब परिवार की नींद खुली तो चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर क्षेत्राधिकारी गोला दरवेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि घटनाओं के खुलासे के लिए आसपास के संदिग्धों के साथ-साथ अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप, मुकदमा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

बडहलगंज, गोरखपुर। नौकरी दिलाने के नाम पर कथित रूप से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। देवरिया जनपद खुखुंदू थाना अंतर्गत की रहने वाली खुशी यादव पुत्री पप्पू यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान अपने साथ हुई कथित ठगी का खुलासा करते हुए न्याय की मांग की है।

पीड़िता के अनुसार, गोरखपुर जनपद के कौड़ीराम क्षेत्र स्थित तेवना गांव निवासी पेशे से तथाकथित पत्रकार विनय तिवारी उर्फ विपिन तिवारी ने उन्हें नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। आरोप है कि नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे लगभग 10 लाख रुपये लिए गए। पीड़िता का कहना है कि इस राशि में 3.50000 हजार रुपये बैंक खाते के माध्यम से तथा करीब 6.50000 लाख रुपये नकद दिए गए थे। शेष धनराशि भी विभिन्न माध्यमों से देने का आरोप लगाया गया है। खुशी यादव ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में विनय तिवारी के साथ रहने वाले सुधीर झा की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है और वह भी मामले में पूर्ण रूप से शामिल रहे हैं। पीड़िता द्वारा बांसगांव थाने में तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पीड़िता ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा अपनी धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

युवक पर हमला करने वाले गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोला। गोला थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में दूध का बकाया पैसा लेने जा रहे एक युवक पर कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही 9 लोगों ने युवक को घेरकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गया। युवक के चेहरे, जबड़े और दांतों में गंभीर चोटें आई हैं। उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है और बेहतर इलाज के लिए उसे मेडिकल कॉलेज से पीजीआई लखनऊ रेफर किए जाने की तैयारी चल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फत्तेपुर निवासी रितेश यादव शनिवार रात दूध का बकाया पैसा लेने जा रहा था। पीड़ित के भाई सन्नी यादव द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि रास्ते में गांव की गुड्डी देवी ने लाठी से हमला कर दिया। इसके बाद आर्यन यादव, आदित्य, धीरज यादव, शुभम यादव, प्रवेश यादव और कौशल यादव समेत अन्य लोगों ने मिलकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में रितेश यादव गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पणर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शोर मचाया। ग्रामीणों की भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गोला पुलिस ने मामले में धीरज यादव और कौशल यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। अन्य नामजद आरोपियों की तलाश जारी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों समेत कुछ युवक इंस्टाग्राम पर पूर्वांचल टीम बादशाह टीम 9596 नाम से एक पेज संचालित करते हैं। बताया जा रहा है कि इस पेज पर अक्सर लाठी-डंडों के साथ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए जाते थे, जिनमें दबंगई का प्रदर्शन नजर आता था।

ग्रामीणों का दावा है कि यह समूह क्षेत्र में पहले चर्चित रहे तथाकथित बिच्छू गैंग की तर्ज पर अपनी पहचान बना रहा था। हालांकि पुलिस ने अभी तक इस पहलू पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है, लेकिन घटना के बाद यह सोशल मीडिया गतिविधि भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

रेल मंत्री ने अमृत भारत ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

गोरखपुर। रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हडपसर रेलवे स्टेशन से पुणे-दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। यह महाराष्ट्र की आठवीं और पुणे मंडल की दूसरी अमृत भारत ट्रेन होगी, जो आम लोगों को किफायती यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी। पुणे महाराष्ट्र का एक प्रमुख शिक्षा, आईटी और ऑटोमोबाइल हब है। हिंजवाडी आईटी पार्क और चाकन ऑटो क्लस्टर जैसे प्रसिद्ध संस्थानों, अनुसंधान केंद्रों और औद्योगिक क्षेत्रों का हब होने के कारण, पुणे देश भर से छात्रों, पेशेवरों और बिजनेस यात्रियों को आकर्षित करता है और साथ ही नौकरी के कई अवसर भी प्रदान करता है। पुणे-दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से महाराष्ट्र से झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए सीधी और किफायती कनेक्टिविटी मिलेगी।

चांद नजर आया, मुहर्रम की पहली तारीख आज

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। माहे मुहर्रम का चांद मंगलवार को जिले में देखा गया। शहर काजी मुफ्ती मुहम्मद अजहर शम्सी ने ऐलान किया कि बुधवार 17 जून को माहे मुहर्रम की पहली तारीख है। मुहर्रम की दसवीं तारीख (यौमे आशूरा) शुक्रवार 26 जून को है। मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर यानी हिजरी वर्ष का पहला महीना है। चांद के साथ ही 1448 का आगाज हो गया। इसी के साथ पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत सैयदना इमाम हुसैन रदियल्लाहु अन्हु व उनके साथियों द्वारा दी गई अजीम कुर्बानी की याद ताजा हो गई है।

उलमा किराम ने सभी के लिए दुआ की है कि नया इस्लामी साल सभी की जिंदगी में खैर व बरकत लाए। मुसलमानों से अपील भी की है कि खूब अल्लाह की इबादत करें। रोजा रखें। हजरत सैयदना इमाम हुसैन रदियल्लाहु अन्हु व शुहदाए कर्बला की याद में कुरआन ख्वानी, फातिहा ख्वानी व दुआ ख्वानी करें। अमन ओ अमान कायम रखें।

हाफिज रहमत अली निजामी व कारी मुहम्मद अनस नक्शबंदी ने बताया कि मुहर्रम की पहली तारीख को मुसलमानों के दूसरे खलीफा अमीरुल मोमिनीन हजरत सैयदना उमर रदियल्लाहु अन्हु की शहादत हुई। मुहर्रम की दसवीं तारीख को यजीद नाम के एक जालिम बादशाह ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत सैयदना इमाम हुसैन रदियल्लाहु अन्हु व उनके साथियों को कर्बला के मैदान में शहीद कर दिया था। प्रमुख मस्जिदों व घरों में 'जिक्रे शुहदाए कर्बला' महफिल/मजलिस पहली मुहर्रम से शुरू होगी। जिसका सिलसिला दसवीं मुहर्रम तक जारी रहेगा। मुहर्रम का चांद होते ही इशा की नमाज के बाद मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लों में चहल पहल बढ़ गई। फातिहा ख्वानी हुई। लोग सोशल मीडिया के जरिए एक दूसरे को नये इस्लामी साल की मुबारकबाद भी पेश कर रहे हैं। मियां बाजार स्थित

इमामबाड़ा इस्टेट से 5, 9 व 10 मुहर्रम को रवायती शाही जुलूस निकलेगा। यहां पर मेला लगेगा। शहर के विभिन्न मोहल्लों से चौथी से दसवीं मुहर्रम तक रात-दिन जुलूसों का सिलसिला जारी होगा। शहर में ताजिया बनाने के काम में तेजी आ गई है।

रामगढ़झील पर कड़ी नजर रखेगी जीडीए

गोरखपुर। रामगढ़झील में 7वीं कक्षा की छात्रा एवं 35 वर्षीय व्यक्ति के आत्महत्या के अलग अलग मामले सामने आने के बाद गोरखपुर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल ने झील में सुरक्षा इंतजाम को लेकर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। रामगढ़झील में द फ्लोट, लेक क्लीन क्रूज, इंटरनेशनल वाटर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, मोटर बोट, स्पीड बोट, पैरासेलिंग के संचालन के सुरक्षा गाइडलाइन का सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा। इसके लिए बकायदा निगरानी टीम गठित कर दी गई है। जीडीए उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल ने सहायक अभियंता राज बहादुर की निगरानी में टीम गठित की है। यह टीम झील क्षेत्र का नियमित निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराएगी। टीम सुनिश्चित करेगी कि निर्धारित मानक से ज्यादा स्पीड बोट एवं मोटर बोट पर पयर्टक न बैठे।

जनकल्याण योजनाओं की उलब्धियों पर बलहा में प्रबुद्ध जन सम्मेलन

स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच। मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के संकल्प तथा अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व विधायक दिलीप कुमार वर्मा ब्लाक प्रमुख बलहा विजय कुमार वर्मा जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष कृपाराम वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष रजवापुर अरविंद चौधरी नानपारा नगर भाजपा अध्यक्ष रेखा पांडे आनंद प्रकाश श्रीवास्तव खंड विकास अधिकारी राहुल पांडे सहित अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ बलहा विकासखंड के परिसर में मंगलवार को प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उद्यमियों, अधिवक्ताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता की। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में जनकल्याण, आधारभूत संरचना विकास, डिजिटल सशक्तिकरण, महिला एवं युवा उत्थान तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सम्मेलन में उपस्थित उद्यमियों एवं अधिवक्ताओं ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं, सुशासन की पहल तथा नागरिक सेवाओं में आए सकारात्मक बदलावों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की जनहितकारी नीतियों से देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिली है तथा आमजन के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। ब्लॉक प्रमुख विजय वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। साथ ही उपस्थित प्रबुद्ध जनों से सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की गई। सम्मेलन का समापन राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राहुल पांडे एडीओ आईएसबी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, बीओ पीआरडी अजय गुप्ता, ग्राम पंचायत सचिवों में मिथलेश यादव, रविंद्र यादव, शाहिद अली, देवव्रत मिश्रा, आशीष शर्मा, सऊद इदरीशी, दीक्षा वर्मा, अनुराधा गौड़ सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

तीन घंटे के धरना प्रदर्शन मे तीन सौ पर केस दर्ज

स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।जिले मे धारा 144 लागू है ऊपर से एसपी के तेवर सख्त है। बिना प्रशासन की अनुमति के हजारों प्रदर्शनकारी लालगंज कोतवाली के मोठिन गांव मे गरीब दंपत्ति को न्याय दिलाने के बहाने इकट्ठा हो गए।जबकि उक्त मामले मे जेसीबी से मकान जमींदोज करने वालों पर पुलिस सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर चार लोगों को जेल भेज चुकी है। एसपी दीपक भूकर के तेवर को देखते हुए कोतवाली लालगंज के एसआई ध्रुव सिंह की तहरीर पर पुलिस ने 48 नामजद व 300 से अधिक अज्ञात व्यक्तियों पर केस दर्ज कर लिया है।आरोपियों मे लखनऊ के सनी पटेल अमरेंद्र सिंह बाहुबली (फेस बुक आईडी के अनुसार) अंजली सैनी अशोक पटेल सहित वीरेन्द्र कुमार उर्फ वीरू निवासी रायपुर तियाई आदि शामिल है,इसमें से कुछ अधिवक्ता भी है।केस दर्ज होने की जानकारी होने पर इलाके मे हड़कंप मच गया।

खबर एक नजर

वेबसाइट पर उपलब्ध है ग्राम पंचायत की अन्तिम मतदाता सूची-2026

स्वतंत्र भारत बहराइच । मुख्य राजस्व अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) ने बताया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन हेतु पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण, 2025-26 के अन्तर्गत समस्त जनपदों की समस्त ग्राम पंचायतों की पंचायत निर्वाचक नामावली (अन्तिम मतदाता सूची)-2026 अपलोड कर दी गयी. है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति आयोग की वेबसाइट ह्यद्दष्-ह्वश्च-ठ्ठद्बष्-ह्वठ्ठ ह्वद्ध श्चद्यद्गष्ह्लद्बशठ्ठ स्ह्लठ्ठद्य स्नह्य स्ह्लड्डद्यद्बठ्ठद्य ष्ठश्र2ठ्ठद्यश्चड्डस्र क्कह्लठ्ठष्द्धड्ड4ड्डह्ल ड्डश्चह्लद्गह्ल स्ह्लह्लाह्ल-2026 के माध्यम से किसी भी ग्राम पंचायत की अन्तिम मतदाता सूची-2026 डाउनलोड करके अवलोकन कर सकता है।

17 जून को आडिटोरियम में आयोजित होगा किसान दिवस

स्वतंत्र भारत बहराइच । शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 17 जून 2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों से अपेक्षा की है कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

अज्ञात वाहन की टक्कर से शिक्षक की मौत

स्वतंत्र भारत बहराइच। रानीपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार एक दर्दनाक सड़क हादसे में इंटर कॉलेज के शिक्षक की मौत हो गई। मॉर्निंग वॉक पर निकले शिक्षक को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान 45 वर्षीय सुरेंद्र कुमार चौहान के रूप में हुई है, जो क्षेत्र के लॉर्ड श्री राम इंटर कॉलेज में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि वह रोज की तरह सुबह टहलने निकले थे। प्रेमदास कुटी के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल शिक्षक को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित फरार होना बताया जा रहा है। शिक्षक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और कॉलेज परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की तलाश में जुटी है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

नकली सामान बेचने वाले पर केस दर्ज

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।नवी मुंबई के थाना कर्क रोड इलाके के फ्लोर माकर टावर सोमानी मार्ग निवासी पीयूष कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर दी।वह आईपीआर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से मार्केटिंग व चेंकिग के लिए अधिकृत है।15 जून को वह अपने सहयोगी देवेन्द्र प्रताप सिंह, मानिकपुर थाना पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र के मिरगढ़वा स्थित संजय वर्मा की दुकान पहुंचे,वहां जांच दौरान कंपनी की नकली इंक प्राप्त हुई।पूछताछ मे संजय वर्मा ने इंक कानपुर से मंगाए जाने की बात कही।बरामद इंक सीज कर पुलिस के हवाले करते हुए तहरीर दी है।पीयूष श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस ने संजय वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्रामीणों ने कार सवार संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।संग्रामगढ़ थाना के रामापुर मे मंगलवार की रात संदिग्ध कार सवार को ग्रामीणों ने घेर लिया। पूर्व में हुई बकरा चोरी से सहमे ग्रामीणों ने कार सवारों को रोक लिया।ग्रामीणों का आरोप है कि बाकी कार सवार फायर करते भाग गए और एक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचित किया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध को थाने ले आई और पूछताछ किया।फायरिंग करने की आधिकारिक पुष्टि नही हो पाई है।एसओ मनोज कुमार तोमर के द्वारा बताया गया,कि पकड़ा गया युवक रिश्तेदारी जा रहा था,फायरिंग की घटना गलत है।युवक को पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया गया।

पूर्ण 185 परियोजनाओं की सूची उपलब्ध कराई जाए : डीएम

स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।कलेक्टर अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता मे जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक मे अधिशाषी अभियंता (जल निगम ग्रामीण) तौसीफ अहमद ने बताया कि 185 परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है,जिस पर डीएम ने निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों को सूची उपलब्ध कराई जाए जिससे गांवों मे जाकर कार्यों की वास्तविक स्थिति देख सके।डीएम ने 590 परियोजनाओं की समीक्षा किया,जिसमें 47 पर कार्य शुरू ही नहीं किया गया है।डीएम ने सख्त निर्देश दिया कि परियोजनाओं को पूर्ण करने की जो समय सीमा है,उसके अंतर्गत पूर्ण किया जाए।

डीएम के निर्देश पर ईओ ने पदभार संभाला

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।आखिरकार नगर पंचायत मानिकपुर की चेयरपर्सन श्रीमती चंद्र लता जायसवाल व हाईकोर्ट के स्टे पर अधिशासी अधिकारी अतुल रघुवंशी के बीच वर्चस्व की जंग मे मंगलवार को जिलाधिकारी ने दोनों पक्षों को अपने कार्यालय में बुलाकर समस्या सुनने के बाद नगर पंचायत कुंडा के अधिशासी अधिकारी अजय मधेशिया को तत्काल मानिकपुर के ईओ का पदभार ग्रहण करने का निर्देश देते हुए अतुल रघुवंशी को पैदल कर दिया,जिससे अतुल रघुवंशी तथा उनके प्रमुख सिपहसालार सेवानिवृत्त प्रधान लिपिक आत्मानंद गुप्ता को बड़ा झटका लगा है।अतुल रघुवंशी ने चेयरमैन प्रतिनिधि पुत्र आशुतोष जायसवाल डिंपू (भैया) व उनके अन्य सहयोगियों पर नगर पंचायत कार्यालय में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया था,जिसको लेकर सभासदों व जनप्रतिनिधियों मे आक्रोश व्याप्त हो गया था।मंगलवार को नगर अध्यक्षा श्रीमती चंद्र लता जायसवाल के नेतृत्व मे सभी सभासदों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर ईओ अतुल रघुवंशी की तानाशाही पूर्ण रवैया व अवैधानिक कार्यों के प्रति विरोध जताया।डीएम अभिषेक पांडेय ने ईओ अतुल रघुवंशी व अजय मधेशिया को बुलाकर अपना फैसला सुना दिया,जिससे अरसे से चल रहा दोनों पक्षों का विवाद का पटाक्षेप हो गया।तत्काल पुनः पदभार ग्रहण करते हुए अजय मधेशिया (गुप्ता) ने चेयरपर्सन चंद्र लता जायसवाल की उपस्थिति मे प्रेस से बातचीत करते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता 140 कर्मचारियों को उनका दो माह का वेतन देने का है।नगर के विकास का कार्य प्रभावित नहीं होने पाएगा।सभी कार्य पूर्ववत चलेंगे।कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया है।

खेत बचाओ अभियान में जुटा कृषि विज्ञान केन्द्र

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंटू कालाकांकर द्वारा प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी विकास खण्डों में व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है।यह अभियान बीते 1 जून से प्रारम्भ होकर 30 जून तक चलाया जाएगा।अभियान अंतर्गत केवीके के वैज्ञानिकों की टीम गांव-गांव पहुंचकर किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन,संतुलित उर्वरक उपयोग,जैविक एवं प्राकृतिक खेती,फसल विविधीकरण,हरी खाद के रूप मे ढैंचा के उपयोग व वैकल्पिक कृषि तकनीकों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर रही है।वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ नवीन कुमार सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग,मिट्टी की उर्वरता संरक्षण व पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक बनाना है।

बहराइच-नानपारा मार्ग पर ओवरलोड थ्रीव्हीलर दौड़ रहे बेखौफ

मासूम की जान जोखिम में डालकर सफर

स्वतंत्र भारत, बहराइच। बहराइच-नानपारा मार्ग पर सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड थ्रीव्हीलर व आटोरिक्शा यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है कि क्षमता से अधिक सवारियां भरकर वाहन फर्राटे भर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।ताजा मामला रास्ट्रीय राजमार्ग पर एक थ्रीव्हीलर स?क पर तेज रफ्तार से फर्राटे भरने का प्रकरण सामने आया है, जिसकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वायरल फोटो में देखा जा सकता है कि वाहन में क्षमता से कहीं अधिक सवारियां भरी गई हैं, वहीं एक मासूम बच्चा वाहन के पीछे डाले पर बैठा हुआ पूरी तरह बाहर की ओर लटका नजर आ रहा है। सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ते वाहन में बच्चे की यह स्थिति किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बहराइच-नानपारा मार्ग पर इस तरह के ओवरलोड ऑटोरिक्शा और थ्रीव्हीलर रोजाना चलते हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। नियमों की अनदेखी कर चालक अधिक कमाई के लालच में यात्रियों की जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि वायरल फोटो का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा मार्ग पर चल रहे ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़े सड़क हादसे से बचा जा सके।

वलिदपुर नगर पंचायत में 90 लाख की स्ट्रीट लाइटें बंद, सभासदों ने उठाए सवाल

स्वतंत्रभारत मऊ। सरकार की ओर से नगर क्षेत्रों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था और आम लोगों की सुविधा के लिए लाखों रुपये खर्च कर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं, लेकिन वलिदपुर नगर पंचायत में यह व्यवस्था अब बदहाल नजर आ रही है। नगर पंचायत में करीब 90 लाख रुपये की लागत से लगाई गई लगभग 80 स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। कई स्थानों पर पोल तो खड़े हैं, लेकिन उन पर लगी लाइटें ही गायब हैं, जिससे रात के समय सड़कों पर अंधेरा पसरा रहता है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत के मनोनीत सभासद विनोद सोनकर ने आरोप लगाया कि कई महीनों से अधिकांश स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। उन्होंने बताया कि पहले इस सड़क पर आए दिन छिनैती और अन्य घटनाएं होती थीं। स्ट्रीट लाइट लगने के बाद लोगों को राहत मिली थी, लेकिन अब दोबारा अंधेरा होने से लोग भय के माहौल में आवागमन करने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि पूर्व में लाइट खराब होने पर तत्काल मरम्मत करा दी जाती थी, लेकिन वर्तमान कार्यकाल में स्थिति लगातार बिगड़ती गई और कई स्थानों से लाइटें भी गायब हो गईं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

सभासद अंसारुलहक ने भी नगर पंचायत प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में स्ट्रीट लाइटों की नियमित मरम्मत और निगरानी होती थी, जिससे सभी लाइटें सुचारू रूप से जलती थीं। लेकिन पिछले तीन वर्षों से अधिकांश लाइटें बंद पड़ी हैं। उन्होंने बताया कि नई लाइटों की खरीद के लिए टेंडर भी हुआ और करीब 200 लाइटें उपलब्ध होने की जानकारी आरटीआई के माध्यम से मिली, लेकिन इन्हें कहां लगाया गया या कब लगाया जाएगा, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

रात्रि चौपाल की तैयारियों में चला सफाई अभियान

स्वतंत्रभारत मऊ। दोहरीघाट ब्लॉक के ग्राम रसूलपुर में प्रस्तावित रात्रि चौपाल की तैयारियों के तहत मंगलवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। शिव पंच मंदिर, कंपोजिट विद्यालय परिसर, मुख्य संपर्क मार्गों एवं नालियों की साफ-सफाई कराई गई। चौपाल में ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अभियान में सफाईकर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और चौपाल की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

सड़क हादसों में सात लोग घायल

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में महिला समेत सात लोग घायल हो गए।कुंडा कोतवाली के मौली जिल्ला निवासिनी सुपत्ता देवी 80 पत्नी विशेश्वर प्रसाद यादव सड़क पर पैदल जाते समय अनियंत्रित वाहन की टक्कर में सड़क पर गिरकर घायल हो गई। इलाज के लिए सीएचसी कुंडा मे भर्ती कराया,जहां से प्रयागराज रेफर कर दिया।कुंडा नगर व कोतवाली के रेलवे स्टेशन हरनामगंज मोहल्ला निवासी सुधाकर मिश्रा 62 पुत्र जगन्नाथ मिश्रा बाइक से जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गए।जमेंठी निवासी रमेश कुमार 54 पुत्र राज बहादुर बाइक से जाते समय स्वत- अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए।संग्रामगढ़ थाना के आमीपुर निवासी सूरज प्रजापति 20 पुत्र जमुना प्रसाद,कुंडा नगर के फरेदूपुर निवासिनी सीता देवी 35 पत्नी सुरेंद्र कुमार बाइक से जाते समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गई।हथिगवां थाना के धीमी निवासिनी सविता देवी 23 पत्नी संजीत कुमार सरोज मामूली विवाद मे पड़ोसियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।कुंडा कोतवाली के चौसा गांव निवासिनी सहदेई 60 पत्नी करमचंद पाल को मारपीट कर घायल कर दिया।हथिगवां थाना के बरना अमानी का पुरवा निवासिनी कल्पना 22 पत्नी बबलू सरोज पारिवारिक विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गई।वादी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को पुलिस ने तथा सड़क दुर्घटना मे घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

विधवा की जमीन पर पड़ोसियों का जबरन कब्जा

स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़। पुलिस व राजस्व कर्मियों की निष्क्रियता से कमजोर लोगों की जमीनों पर धन बल से मजबूत लोग कब्जा कर रहे है।जेठवारा थाना के संडवा खास लाल की सराय मजरे की रहने वाली स्व जगन्नाथ की विधवा को बेखौफ प?ोसियों से अपनी नंबरी आराजी भूमि को बचा पाना मुश्किल हो गया है।पति के मरने के बाद से ही पड़ोसी इन्द्रजीत,जीतलाल पुत्रगण विजय बहादुर पटेल की नजर उसकी जमीन पर थी।कई बार जबरन कब्जा करने का प्रयास किया।कल एक बार फिर सभी एक साथ धावा बोल दिए और अपने एक रिश्तेदार मिस्त्री को बुलाकर विधवा जगपति देवी की जमीन में जबरन निर्माण कार्य करने लगे।शिकायत पर 112 पुलिस ने आकर काम रोक दिया,लेकिन पुलिस के जाते ही निर्माण फिर शुरू कर दिया।अकेली महिला को सिर्फ जान से मार देने की धमकी ही नहीं गालियों की बौछार करते हुए मारने के लिए दौ?ा लिया।विधवा जगपति देवी ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

140 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

बलरामपुर। आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के सर्वांगीण विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नगर क्षेत्र में लगभग 33 करोड़ 72 लाख 56 हजार रुपये की लागत से तैयार एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक पल्टूराम,भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र तथा नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने संयुक्त रूप से बटन दबाकर कुल 140 विकास कार्यों को नगरवासियों को समर्पित किया।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि डी.पी.सिंह बैंस ने बताया कि नगर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15वें वित्त आयोग योजना,पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना,स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम),उपवन योजना तथा जल निकासी योजना के अंतर्गत अनेक परियोजनाएं पूर्ण की गई हैं,जबकि कई नई योजनाओं का शुभारंभ भी किया गया है।उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान 4 करोड़ 38 लाख 43 हजार रुपये की लागत से पूर्ण हुई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया, जबकि 29 करोड़ 34 लाख 13 हजार रुपये की लागत से प्रस्तावित नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस प्रकार कुल 33 करोड़ 72 लाख 56 हजार रुपये की विकास योजनाएं जनता को समर्पित की गईं।लोकार्पित एवं शिलान्यासित प्रमुख परियोजनाओं में विश्रामालय निर्माण,हवनकुंड एवं खाली प्रांगण में सीसी निर्माण कार्य,विभिन्न घाटों का सौंदर्यीकरण,सार्वजनिक स्थलों पर बेंच एवं पेयजल कियोस्क की स्थापना तथा शिव मंदिर रानी तालाब परिसर में उपवन निर्माण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों का स्वरूप और अधिक आकर्षक एवं व्यवस्थित होगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं से न केवल आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा,बल्कि नगर की सुंदरता और स्वच्छता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद का लक्ष्य नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए बलरामपुर को एक आदर्श एवं विकसित नगर के रूप में स्थापित करना है।इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री डॉ.अजय सिंह 'पिंकू',अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र मौर्य,जेई सिविल अविनाश यादव,संजय शुक्ल,रामकृपाल शुक्ल,गौरव मिश्रा,शिवम मिश्रा,सभासद संजय मिश्रा,सुभाष पाठक,राघवेंद्र कान्त सिंह 'मंटू',सुशील साहू 'बंटी',विनोद गिरी,आनंद किशोर,मनोज यादव,मनीष तिवारी,अक्षय शुक्ला,राजेश कुमार कश्यप,संदीप मिश्रा,शुभम चौधरी,जयंत सिंह 'धर्मू',रत्ना श्रीवास्तव,सुनीता मिश्रा,सोरभ तुलस्यान,मो.कुमैल,शमीम,शमशाद, आज़म सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

स्वतंत्रभारत मऊ। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धर्मगुरुओं, ताजियादारों एवं मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और कानून व्यवस्था का पालन करने की अपील की गई।थानाध्यक्ष रोहन सिंह ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस पूर्व निर्धारित परंपराओं के अनुसार ही निकाले जाएं और किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि माहौल बिगाड़ने या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने साफ-सफाई, जलापूर्ति, बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा जुलूस मार्ग पर जर्जर व लटके बिजली तारों को ठीक कराने की मांग उठाई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, सभासदों, ताजियादारों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, बुधवार 17 जून 2026

प्रयागराज

कौशाम्बी /प्रयागराज

मेजा के कुकुरकटवा गांव में ट्रिपल मर्डर से क्षेत्र में दहशत

स्वतंत्र भारत मेजा प्रयागराज। लव अफेयर में एक ही परिवार के 3 लोगों की हत्या कर दी गई। मृतकों में 2 महिलाएं शामिल हैं। बॉयफ्रेंड ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। हमलावरों ने घर में घुसकर लोहे की रॉड से गर्लफ्रेंड के ताऊ और 2 चाचियों को दौड़ा-दौड़ाकर मारा।खून से लथपथ शव घर के अहाते से लेकर बाहर तक पड़े मिले। वारदात के समय घर में 4 लोग मौजूद थे। एक 60 साल की महिला भी घर में थी, लेकिन वह सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपियों ने बताया कि गर्लफ्रेंड का ताऊ और दोनों चाचियां हमारे अफेयर का विरोध करती थीं। हम दोनों शादी करना चाहते थे। लेकिन, ये लोग शादी नहीं होने दे रहे थे। इसके बाद

मैंने गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर मर्डर करने का प्लान बनाया।वारदात जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर मेजा थाना क्षेत्र के कुकुरकटवा गांव में सोमवार रात हुई। मंगलवार सुबह पड़ोसियों को ट्रिपल मर्डर का पता चला। पुलिस के मुताबिक, श्यामलाल गुप्ता उर्फ कल्लू (65) और उनके दो भाइयों की पत्नियां अमरावती (58) व इंद्रावती (55) मृत मिलीं।गांव वालों ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 5 बजे जब वे श्यामलाल के घर के बाहर से निकले, तो देखा कि दो महिलाएं जमीन पर पड़ी हैं। उनके शरीर से खून बह रहा है। पास जाकर देखा तो वे अमरावती और इंद्रावती थीं। बगल में श्यामलाल भी मृत पड़े थे। उनके सिर से काफी खून बह रहा था।

गांव वालों ने दरवाजा खटखटाया, तो श्यामलाल की पत्नी सरस्वती घर के अंदर सोती मिलीं। सूचना मिलते ही पुलिस, डॉग स्क्वॉयड और एसओजी की टीम मौके पर पहुंची। ट्रैकर डॉग करीब 200 मीटर दूर एक संदिग्ध के घर तक पहुंचकर रुक गया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से फिंगर प्रिंट समेत अन्य साक्ष्य जुटाए। बॉयफ्रेंड बोला- नेहा से मेरी शादी नहीं होने दे रहे थे, इसलिए मार डाला। पुलिस ने ट्रिपल मर्डर के 9 घंटे बाद मुख्य आरोपी हिमांशु यादव और उसके साथी गौतम को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि हिमांशु अपने साथी के साथ कोर्ट में सरेंडर करने जा रहा था। तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

पूछताछ में हिमांशु ने बताया- मैं नेहा से प्यार करता हूं। हम दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन नेहा के ताऊ और दो चाची इस रिश्ते के लिए राजी नहीं थे। उनकी वजह से ही नेहा मुझसे दूर हो गई। उन्होंने नेहा को 4 महीने पहले उसके मामा के घर भेज दिया था। कुछ समय बाद नेहा की मां अपनी छोटी बेटी शिवानी को भी मायके लेकर चली गई थीं।मैंने उन लोगों से कई बार बात की। समझाया भी और मनाने की कोशिश की, लेकिन वो लोग नहीं माने। इसी बात से नाराज होकर मैंने अपने साथी गौतम के साथ मिलकर सोमवार रात तीनों को मार डाला। लोहे की रॉड से तीनों को मारा। इसके बाद भाग निकला। डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने बताया कि हिमांशु और गौतम को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।5 भाइयों में सबसे बड़े थे श्यामलाल

श्यामलाल 5 भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके दो भाइयों दूधनाथ और धनीराम की बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। श्यामलाल घर में ही छोटी-सी किराने की दुकान चलाते थे। उनके भाई नींबू लाल और बेटा बेंगलुरु में गोलगप्पे बेचते हैं, जबकि राम निरंजन राजस्थान में मजदूरी करते हैं।

श्यामलाल की कोई संतान नहीं थी। वह अपनी पत्नी सरस्वती के साथ गांव में रहते थे। दूधनाथ की पत्नी इंद्रावती (55) और नींबू लाल की पत्नी अमरावती (58) भी यहीं रहती थीं। धनीराम की पत्नी अपनी दो बेटियों प्रिया उर्फ नेहा (19) और शिवानी (8) के साथ रहती थीं।

लापरवाही पर चौकी में तैनात दरोगा सस्पेंड

घरवालों का आरोप है कि फरवरी में घर की बेटी हिमांशु के साथ घर से भाग गई थी। उन लोगों की ओर से लगातार धमकियां दी जा रही थीं। इसे लेकर परिवार ने चौकी में शिकायत देने के साथ आईजीआरएस पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि चौकी पर तैनात दरोगा रामविलास सिंह ने जांच रिपोर्ट में लिख दिया था कि आवेदक से संपर्क नहीं हो पा रहा। मामले में लापरवाही सामने आने पर दरोगा रामविलास सिंह को सस्पेंड कर दिया गया।

श्री सच्चा बाबा आश्रम में पूज्यपाद गुरुदेव भगवान श्री सच्चा बाबा गिरनारी के समाधि दिवस पर बही अध्यात्म और भक्ति की धारा

प्रयागराज नैनी। श्री सच्चा बाबा आश्रम, अरैल में श्री सच्चा बाबा जी महाराज के गुरु श्री सच्चा बाबा गिरनारी जी महाराज का पावन 'समाधि दिवस' दिव्य सत्संग और महाआरती के साथ संपन्न हो गया हुआ।

समाधि मंडप में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम सायं ७:०० से रात्रि ८:०० बजे में भक्तों ने गुरुदेव के चरणों में अपनी भावांजलि समर्पित की। इस अवसर पर महाराज श्री के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों पर विशेष चर्चा की गई गायत्व्य हो कि पूज्य पाद संत शिरोमणि संत श्री श्री 1008 सच्चा बाबा गिरनारी जी महाराज ने 16 जून सन 1944 को वरुणा असी संगम तट पर समाधि लेते हुए कुलानंद महाराज श्री के शरीर में आत्म प्रवेश करते हुए सच्चा रूप देकर स्वयं समाधिस्थ हो गए।संरक्षक डॉ. स्वामी चंद्रदेव जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की एवं कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज,मंत्री प्रवेश ब्रह्मचारी आदरणीय श्रद्धा , योगेन्द्र जी महाराज जोगा बाबा शिवकांत तिवारी प्राचार्य श्रीकृष्ण त्रिपाठी ,आचार्य उमेश सेवानिवृत धर्म शिक्षक भारतीय सेना,मेजर कल्लु मिश्र सेवानिवृत आदि लोग उपस्थित रहे।

नाबालिक लड़की को भगा ले जाने का आरोप

स्वतंत्र भारत फाफामऊ थरवई। थाना क्षेत्र एक गांव में ननिहाल आई एक किशोरी को बहला फुसला कर अपहरण करने का आरोप लगा है पुलिस ने किशोरी की माँ की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दिया। सरायइनायत थाने के एक गांव से एक किशोरी थरवई इलाके के एक गांव में आई थी। किशोरी की मां ने आरोप लगाया कि मेरे ही गांव के मोहम्मद हासिम पुत्र सहजाद शन्नो सोनी तालिब ने बहला फुसला कर भगा लें गया। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो परिजन आरोपी युवक के घर गए तो पूरा परिवार ताला बंद कर-के फरार था। फोन से वार्ता होने पर जल्द किशोरी को हाजिर करने का वादा किया लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी लड़की को नही पहुचाये। पुलिस ने किशोरी की माँ की तहरीर इन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दिया।

तमंचा सटाकर बदमाशों ने रैपीडो कर्मी का मोबाइल व ब्लूटूथ लूटा

प्रयागराज। नैनी थाना क्षेत्र के इंदलपुर रोड पर कब्रिस्तान के समीप मंगलवार की भोर मैं तकरीबन 4:30 बजे बाइक सवार बदमाशों ने रैपीडो बाइक टैक्सी में काम करने वाले कर्मचारी को तमंचा सटाकर मोबाइल व ब्लूटूथ लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर नैनी पुलिस को दे दी है। मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के चकदोदी प्रयागपुरम निवासी पत्रकार अखिलेश कुमार शुक्ला के बड़े भाई अनिल कुमार शुक्ला पुत्र जगजीवन प्रसाद शुक्ला रैपीडो बाइक टैक्सी में काम करते हैं। बताते हैं, कि मंगलवार भोर में तकरीबन 4:30 बजे वह बाइक लेकर गंगोत्री नगर स्थित सवारी को लेने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह इंदलपुर कब्रिस्तान के समीप पहुंचे, तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक को रोक लिए। जब तक कि वह कुछ समझ पाते, तब तक बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें तमंचा सटाकर मोबाइल व ब्लूटूथ लूट कर फरार हो गए। पीड़ित अनिल कुमार शुक्ला ने बाइक सवार बदमाशों का काफी दूर तक पीछा भी किया, लेकिन वह लोग फरार होने में कामयाब रहे। पीड़ित तत्काल घटना की सूचना देने गंगोत्री नगर पुलिस चौकी पहुंचा, चौकी पर तालाबंद देख वह नैनी कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर दी। बता दें, कि नैनी कोतवाली इलाके में बीते कई महीने के दौरान एक-एक कर कई अपराधिक घटनाएं घटित हो चुकी है। नैनी पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने के बजाय धन उगाही करने मैं पूरी तरह से जुटी हुई है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। क्षेत्र की जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है।

सारथीपहली पहली बैठक आयोजित करेगा

वाराणसी। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा बारह जून 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'सारथी' (स्ट्रेटेजिक एडवाइजरी एंड रिफॉर्म्स टास्कफोर्स फॉर होलिस्टिक आईटीआई ट्रांसफॉर्मेशन) की पहली बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री, जयन्त चौधरी करेंगे। बैठक में केंद्र और राज्य सरकारों, उद्योग जगत, नियामक संस्थाओं और स्किलिंग इकोसिस्टम के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे, जो भारत में वोकेशनल ट्रेनिंग की भविष्य की दिशा पर चर्चा करेंगे। सारथी को सीटीएस के तहत एक टॉप एडवाइजरी सिस्टम के तौर पर बनाया गया है ताकि वोकेशनल एजुकेशन और ट्रेनिंग में शामिल मुख्य स्टेकहोल्डर्स के बीच रणनीतिक बातचीत, नीतिगत तालमेल और समन्वित कार्रवाई के लिए एक स्ट्रक्चर्ड प्लेटफॉर्म बनाया जा सके। इस पहल का उद्देश्य इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (आईटीआई) को मजबूत करना और यह सुनिश्चित करना है कि वोकेशनल ट्रेनिंग सिस्टम, बदलती औद्योगिक आवश्यकताओं और भविष्य की कार्यबल जरूरतों के अनुरूप बने रहें।

बृहद रोजगार मेला 19 को

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई नैनी एवं क्षेत्रीय संयोजन कार्यालय प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 19 जून 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी परिसर प्रयागराज में प्रातः 10:00 बजे से एकदिवसीय मंडल स्तरीय बृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की कंपनी टाटा मोटर्स, फ्लिपकार्ट, रिलायंस,भारत मोटर्स, लावा मोबाइल, ब्लैंकेट, लेनेवो जैसी इत्यादि 60 कंपनियों द्वारा लगभग 9000 रिक्त पदों पर चयन की कार्रवाई की जाएगी रोजगार मेला में जूनियर हाई स्कूल, हाई स्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षित 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

प्रयागराज छावनी परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में छह दिवसीय योग कार्यशाला का शुभारंभ

प्रयागराज। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में प्रयागराज छावनी परिषद द्वारा एक विशेष योग प्रदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। छह दिवसीय इस कार्यशाला का शुभारंभ, 16 जून को विकर पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में हुआ, जो 21 जून 2026 तक चलेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में विकर पब्लिक जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य वी. डी. शुक्ला, उड़ान स्कूल के प्रधानाचार्य आशीष मिश्रा, अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन कर उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी? गई। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा किया जा रहा है। सभी प्रतिभागियों को नियमित रूप से योग अपनाने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

उत्तर मध्य रेलवे ने स्क्रैप बिक्री से अर्जित किया 103.96 करोड़ का रिकॉर्ड राजस्व; पिछले वर्ष की तुलना में दर्ज की 117% की भारी वृद्धि

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्क्रैप (कबाड़) के निस्तारण और बिक्री में सफलता का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रेलवे बोर्ड द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित किए गए 285 करोड़ रुपये के कुल वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष, उत्तर मध्य रेलवे ने पहली तिमाही में ही 103.96 करोड़ रुपये का शानदार राजस्व हासिल कर लिया है। उत्तर मध्य रेलवे की यह उल्लेखनीय उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 की समान अवधि में हुई 47.94 करोड़ की बिक्री की तुलना में 117% अधिक है, जो इसके उत्कृष्ट कार्य-प्रबंधन को दर्शाती है। इस बड़ी और महत्वपूर्ण सफलता को प्राप्त करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, नरेश पाल सिंह के कुशल दिशा-निर्देशों और प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक (PCMM), एस. पी. द्विवेदी के रणनीतिक मार्गदर्शन में स्क्रैप निस्तारण के कार्य को अत्यधिक गति दी जा रही है। अधिकारियों के इसी सटीक नेतृत्व और टीमवर्क के बदौलत रेलवे ने पहली तिमाही में ही अपने वार्षिक लक्ष्य का एक बड़ा हिस्सा हासिल करने में सफलता पाई है।

गौरतलब है कि रेलवे परिसरों, कारखानों और स्टेशनों को स्वच्छ, सुरक्षित और पूरी तरह से कबाड़ मुक्त बनाने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड द्वारा राष्ट्रव्यापी 'जीरो स्क्रैप मिशन' चलाया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे इस मिशन को धरातल पर उतारने और आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। स्क्रैप के इस त्वरित और पारदर्शी निस्तारण से न केवल रेलवे के खजाने में भारी मात्रा में राजस्व आ रहा है, बल्कि रेलवे की कीमती भूमि और कार्यस्थलों को भी कबाड़ से मुक्त कराकर उनका रचनात्मक और बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन के अनुसार, आने वाले महीनों में भी स्क्रैप की ई-नीलामी और उसके त्वरित निस्तारण की इस तेज रफ्तार को लगातार बरकरार रखा जाएगा। उत्तर मध्य रेलवे 'जीरो स्क्रैप' के अंतिम लक्ष्य को हासिल करने, सर्वाधिक बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाने, अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त करने तथा अपने सभी परिसरों को हमेशा स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

अनावश्यक चेन पुलिंग पर प्रयागराज मंडल की सख्ती, 1757 लोगों पर कार्रवाई

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। प्रयागराज मंडल द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित एवं समयबद्ध संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग (ACP) के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेल प्रशासन द्वारा की जा रही नियमित निगरानी एवं प्रवर्तन कार्रवाई के परिणामस्वरूप 01 जनवरी 2026 से 14 जून 2026 तक कुल 1757 व्यक्तियों को बिना उचित कारण अलार्म चेन पुलिंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध रेलवे अधिनियम के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की गई है।

अलार्म चेन पुलिंग की सुविधा केवल आपातकालीन परिस्थितियों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रदान की जाती है। इसका अनावश्यक उपयोग ट्रेनों के संचालन में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे गाड़ियों की समयपालन क्षमता प्रभावित होती है तथा अन्य यात्रियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। कई मामलों में इससे परिचालन व्यवस्था प्रभावित होने के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी जोखिम भी उत्पन्न हो सकते हैं।

जनवरी 2026: 274 लोग गिरफ्तार, फरवरी 2026: 244 लोग गिरफ्तार, मार्च 2026: 341 लोग गिरफ्तार, अप्रैल 2026: 318 लोग गिरफ्तार, मई 2026: 386 लोग गिरफ्तार, जून 2026: 194 लोग गिरफ्तार।

टेशन-वार गिरफ्तारियाँ (01 जनवरी - 14 जून, 2026): कानपुर सेंट्रल: 264, टूंडला: 186,प्रयागराज जंक्शन: 132, इटावा: 131, अलीगढ़: 131, नैनी: 117, फतेहपुर: 112, मिर्जापुर: 98, फफूंद: 96, प्रयागराज छिवकी: 66, मानिकपुर: 62, शिकोहाबाद: 62, सूबेदारगंज: 58, चुनार: 38, हाथरस: 37, जीएमसी: 36, फिरोजाबाद: 35, दादरी: 29, खुर्जा: 29, पनकी धाम: 22, कानपुर अनवरगंज: 16, रेल प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। अनावश्यक चेन पुलिंग करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि यात्रा के दौरान अनावश्यक चेन पुलिंग से बचें। प्रयागराज मंडल यात्रियों से आग्रह करता है कि वे अलार्म चेन का उपयोग केवल वास्तविक आपात स्थिति में ही करें। अनावश्यक चेन पुलिंग एक दंडनीय अपराध है, जिसके लिए जुमार्ना तथा कारावास का प्रावधान है। यात्रियों के सहयोग से ही सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सकती है। रेल प्रशासन इस दिशा में पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

प्रयागराज मंडल यात्रियों के सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध यात्रा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा इसके लिए यात्रियों के सहयोग की अपेक्षा भी करता है ।

मेजा ऊर्जा निगम ने किया बालिका सशक्तिकरण अभियान के सत्र का समापन

ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में बालिकाओं को मिला प्रोत्साहन और स्मृति चिन्ह

स्वतंत्र भारत मेजा, प्रयागराज। बालिका सशक्तिकरण अभियान के ग्रीष्मकालीन सत्र का समापन समारोह आयोजित किया गया। मेजा ऊर्जा निगम ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत सेंट जोसेफ स्कूल के ऑडिटोरियम में इस कार्यक्रम का आयोजन किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एन.एन. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उन्होंने सभी को शुभकामनाएँ दीं और बालिकाओं को पढ़ने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) विवेक चंद्रा ने स्वागत संबोधन दिया। इस अवसर

पर मेजा ऊर्जा निगम के वरिष्ठ अधिकारी, अपराजिता महिला समाज की पदाधिकारी, जेम की बालिकाएँ और उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जेम की बालिकाओं ने नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी बालिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किए।इस एक महीने की कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को निखारकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और सामाजिक समानता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। मेजा ऊर्जा निगम ने यह अभियान 2019 में भारत सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल से प्रेरित होकर शुरू किया था।बालिका सशक्तिकरण अभियान का लक्ष्य लड़कियों को अधिक अवसर प्रदान कर लैंगिक असमानता को समाप्त करना है। इस अभियान के माध्यम से लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मरक्षा और जीवन कौशल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जागरूक किया जाता है। हर वर्ष परियोजना प्रभावित ग्रामों की 60 बालिकाओं को ग्रीष्मकालीन आवासीय कार्यशाला के अंतर्गत एक महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद चार लड़कियों का चयन कर उन्हें मेजा ऊर्जा निगम के स्कूल में मुफ्त और बेहतरीन शिक्षा प्रदान की जाती है।

प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल पूरे : मेजा में तीन दिवसीय जनकल्याणकारी स्वास्थ्य शिविर संपन्न

मेजा प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मेजा में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याणकारी स्वास्थ्य शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर का समापन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने किया।शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। यहां पहुंचे

मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया और निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। वक्ताओं ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लक्ष्य आमजन को बेहतर स्वास्थ वक्ताओं ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लक्ष्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को नियमित जांच कराने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया।इस दौरान बाल विकास परियोजना सहित कई अन्य स्टाल भी लगाए गए थे। मौके पर बीडीओ मेजा अमित सिंह, एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय, सीडीपीओ मेजा योगेंद्र दुबे, सुपरवाइजर मोनिका तिवारी, बृजेश यादव, जेई अनिल धुर्वे, सचिव अर्जुन सिंह, अजय यादव, मयंक शुक्ल , फूलचंद्र यादव , श्याम सूरत, शिवांगी पाण्डेय, जेई कृष्ण मुरारी यादव, सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

मंझनपुर नगर पालिका अध्यक्ष ने सड़क दुर्घटना में मृतक परिवार की आर्थिक मदद

जनसेवा करना ही है मूल मानवीय धर्म : बीरेन्द्र सरोज फौजी

स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी। जनपद में मानवीय संवेदनाओं और जनसेवा का एक सराहनीय उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब मंझनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष बीरेन्द्र सरोज फौजी सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले किशोर दीपू सरोज के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र के बनीखास गांव निवासी 16 वर्षीय दीपू सरोज की असमय मृत्यु से पूरे इलाके में शोक की लहर है, वहीं इस दुख की घड़ी में नगर पालिका अध्यक्ष का संवेदनशील कदम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस

बंधाया। उन्होंने न केवल शोक संतप्त परिवार के दर्द को समझा, बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर आगे बढ़कर 50 हजार की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इस मदद से यह स्पष्ट हुआ कि वे सिर्फ एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने वाले संवेदनशील व्यक्तित्व भी हैं। बीरेन्द्र सरोज फौजी ने इस दौरान सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि पीड़ित परिवार को शासन स्तर से मिलने वाली सभी सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द मिल सके। उनका यह प्रयास बताता है कि वे केवल तात्कालिक सहायता तक सीमित नहीं रहते, बल्कि दीर्घकालिक सहयोग के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि दीपू सरोज का इस तरह असमय चले जाना बेहद पीड़ादायक है और इस दुख की भरपाई सम्भव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति और परिवार को इस कठिन समय को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उनके शब्दों में संवेदना और व्यवहार में सहानुभूति साफ झलक रही थी। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री भास्कर सिंह, विजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजीव पाल, जगन्नाथ दिवाकर, मण्डल महामंत्री मोहित त्रिपाठी, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना जैन, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र त्रिपाठी सहित कई गणमान्य लोग और ग्रामीण भी मौजूद रहे। सभी ने नगर पालिका अध्यक्ष के इस मानवीय कदम की सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के कार्य न केवल समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं, बल्कि जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत करते हैं। बीरेन्द्र सरोज का यह प्रयास निश्चित रूप से जनसेवा की एक मिसाल बनकर उभरा है, जो आने वाले समय में अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा।

पीढ़ियों से कच्चे घरों में रहने वालों को मिला पक्का घर : धर्मराज मौर्य

राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सरकार ने युवाओं,महिलाओं और किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में निरन्तर कार्य किया है : अमरनाथ यादव

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी। जनपद मुख्यालय स्थित ब्लॉक सभागार मंझनपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा सुशासन जनकल्याण को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को मुख्यातिथि काशी क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व नगर पंचायत फूलपुर चेयरमैन अमरनाथ यादव,जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने आयुष्मान कार्ड धारकों को प्रमाणपत्र धात्री महिलाओं को पुष्टाहार की पोटली प्रदान कर सम्बोधित किया।

मुख्यातिथि अमरनाथ यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार के पिछले 12 वर्ष विश्वास,विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। 140 करोड़ देशवासियों के

आशीर्वाद और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सरकार ने युवाओं,महिलाओं और किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य किया है। इन 12 वर्षों में बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल क्रांति तक भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है।और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार आगे भी सेवा,सुशासन और समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर रहेगी। साथ सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार पूर्वक साझा किया। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि एक अदद पक्के घर की छत यह हर इंसान का सबसे बड़ा सपना होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी) ने इस सपने को करोड़ों लोगों के लिए हकीकत में बदला। भाजपा सरकार ने इसमें पारदर्शिता का बड़ा उदाहरण पेश करते हुए सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पैसा ट्रान्सफर किया। इस योजना के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में करोड़ों पक्के घर बनाये गये। कई परिवार जो पीढ़ियों से कच्चे मकानों में रहते थे, उन्हें पहली बार अपना पक्का घर मिला। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक व जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शीलू पाण्डेय, जिला महामंत्री ज्योति केसरवानी, प्रांतीय महामंत्री व्यापार मण्डल रमेश अग्रहरि, बार एसोशिएशन के महामंत्री रामनाथ चौधरी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष अरविंद केसरवानी, रामप्रवेश केसरवानी, चिकित्सक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विनय शुक्ला, प्रधानाचार्य बृजेश सिंह पटेल सहित सम्मानित पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण व्यापारीगण, प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

पुराने रंजिश में मारपीट कई घायल

स्वतंत्र भारत फाफामऊ। थरवई थाना क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव के चनई का पूरा गांव में सोमवार की रात में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर लाठी डंडे और धारदार हथियार और तमंचे से पिटाई से एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएससी बनी में भर्ती कराया। सिंगरामऊ गांव के संजय तिवारी ने थरवई पुलिस को दीं तहरीर में आरोप लगाया की पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही आधा दर्जन लोगों ने सोमवार की रात करीब साढ़े दस बजे लाठी,डंडा, धारदार हथियार, तमंचा लेकर घर के अंदर हमला कर दिया. जिससे संजय तिवारी, जितेंद्र तिवारी, करुणा शंकर तिवारी, माया देवी घायल हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पुलिस सभी घायलों को लेकर सीएससी बनी पहुंची और इलाज के लिए भर्ती कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीडीओ ने विकास खण्ड मूरतगंज की ग्राम अशरफपुर में लगाई रात्रि चौपाल

ग्रामीणों की समस्याओं का किया समाधान

स्वतंत्र भारत मूरतगंज कौशाम्बी। जनपद के विकास खण्ड मूरतगंज की ग्राम अशरफपुर में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने कल दिनांक 15 जून,2026 को रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

समझौते की राह

पश्चिम एशिया में तीन महीने से ज्यादा समय से चल रही जंग रुकने की स्थिति का दावा किया जा रहा है। अमेरिका और ईरान ने इसे लेकर समझौता होने की पुष्टि भी कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समझौते को लेकर काफी आशान्वित हैं। उन्होंने यह खबर आने के साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने की घोषणा कर दी। हालांकि समझौते पर आधिकारिक रूप से मुहर शुक्रवार को लगेगी लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के उत्साह से लगता है कि उन्हें अपनी कूटनीति तथा इस हाथ ले-उस हाथ दे की समझ पर ज्यादा भरोसा है। उनकी क्षमता पर सोचने की वजह भी है। समझौते पर ईरान के उप विदेश मंत्री द्वारा दिलवाए गए बयान में कहा गया है कि उनका देश अंतिम समझौते के लिए प्रस्तावित साठ दिनों की वार्ता अवधि में तभी प्रवेश करेगा जब वह युद्ध करने, नाकेबंदी हटाने और ईरानी 'संपत्तियों' को जारी करने संबंधी वॉशिंगटन की प्रतिबद्धताओं का सत्यापन कर लेगा। केवल यह बयान ही समझौते के भविष्य को सवालों के घेरे में ले आता है। इन तीन महीनों के दौरान जब भी किसी शांति वार्ता या युद्धविराम की बात उठी तो दोनों में से किसी एक देश द्वारा कोई ऐसा कदम उठा लिया गया कि समूची प्रक्रिया जहां की तहां रह गई और जंग एक कदम और आगे बढ़ गई। हालांकि खुद राष्ट्रपति ट्रंप किसी बात पर अपना रुख तो जाहिर करते हैं लेकिन ज्यादा समय तक उस पर टिक नहीं पाते। उदाहरण के लिए जब वह कहते हैं कि युद्ध खत्म करने या युद्धविराम को लेकर सहमति बन सकती है लेकिन अगले ही दिन इसके उलट या भ्रम पैदा करने वाला कोई और बयान दे देते हैं। समस्या केवल अमेरिकी राष्ट्रपति को लेकर ही नहीं है। बल्कि ईरान के पास भी इतनी आशंकाएं और आपत्तियां हैं कि वह किसी नतीजे तक पहुंचने के लिए अनिच्छुक दिखाई देता है। ताजा समझौते को लेकर दोनों पक्ष दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में संयम और समझदारी से काम लें तो पश्चिम एशिया का जबर्दस्त तनाव खत्म करने में मदद मिल सकती है पर इसके लिए दोनों को अपना दृष्टिकोण उदार बनाने की जरूरत होगी। इस तनाव में एक तीसरा देश इजरायल भी शामिल है जो ट्रंप की खिन्नता के कारण पिछले कुछ समय से चुप है लेकिन ईरान से उसकी दुश्मनी छिपी नहीं है। उसने ताजा समझौते से खुद के अलग रहने की घोषणा कर दी है। यानी वह टकराव जारी रखेगा। वैसे भी लंबे समय से वह ईरान को किसी न किसी तरह गहरी चोट पहुंचाता रहा है। ऐसे में देखने की बात होगी कि पश्चिम एशिया में इन तीनों देशों के बीच कौन सा समीकरण आकार लेता है। खाड़ी देशों के लिए भी जरूरी है कि अमेरिका और ईरान तनाव खत्म करें।

एक और धमाका

जोखिम के किसी भी काम में लापरवाही बरतना कभी न कभी जानलेवा साबित होता है। यह केवल वक्त की बात होती है कि हादसा कब घटता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि संबंधित लोग कितने समर्थ हैं। लखनऊ के नगराम में एक पटाखा फैक्टरी में हुआ हादसा इसी बात को एक बार फिर साबित कर गया है। समस्या यह है कि पटाखा फैक्टरियों में अक्सर जानलेवा हादसे होने के बाद भी लोग सबक नहीं लेते। जिस फैक्टरी में धमाका हुआ उसे अवैध तो नहीं कहा जा सकता क्योंकि उसका लाइसेंस था लेकिन सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही ने वहां काम कर रही एक महिला की जान ले ली। वहां अग्निसुरक्षा उपकरण नहीं थे और बिना मानक पूरे किए हुए फैक्टरी चलाई जा रही थी। ऐसी बेफिक्री के बीच वहां कुंतलों बारूद और पटाखे डंप किए गए थे। पटाखे अपने आप में बेहद नाजुक-संवेदनशील पदार्थ होते हैं। पिछले सात सालों के दौरान लखनऊ में इनके विस्फोट और उनमें लोगों की मौतें होने के बारह हादसे हो चुके हैं। यह इस व्यवसाय से जुड़े लोगों के सतर्क और सावधानी के साथ काम करने के लिए काफी होना चाहिए था लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि ऐसा नहीं हो रहा है। इसी का नतीजा नगराम हादसे के रूप में सामने आया जहां हुआ विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि मलबे के टुकड़े दो सौ मीटर दूर तक गिरे। अभी तक जितनी भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, उनमें भी यही बात सामने आई है कि पटाखे बनाने और तैयार माल का भंडारण करने में जरूरी नियमों का पालन न करते हुए एहतियात नहीं बरता गया। इसी वजह से हल्की सी चिंगारी ने भी पटाखों के तैयार माल को धधका दिया जिससे बच्चों और महिलाओं समेत काम में लगे लोगों की जानें तो गईं ही, घर की इमारतें भी खंडहर में तब्दील हो गईं। ऐसे में इन फैक्टरियों से जुड़े लोगों को तो पूरे समय सावधानी बरतने का ध्यान रखने के साथ बचाव के जरूरी इंतजाम भी करने चाहिए, संबंधित विभागों को भी बराबर निरीक्षण करते रहना चाहिए।

भीतरी बगावत है पीओके से उठी आवाज

– आनंद कुमार

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में चल रहा आंदोलन 1947 के बाद से इस क्षेत्र में पाकिस्तान के सामने खड़ी सबसे गंभीर राजनीतिक चुनौतियों में से एक है. पहली नजर में यह विवाद विधानसभा की 45 में से 12 सीटों के आरक्षण का मुद्दा प्रतीत होता है, जो उन शरणार्थियों के लिए सुरक्षित हैं, जो विभाजन के बाद भारतीय जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान चले गये थे, किंतु यह पूरा सच नहीं है. दरअसल, पीओके में जो कुछ हो रहा है, वह राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक उपेक्षा, क्षेत्रीय पहचान और पाकिस्तान की सैन्य-राजनीतिक व्यवस्था के अत्यधिक हस्तक्षेप के विरुद्ध वर्षों से जमा होते आ रहे असंतोष का विस्फोट है. यह केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि पाकिस्तान की उस व्यवस्था के विरुद्ध भीतर से उठी चुनौती है, जिसने लंबे समय से इस क्षेत्र को अपने सामरिक हितों के अनुरूप संचालित किया है।

वर्तमान आंदोलन की तात्कालिक वजह विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को खत्म करने की मांग है. ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं, जो भारतीय जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में बस गये थे. पाकिस्तान का तर्क है कि यह व्यवस्था कश्मीर के पूरे भूभाग पर उसके दावे को मजबूत करती है और विस्थापित कश्मीरियों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करती है. पर पीओके के स्थानीय निवासियों की दृष्टि में यह व्यवस्था लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का प्रतीक बन चुकी है. उनका कहना है कि विधानसभा की लगभग एक-चौथाई सीटों पर ऐसे लोग क्यों चुने जायें, जो न इस क्षेत्र में रहते हैं, न ही यहां के लोगों की समस्याओं से उनका सीधा संबंध है।

पीओके के सर्वोच्च न्यायालय ने इन सीटों को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त बताते हुए कहा है कि इन्हें समाप्त करने के लिए संवैधानिक संशोधन जरूरी होगा. पर स्पष्ट है कि यह केवल कानूनी प्रश्न नहीं, बल्कि एक गहरा राजनीतिक संकट है. मुजफ्फराबाद और रावलाकोट में हजारों लोगों का सड़कों पर उतरना, प्रतिबंधों और गिरफ्तारियों के बावजूद आंदोलन का जारी रहना इसका प्रमाण है कि यह मुद्दा आम जनता के मन में गहरी जगह बना चुका है।

इस आंदोलन के केंद्र में जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) है, जिसका गठन 2023 में हुआ था. आरंभ में यह संगठन बढ़ती बिजली दरों, गेहूं पर सब्सिडी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनांदोलन के रूप में उभरा था. पर धीरे-धीरे इस आंदोलन में राजनीतिक प्रश्न उठाये जाने लगे. अब यह संगठन राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संस्थागत सुधार और क्षेत्रीय स्वायत्तता की मांग कर रहा है. यह परिवर्तन दर्शाता है कि आर्थिक संकट ने लोगों को व्यवस्था की मूल संरचना पर प्रश्न उठाने के लिए प्रेरित किया है।

विडंबना यह है कि पाकिस्तान लंबे समय से स्वयं को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीरियों के अधिकारों का सबसे बड़ा समर्थक बताता रहा है. आत्मनिर्णय और लोकतांत्रिक अधिकारों की भाषा उसकी कश्मीर नीति का केंद्रीय तत्व रही है. किंतु आज पीओके से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वे बिल्कुल अलग कहानी कहती हैं. हजारों लोग सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे हैं, सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की गयी है, इंटरनेट सेवाएं बंद की जा रही हैं, गिरफ्तारियां हो रही हैं और मानवाधिकार संगठनों द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के आरोप लगाये जा रहे हैं. यह विरोधाभास नया नहीं है. पीओके की संवैधानिक स्थिति शुरू से ही अस्पष्ट रही है।

औपचारिक रूप से वहां अपना राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विधानसभा है, लेकिन रक्षा, विदेश नीति और अनेक महत्वपूर्ण मामलों पर नियंत्रण इस्लामाबाद का ही रहा है. समय के साथ लोगों में यह धारणा मजबूत हुई है कि उनकी संस्थाओं के पास वास्तविक अधिकार नहीं हैं और उनके भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय कहीं और लिये जाते हैं. यही असंतोष समय-समय पर आंदोलनों के रूप में सामने आता रहा है, पर इस बार उसका स्वरूप कहीं अधिक व्यापक है. इस आंदोलन का एक महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय पहचान का प्रश्न भी है. लंबे समय से यह देखा गया है कि पीओके के एक वर्ग में पाकिस्तान की राजनीतिक और सैन्य अभिजात्य व्यवस्था के प्रति असंतोष रहा है। सांस्कृतिक व भाषायी निकटता के बावजूद लोग खुद को अलग राजनीतिक पहचान के रूप में देखते हैं. मौजूदा आंदोलन इसका संकेत है कि बड़ी संख्या में लोग अपने राजनीतिक भविष्य के स्वतंत्र निर्धारक बनना चाहते हैं. आर्थिक मुद्दों ने इस चेतना को और मजबूत किया है. वर्ष 2023 और 2024 के आंदोलनों में बिजली की ऊंची दरें और सब्सिडी वाले गेहूं की कमी प्रमुख मुद्दे थे. तब लोगों ने सवाल उठाया था कि जिन क्षेत्रों में विशाल जलविद्युत परियोजनाएं हैं, जहां से पाकिस्तान को बिजली मिलती है, वहां के लोगों को ही महंगी बिजली क्यों खरीदनी पड़ती है? मंगला बांध जैसे परियोजनाओं के कारण हजारों लोग विस्थापित हुए, पर उन्हें अपेक्षित

लाभ नहीं मिला. इससे लोगों में यह भावना गहरी हुई कि विकास की कीमत उन्होंने चुकाई है, जबकि उसके लाभ कहीं और पहुंचे हैं। इस आंदोलन पर पाकिस्तान सरकार की प्रतिक्रिया भी अपेक्षित ही रही है. जेएएसी पर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत प्रतिबंध लगाया गया, उसके नेताओं को गिरफ्तार किया गया और आंदोलन को राष्ट्रविरोधी बताया गया. पर अनुभव बताता है कि केवल दमन से राजनीतिक असंतोष समाप्त नहीं होता. बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और सिंध में भी सुरक्षा-केंद्रित नीतियां मूल समस्याओं का समाधान नहीं कर सकी हैं. पीओके में भी बल प्रयोग शायद अस्थायी रूप से विरोध को दबा दे, पर उसके कारणों को समाप्त नहीं कर सकता। पीओके का संकट पाकिस्तान के व्यापक आंतरिक संकट का हिस्सा है. देश के अनेक हिस्सों में राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संघीय ढांचे और शासन की वैधता पर प्रश्न उठ रहे हैं. आर्थिक कठिनाइयों, राजनीतिक ध्रुवीकरण और सेना तथा नागरिक संस्थाओं के बीच तनाव ने एक अस्थिर वातावरण पैदा कर दिया है. ऐसे में पीओके का आंदोलन केवल एक क्षेत्रीय घटना नहीं रह जाता, बल्कि पाकिस्तान के राज्य-तंत्र और उसकी राजनीतिक संरचना पर एक व्यापक बहस का हिस्सा बन जाता है। यह स्पष्ट है कि पीओके का संकट शासन, पहचान और राजनीतिक वैधता की प्रतिस्पर्धी अवधारणाओं का संघर्ष है. यह उन लोगों की आवाज है, जो अपने भविष्य पर अधिक अधिकार चाहते हैं और लंबे समय से चली आ रही व्यवस्थाओं को चुनौती दे रहे हैं. पीओके में उठी आवाज भीतर की बगावत है, जो पाकिस्तान की राजनीति पर दूरगामी असर डाल सकती है।

।। यथार्थ गीता ।।

स्वामी अड़गड़ानंद

अथ द्वादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

अर्जुन उवाच

एवं सततयुक्ता ये भक्तास्त्वां पर्युपासते। ये चाप्यक्षरमव्यक्तं तेषां के योगवित्तमाः ।।1।।

'एवं' अर्थात् इस प्रकार जो अभी-अभी आपने विधि बतायी है, ठीक इसी विधि के अनुसार अनन्य भक्ति से जो आपकी शरण लेकर, आपसे निरन्तर संयुक्त होकर आपको भली प्रकार उपासते हैं और दूसरे जो आपकी शरण न लेकर स्वतन्त्र रूप से अपने भरोसे उसी अक्षय और अव्यक्त स्वरूप की उपासना करते हैं, जिसमें आप भी स्थित हैं- इन दोनों प्रकार के भक्तों में अधिक उत्तम योगवेत्ता कौन है? इस पर योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा-

श्रीभगवानुवाच

मय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते। श्रद्धया परयोपेतास्ते मे युक्ततमा मताः ।।2।।

अर्जुन ! मुझमें मन को एकाग्र करके निरन्तर मुझसे संयुक्त हुए जो भक्तजन परम से सम्बन्ध रखनेवाली श्रेष्ठ श्रद्धा से युक्त होकर मुझे भजते हैं, वे मुझे योगियों में भी अति उत्तम योगी मान्य हैं।

ये त्वक्षरमनिर्देश्यमव्यक्तं पर्युपासते । सर्वत्रगमचिन्त्यं च कूटस्थमचलं ध्रुवम् ।।3।। सन्नियम्येन्द्रियग्रामं सर्वत्र समबुद्धयः। ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्वभूतहिते रताः ।।4।।

जो पुरुष इन्द्रियों के समुदाय को भली प्रकार संयत करके मन-बुद्धि के चिन्तन से अत्यन्त परे, सर्वव्यापी, अकथनीय स्वरूप, सदा एकरस रहनेवाले, नित्य, अचल, अव्यक्त, आकाररहित और अविनाशी ब्रह्म की उपासना करते हैं, सम्पूर्ण भूतों के हित में लगे हुए और सबमें समान भाववाले वे योगी भी मुझे ही प्राप्त होते हैं। ब्रह्म के उपर्युक्त विशेषण मुझसे भिन्न नहीं हैं। किन्तु-

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम् ।
अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं देहवद्भिरवाप्यते ।।5।। क्रमशः...

।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।
द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

सबकी नज़र शुक्रवार को स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा समझौते पर

– अशोक भाटिया

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने और तनाव कम करने के लिए हुए प्रारंभिक समझौते पर शुक्रवार को स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होने वाले हैं। इस समझौते का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और दोनों देशों के बीच

शत्रुता को समाप्त करना है। इसके साथ ही 100 दिनों से अधिक समय तक चले युद्ध का अंत हो जाएगा । ईरान की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, परमाणु शांति समझौते के उद्देश्य से तेहरान और वाशिंगटन के बीच हुए इस समझौते का दोनों पक्षों ने स्वागत किया है। सकारात्मक घटनाक्रम के बावजूद, बेरूत में ईरान समर्थित हिज़्बुल्लाह के साथ इज़राइल की चल रही सैन्य शत्रुता के कारण अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे समझौते के खतरे में पड़ने की आशंका है। रविवार (14 जून, 2026) को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इज़राइल से आग्रह किया कि वह समझौते को न बिगाड़े, जब इज़राइल की सेना ने हिज़्बुल्लाह पर हमले किए। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाब देते हुए कहा, 'इज़राइल अपनी धरती पर गोलीबारी बर्दाश्त नहीं करेगा ।' इस घोषणा के बाद, युद्ध और तेल आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता कम होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट आई और यह 83 डालर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई विश्व नेताओं ने समझौते का स्वागत किया। मोदी ने कहा कि इस समझ के क्रियान्वयन से क्षेत्र में शांति, स्थिरता और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

ब्रेंट वायदा बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 83.33 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हो गईं, जो पिछले सप्ताह तक 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास थीं, और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी, जिसके कारण वृद्धि हुई, तुरंत हटा ली जाएगी। फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ने वाला संकरा जलमार्ग वैश्विक तेल का एक प्रमुख स्रोत है क्योंकि यह दुनिया के कच्चे तेल के प्रवाह का लगभग 20 प्रतिशत है। अमेरिका ने गारंटी दी है कि कोई नौसैनिक नाकाबंदी नहीं होगी। इसलिए ट्रंप की घोषणा के कुछ घंटे बाद ही यह घोषणा की गई कि ईरान ने भी समझौते के मसौदे पर सहमति जताई है। इसलिए पिछले कई दिनों से दोनों देश 'वे एक बात कहते हैं और वे उसे अस्वीकार करते हैं' के चक्र से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। अनिश्चितता से कुछ निश्चित का स्वागत है। ये भी स्वाभाविक है कि ईंधन की कमी से चल रहे देशों ने राहत की सांस ली है। इजरायल की जिद ने दुनिया को एक नई स्थिति में डाल दिया जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने फरवरी में ईरान पर बड़े पैमाने पर हमला किया, ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई को खत्म कर दिया और सैन्य नेतृत्व के शीर्ष अधिकारियों को काट दिया।वह विनाशकारी भी साबित हुआ। मध्य पूर्व में अमेरिका के सहयोगी अरब देश संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में इस प्रतिरोध से अधिक प्रभावित थे। यह आज भी बैठा है। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और कुवैत के तेल समृद्ध देश संयुक्त राज्य अमेरिका की अन्य पहचान थे, और ईरान ने उन्हें इस बात से अवगत कराया कि यहां से उनसे निपटना कितना मुश्किल होगा, जिनमें से प्रत्येक ईरान की विनाशकारी मिसाइलों की सीमा के भीतर आता है, और वर्तमान अमेरिकी नेतृत्व में ईरान के निर्णय लेने पर उन्हें रोकने की क्षमता या इच्छाशक्ति का अभाव है। इस मामले में भी यही सच है। इनमें से किसी भी देश के पास होर्मुज जैसे जलमार्गों की नाकाबंदी हटाने की शक्ति नहीं है। इसलिए, इन अरबों के लिए ईरान के साथ तनावपूर्ण संबंधों को शांत करना सबसे महत्वपूर्ण था। अरबों को पता है कि अगर संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान की बागडोर संभालने का फैसला करता है, तो उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान होगा। इसलिए कभी 'ईरान को न्याय के कटघरे में लाने' पर अड़े रहने वाले सऊदी शासक मोहम्मद बिन सलमान ने भी इजरायल के नरसंहार करने वाले प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू की तरह अब अपनी भाषा बदल ली है। ऐसे में सभी अरब शेख ट्रंप की अब्राहम समझौते की नई 'तुरही' से सावधान हैं। उन्हें लगता है कि अगर बिना किसी बातचीत के शांति कायम हो जाती है तो यह बहुत अच्छा है। न तो शांति समझौते और न ही इसके मसौदा समझौते में दो प्रमुख समस्याएं शामिल हैं। ईरान का परमाणु विकास कार्यक्रम और जमी हुई ईरानी संपत्ति की रिहाई। नए 60-दिवसीय युद्धविराम में इन दो मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। पिछले युद्धविराम की घोषणा अप्रैल और मई की शुरुआत में की गई थी। जैसा कि ट्रम्प अपने 80 वें जन्मदिन के भव्य अवसर पर सौदे की घोषणा करने की तैयारी कर रहे थे, उनकी सजी हुई प्लेट लेबनान पर इजरायल के हमलों से बिखर गई थी। इसलिए नाराज ट्रम्प ने अपने सहयोगी, नरसंहार नेतन्याहू को एक लाख गालियां दीं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि वह चुप रहेंगे। इज़राइल अभी भी ईरान-अमेरिका समझौते के लिए प्रतिबद्ध नहीं है। ऐसी भूमिका ली गई है। कम से कम दो पिछले मौकों पर जब शांति वार्ता अंतिम चरण में थी, नेतन्याहू ने हिज़बुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई के बहाने लेबनान पर आग लगा दी है। इसलिए, ईरान ने तुरंत बातचीत रोक दी। इज़राइल ईरान के केंद्र में होने के साथ पश्चिम एशिया में स्थायी शांति को स्वीकार नहीं करता है और न ही करेगा। इस बात की संभावना नहीं है कि नेतन्याहू अगले 60 दिनों में चुप रहेंगे। ट्रम्प हाल ही में नेतन्याहू के साथ अक्सर सार्वजनिक रूप से निराश रहे हैं; लेकिन नेतन्याहू को घेरने की उनकी क्षमता की कमी इस प्रक्रिया में अगला संभावित खतरा है। नेतन्याहू का राजनीतिक अस्तित्व दांव पर है, भले ही अगली राजनीतिक लड़ाई ट्रम्प के लिए महत्वपूर्ण हो, लेकिन उनके सिंहासन को तुरंत खतरा नहीं है। यह झूलता रहा। यदि यह लड़ाई अब कम हो रही है, तो यह नरसंहार नेतन्याहू के लिए एक अस्तित्वगत मुद्दा बन जाता है। इसलिए, स्थायी शांति या संभावित विनाश की दिशा इस बात पर आधारित होगी कि जानलेवा और भयावह नरसंहार करने वाले आगे क्या करते हैं, न कि पागल ईरानी नेतृत्व और इससे भी अधिक भोले अमेरिकी नेतृत्व पर। भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसने युद्ध या शांति प्रक्रिया में भाग लिए बिना इस अवधि में महत्वपूर्ण हताहतों का सामना किया है। ईरान के साथ हमारी कोई घनिष्ठ मित्रता नहीं है, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, और खाड़ी देशों के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, जिन्होंने वर्षों से आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध विकसित किए हैं, जिनमें से किसी ने भी भारतीय जीवन की गारंटी नहीं दी है या जीवन के नुकसान के लिए माफी नहीं मांगी है।

काँव-काँव

♦♦♦

ईरान -अमेरिका ने किया ऐतिहासिक समझौता

अब बाकी बचे देश लड़ना शुरू कर सकते हैं!

राममंदिर ट्रस्ट घोटाले में एसआईटी जांच शुरू

छोटी मछलियां फंसेंगी तभी मगरमच्छ बचेंगे!

भारत में वेलनेस अब शौक नहीं,नयी जीवनशैली

बकाया लोग मुफ्त राशन की लाइनों में लगे हैं!

नीट री-एक्जाम पेपर लीक के नाम साइबर ठगी

डिजिटल इंडियंस हर क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं!

इजरायल हमास युद्ध में मरे हज़ारों फिलिस्तीनी

न्यूटन का तीसरा नियम समय पर काम करेगा!

जनता दर्शन में उमड़ी फरियादियों की भारी भीड़

व्यवस्था विकलांग हो तो यही एक उपलब्धि है!

♦♦♦

प्रेरक प्रसंग

पिता की सीख

एक सेठ थे। उन्होंने अपने जीवन में खूब कमाई की। बाद में मोह-माया से उनका मन हट गया। वह ईश्वर की उपासना करने लगे। एक दिन एक आदमी उनके पास आया। बोलो, 'देखिये, मेरे पिता और आपके पिता बड़े मित्र थे। आपके पिता ने मेरे पिता की बड़ी मदद की उससे हमारा कारोबार जमा और हमें बहुत से धन की प्राप्ति हुई। आज भी भगवान की कृपा और आपके आशीर्वाद से हमारा व्यापार बहुत अच्छी तरह से चल रहा है'।

सेठ का उस दिन मौन था। वह चुपचाप उनकी बात सुनते रहे।

अंत में वह भाई बोले, आपके पिता का ऋण तो क्या चुका सकते हैं! लेकिन लीजिये, ये कुछ मोहरे आपकी भेंट हैं।

इतना कहकर उन्होंने मोहरों की एक थैली निकाली और उनके सामने रखकर चले गये।

जब सेठ का मौन समाप्त हुआ तो उन्होंने अपने लड़के को बुलाया और कहा, जाओ, यह थैली उस आदमी को लौटा आओ।

पिता से उस आदमी ने जो कहा था, वह बेटे ने सुना था। वह बोला, आप यह थैली क्यों वापस करवाते हैं ? वह बिना मांगे दे गये हैं। ये मोहरें हमारे काम आ जायेंगी। आखिर हमारे भी तो बाल-बच्चे हैं।

पिता यह सुनकर गंभीर हो गये, उन्होंने कहा, जिस चीज से मैंने मुंह मोड़ लिया है, तुम चाहते हो कि मैं उसी चक्कर में पड़ूं और तुम लोगों को डालूं ? यह मुझसे नहीं होगा। मैं तो बस इतना चाहता हूं कि मेरे जीवन के बचे दिन भगवद्-भक्ति में बीतें और तुम लोग अपनी मेहनत की कमाई पर आगे बढ़ो।

इतना कहते-कहते पिता की आंखों से आंसू टपकने लगे।

बेटे ने फिर कुछ नहीं कहा। वह दौड़ा हुआ गया और थैली लौटा आया।

आपका पत्र मिला

गरीब मरीजों पर दवाओं की महंगाई की दोहरी मार

एक तरफ आम आदमी पहले से ही महंगाई और बढ़ते स्वास्थ्य खर्चों से जूझ रहा है ऐसे में जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में वृद्धि उसकी सेहत ही खराब करेगी।कैंसर की दवाओं, एंटी-टेटनस सीरम और बच्चों के कुछ टीकों की कीमतों में पचास प्रतिशत तक बढ़ोतरी गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के लिए सचमुच ÷दुबले पर दो आषाढ़÷ जैसी स्थिति पैदा करती है। जिन परिवारों के लिए रोजमर्रा का खर्च चलाना ही कठिन है उनके लिए इलाज का अतिरिक्त बोझ असहनीय बन सकता है।हालांकि सरकार और दवा मूल्य निर्धारण प्राधिकरण का तर्क है कि उत्पादन लागत बढ़ने और आपूर्ति बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक है लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं का सामाजिक पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि जीवनरक्षक दवाएं आम लोगों की पहुंच से बाहर हो जाएं तो उनका उपलब्ध होना भी निरर्थक साबित होगा। गरीब मरीजों को केवल दवाओं का ही नहीं बल्कि जांच, अस्पताल, यात्रा और रोजगार छूटने जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।भारत जैसे देश में स्वास्थ्य सेवा को बाजार की वस्तु नहीं की बजाय बुनियादी अधिकार के रूप में देखा जाना अधिक जरूरी है। सरकार को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त या रियायती दर पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का दायरा बढ़ाकर महंगी दवाओं को भी उसमें शामिल किया जाना चाहिए।दवाओं की उपलब्धता और उनकी किफायत दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। नीति का लक्ष्य ऐसा संतुलन बनाना होना चाहिए, जिससे कंपनियों का उत्पादन भी प्रभावित न हो और गरीब मरीजों का उपचार भी बाधित न हो। यही संवेदनशील और न्यायपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था की पहचान होगी।इससे कमज़ोर वर्गों को बड़ी मदद मिलेगी।

अमृतलाल मारू रवि
वाया ई-मेल

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू में सफलता के लिए अपनाएं ये टिप्स

हमारे देश में कई ऐसी भर्तियां होती हैं जिनमें ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू राउंड का आयोजन किया जाता है। ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से स्किल्स का पता लगाते हैं और उनके अंदर के होना और टैलेंट की जांच परख करते हैं। अक्सर देखा जाता है कि अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/ रिटेन टेस्ट में तो आसानी से सफलता प्राप्त कर लेते हैं लेकिन वे ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू के समय अन्य उम्मीदवारों से पीछे रह जाते हैं और नौकरी हासिल करने में पीछे छूट जाते हैं। अगर आपके साथ ही ऐसा ही कुछ है तो हम यहां कुछ ऐसी जरूरी बातें बता रहे हैं जिनको फॉलो करके आप ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे और अवश्य ही नौकरी पाने का सपना आसानी से पूरा कर सकेंगे।

ओवर कॉन्फिडेंस से बचें : ऐसा देखने में आता है कि आपको जिस विषय पर चर्चा हो रही है और पता उसके बारे में पता नहीं है फिर भी ओवर कॉन्फिडेंस के चलते आप उसकी शुरुआत कर देते हैं। इसके बाद आपको आगे चलकर दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है जिससे अवश्य ही आपके अंकों में कटौती हो जाएगी। इसलिए अगर आपको किसी विषय के बारे में पूरी जानकारी न हो तो आप उस पर खुद पर कंट्रोल रखें।

प्वॉइंट पर करें बात : अगर आपका प्वाइंट अच्छा है और सबके सामने रख सकते हैं तो तुरंत ही उसे बोल दें, क्योंकि हो सकता है कि आपके दिमाग में जो अच्छा बिंदु आया है वही थोड़े समय बाद कोई और बोल दें। इसके साथ अपना प्वाइंट तभी रखें जब आपको उसके बारे में पूरी जानकारी हो और बातों को इधर-उधर न घूमाएं।

दूसरों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनें : -
अगर आप ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू में शामिल हो रहे हैं तो उस दौरान केवल खुद ही न बोलते रहें, हर किसी को बोलने का मौका दें। इसके साथ ही जब कोई दूसरा बोल रहा हो तो उसकी बात बिल्कुल नहीं काटें। जब बात पूरी हो जाए तभी उसका जवाब दें।

तैयारी के लिए लगातार पढ़ते रहें : इंटरव्यू की तैयारी के लिए आपको लगातार अध्ययन करना जारी रखना होगा। इसके माध्यम से आप हर समस्या या इश्यू से अवगत रहेंगे और अच्छे से इंटरव्यू की तैयारी कर सकेंगे। आपको अन्य चीजों साथ करेंट अफेयर्स पर लगातार नजर बनाये रखनी है। यह इंटरव्यू के समय बहुत उपयोगी साबित होगा, क्योंकि अक्सर देखा गया है कि सवाल का सिलसिला करेंट अफेयर्स से ही जुड़ा होता है।

डिजिटल सेक्टर के क्षेत्र में ऐसे बनाएं अपना भविष्य

देश में सरकारी जॉब्स का कल्चर दशकों से लोगों के जेहन में बसा हुआ है। 10वीं-11वीं कक्षा से ही युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना शुरू कर देते हैं लेकिन सरकारी नौकरी मिलने का प्रतिशत बहुत कम होता जा रहा है क्योंकि देश की जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन आपको पता है कि सालों साल सरकारी नौकरी की तैयारी करने के बाद ओवरएज हो चुके लाखों उम्मीदवार आज के समय में प्राइवेट कंपनियों में नौकरी करने को मजबूर हैं। अगर उन्होंने ग्रेजुएशन के बाद से ही डिजिटल सेक्टर में करिअर बनाने की सोची होती तो आज के समय में 12-15 लाख रुपये सालाना हासिल कर रहे होते।

इसलिए आप भी ग्रेजुएट हैं और किसी शॉर्ट टर्म कोर्स के जरिए अपना कॅरिअर बनाने की सोच रहे हैं तो सफलता के एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग की मदद से आप कुछ ही महीनों में लाखों के पैकेज की नौकरी हासिल कर सकते हैं। 6 महीने का ये कोर्स आपके लिए डिजिटल मार्केटिंग इंडस्ट्री में नौकरियों के कई दरवाजे खोल देगा।

एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग
डिजिटल मार्केटिंग ई बुक
डिजिटल मार्केटिंग मॉक टेस्ट

सोशल मीडिया मैनेजर : हर कंपनी के लिए आज के समय में एक सोशल मीडिया मैनेजर रखना बहुत जरूरी हो गया है। सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया ट्रेंड्स, कंटेंट क्रिएशन, कंटेंट स्ट्रेटजी, कम्प्टीटर एनालिसिस और उपभोक्ताओं के बारे में रिसर्च जैसे काम करता है। एक सोशल मीडिया मैनेजर की शुरूआती औसत सैलरी 4 लाख रुपये सालाना होती है।

एसईओ एग्जीक्यूटिव :
किसी भी वेबसाइट के लिए आज के समय में जरूरी है कि वह गूगल पर उससे संबंधित सर्च करने पर दिखाए गए रिजल्ट्स में पहले पायदानों पर आए।
हर कंपनी के लिए एसईओ एग्जीक्यूटिव यह काम करता है। वेबसाइट के एसईओ पर काम करके वह वेबसाइट और उसके कंटेंट को टॉप सर्च में लेकर आता है।

पीपीसी एक्सपर्ट्स :
हरेक कंपनी के विभिन्न पैड कैंपेन्स को पे पर क्लिक एक्सपर्ट् प्रबंधित करते हैं। इनका काम कंपनी की केपीआईएस देखना और जरूरी रिपोर्ट्स तैयार करना है। ये एक्सपर्ट्स टारगेट ऑडियंस को लक्षित करके बेहतर पैड माध्यमों के इस्तेमाल से कंपनी की सेल बढ़ाने का काम करते हैं।

कंटेंट मार्केटर:
किसी भी ई-कॉमर्स कंपनी में कंटेंट मार्केटर का रोल बहुत अहम होता है। क्योंकि यही कंटेंट मार्केटर विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों में कंटेंट तैयार कर लोगों तक पहुंचाते हैं। जिससे ब्रांड की आइडेंटिटी तैयार होती है। इनके कामों में कंपनी नियमों के आधार पर आकर्षक डिस्कवरेबल कंटेंट को तैयार करना होता है।

ई कॉमर्स मैनेजरः एक ई कॉमर्स मैनेजर एक वेबसाइट के लुक और डिजाइन को तैयार कराता है। ये वेब डिजाइन एजेंसीज के साथ मिलकर काम करते हैं। इनका काम ग्राहकों के बेहतर अनुभव के लिए शानदार डिजाइन तैयार कराना होता है। ताकि संबंधित कंपनी का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आसानी से इस्तेमाल करने योग्य बनाया जा सके।

कॅरियर अलर्ट

एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट में 379 पदों पर भर्ती

इंडियन एयरफोर्स में ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (AFCAT) इसका बेहतरीन रास्ता है। अभी इसके फॉर्म भी निकले हुए हैं।स्नष्टञ्ज 02/2026 के जरिए फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल, नॉन टेक्निकल) दोनों ब्रांचों में 379 पदों वैकेंसी निकाली गई हैं। ऐसे में जो भी कैंडिडेट्स वायुसेना में भर्ती होने के इच्छुक हैं, वो अप्लाई कर सकते हैं। एप्लिकेशन की विंडो 19 जून को बंद हो रही है। इस तारीख तक या इससे आप कभी भी आधिकारिक वेबसाइट afcat.edcil.co.in पर फॉर्म भर सकते हैं।

बिहार पुलिस ASI भर्ती

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (BPSSC) द्वारा सहायक अवसर निरीक्षक (तकनीकी) के पदों पर आवेदन लिए जा रहे हैं। जो अभ्यर्थी पुलिस की सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए यह भर्ती महत्वपूर्ण हो सकती है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के 22 पदों पर वैकेंसी आई है। जिन अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलीटेक्निक संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स एंव कम्युनिकेशन या इलेक्ट्रॉनिक्स एंव टेली कम्युनिकेशन/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी/इलेक्ट्रीकल एंव इलेक्ट्रॉनिक्स में से किसी एक विषय में तीन सालों का डिप्लोमा कोर्स में कम से कम 50 प्रतिशत अंक हासिल हों। (एससी/एसटी सदस्यों के लिए 45 प्रतिशत अंक भी मान्य होंगे), वो अप्लाई कर सकते हैं।

इंडियन नेवी बीटेक एंट्री

?इंडियन नेवी में जेईई मेन 2026 वालों के लिए स्पेशल एंट्री निकली है। नेवी ने 10+2 बीटेक कैडेट एंट्री स्कीम (परमानेंट कमीशन) कोर्स -जनवरी 2027 के लिए 60 रिक्तियां घोषित की हैं। जिन कैंडिडेट्स ने फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ (क्वह्रू) स्ट्रीम में न्यूनतम 70 प्रतिशत कुल नंबर हासिल किए हैं। साथ में उनके 10वीं और 12वीं में 50 प्रतिशत अंक हों और जेईई मेन 2026 (बीई/बीटेक) एग्जाम क्वलिफाई किया हो, वो अप्लाई कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को बिना किसी लिखित परीक्षा के जेईई रैंक के आधार पर एसएसबी शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। नौसेना की इस एंट्री में अभ्यर्थी लास्ट डेट 18 जून 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं।

एसएससी सीजीएल 2026

स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने एसएससी सीजीएल वैकेंसी की भी घोषणा कर दी है। इस साल 12256 पदों पर रिक्तियां निकली हैं। जिसके लिए ग्रेजुएट कैंडिडेट्स एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर लास्ट डेट 22 जून 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं। वहीं एप्लिकेशन फीस 23 जून 2026 तक भरी जा सकेगी। सीजीएल टियर I अगस्त/सितंबर 2026 में आयोजित किया जा सकता है। वहीं इस साल से सीजीएल के एग्जाम में सेक्शनल टाइमिंग लागू होगी। टियर में हर सेक्शन के लिए 15 मिनट का समय मिलेगा।

यूपीएसएसएससी लोअर पीसीएस भर्ती

यूपी में सरकारी नौकरी पाने की बढ़िया अपॉर्चुनिटी है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लोअर पीसीएस के 2516 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा के जरिए निदेशालय कोषागार, सहकारी समितियां, कृषि उत्पादन मंडी, नगर निकाय निदेशालय,परिवार कल्याण महानिदेशालय समेत विभिन्न विभागों में भर्ती की जाएगी। जिन भी उम्मीदवारों के पास ग्रेजुएशन की डिग्री और पीईटी 2025 स्कोरकार्ड है, वो इस भर्ती में अप्लाई कर सकते हैं। हालांकि पदानुसार अलग-अलग योग्यता भी तय की गई है। इस वैकेंसी में आवेदन की प्रक्रिया 29 मई से 18 जून 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट upsssc.gov.in पर चलेगी।

घर से काम करने का बेहतर विकल्प है, ये नौकरियां

लोग अब ऑफिस के बजाय ऐसी नौकरी की खोज में ज्यादा रहते हैं जिसमें वर्क फ्रॉम होम का कल्चर बरकरार हो। अगर आप भी वर्क फ्राम होम यानि के घर से काम करना चाहते हैं तो इस क्षेत्र में कुछ ऐसी फील्ड हैं जिनमें अभी भी लगातार वर्क फ्रॉम होम कल्चर चल रहा है और शायद ये आगे भी ऐसे ही लगातार चलता रहेगा। इन क्षेत्रों में आप काम करके घर से काम करने के साथ ही बेहतर सैलरी भी प्राप्त कर सकते हैं। **कंटेंट राइटर्स :** यह एक ऐसा पेशा है जिसकी जरूरत हर छोटी बड़ी कंपनी को पड़ती है। कंटेंट राइटर्स के लिए न्यूज वेबसाइट, यू-ट्यूब, एजुकेशन के क्षेत्र सहित मार्केटिंग, एडवरटाइजिंग सहित हर क्षेत्र में इनके लिए जॉब्स उपलब्ध हैं। कंटेंट क्रिएटर्स के लिए विभिन्न कंपनियां अपने लिए लिखने के लिए पार्ट टाइम और फुल टाइम हायर करती हैं। यह आपको बेहतर नौकरी के साथ ही अच्छा वेतन भी प्रदान करते हैं। कुछ क्षेत्रों की कंपनियां तो 5 डेज वर्किंग का भी ऑप्शन देती हैं। तो आपको अगर लिखना आता है फिर चाहे वो हिंदी हो या अंग्रेजी आप इस क्षेत्र में घर बैठे ही नौकरी कर सकते हैं।

ऑनलाइन टीचिंग : कोविड-19 के साथ ही एक और चीज आयी और वो है ऑनलाइन टीचिंग। अब आप ऑनलाइन माध्यम से टीचिंग के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। ट्यूशन देने के साथ ही आप वेबसाइट बनाकर या यूट्यूब पर चैनल बनाकर भी इस क्षेत्र में करियर बनाकर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

सॉफ्टवेयर डेवलपर : सॉफ्टवेयर डेवलपर का काम सॉफ्टवेयर को बनाने, उसकी छोटी से लेकर बड़ी गलतियों तक को सही करने का काम होता है। अगर आप इस क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं तो इसमें कंपनियां पार्ट टाइम और फुल टाइम दोनों ही प्रकार से वर्क फ्रॉम होम माध्यम यानि कि रिमोटली माध्यम में जॉब देती हैं। **डाटा एंट्री :** आज-कल विभिन्न कंपनियां डाटा एंट्री के लिए उम्मीदवारों को हायर करती हैं। वे उन्हें घर से काम करने का मौका देती हैं और साथ ही अपनी तरफ से कंप्यूटर, लैपटॉप भी काम करने के लिए प्रदान करती हैं। इसमें आप अपने हिसाब से काम को कर सकते हैं। इस क्षेत्र में जॉब पाने के लिए किसी खास तरह की एजुकेशन की भी जरूरत नहीं होती है बस आपको कंप्यूटर का ज्ञान और टाइपिंग का ज्ञान होना चाहिए। **फ्रीलांस राइटर :** अगर आप क्रिएटिव फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो ऐसे में बतौर फ्रीलांस राइटर लिख सकते हैं। एक फ्रीलांस राइटर के रूप में आप कहीं से भी ब्लॉग, आर्टिकल या किताबें लिख सकते हैं। अपनी राइटिंग स्किल्स के दम पर ना केवल आप अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं, बल्कि इसमें आपको किसी अन्य व्यक्ति की दखलअंदाजी की जरूरत नहीं होती है। **वित्तीय सलाहकार-** आजकल, वित्तीय जानकारी लगभग पूरी तरह से ऑनलाइन उपलब्ध है - चाहे वह बैंक खाते हों, क्रेडिट कार्ड हों, चालान हों या ऑर्डर फॉर्म हों - जिसका अर्थ है कि वित्त क्षेत्र में काम करने वाला व्यक्ति ज्यादातर अपने कंप्यूटर का उपयोग करके संख्याओं का विश्लेषण करेगा।
खास तौर पर वित्तीय सलाहकारों के लिए दूर से काम करने की अच्छी संभावना होती है। आप कंप्यूटर तकनीक के माध्यम से अपने ग्राहकों का दायरा बढ़ा सकते हैं, या किसी कंपनी के लिए आंतरिक रूप से काम कर सकते हैं। दोनों ही तरीकों से, वित्तीय सलाहकारों को आमतौर पर काम पूरा करने के लिए कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होती है। यदि आप वित्तीय जगत के बारे में अधिक जानना चाहते हैं और इस क्षेत्र में एक अग्रणी बनना चाहते हैं, तो यूएससी मार्शल स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए करने या यूएससी विटरबी से वित्तीय इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ साइंस करने पर विचार करें। यह एक अंतःविषयक कार्यक्रम है जो छात्रों को गणित और इंजीनियरिंग कौशल का उपयोग करना और उन्हें वित्त में लागू करना सिखाने के लिए वित्त, अर्थशास्त्र और सांख्यिकी को जोड़ता है।

भाषा शिक्षक- पहली नजर में, शिक्षण एक ऐसा काम लगता है जिसके लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना आवश्यक होगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि बहुत से लोग छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाने के लिए तैयार हैं, खासकर जब बात अन्य भाषाओं को पढ़ाने की हो।

अभ्यास

1. निम्न में से किस दिन हर साल अंतर्राष्ट्रीय पारिवारिक धन प्रेषण दिवस मनाया जाता है?
(क) 13 जून
(ख) 14 जून
(ग) 15 जून
(घ) 16 जून
उत्तर- (घ)

2. निम्न में से किस भारतीय को जीव विज्ञान में असाधारण योगदान के लिए EMBO गोल्ड मैडल 2026 से सम्मानित किया गया?
(क) नेहा सक्सेना
(ख) तरुण महेश्वरी
(ग) गौतम डे
(घ) अनुपम मिश्रा
उत्तर- (ग)

3. निम्न में से किस स्थान पर ग्लोबल चेस लीग के चौथे संस्करण का आयोजन किया जाएगा?
(क) पटना
(ख) बेंगलुरु
(ग) जैसलमेर
(घ) भोपाल
उत्तर- (ख)

4. निम्न में से किसे श्रम आँकड़ों पर उच्च-स्तरीयत तकनीकी विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
(क) अलख एन. शर्मा
(ख) तनवी गुप्ता
(ग) अंकिता शर्मा
(घ) मनवीर सिंह
उत्तर- (क)

5. निम्न में से किसे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के नए सैन्य सलाहकार नियुक्त किया गया है?
(क) बलवीर सिंह
(ख) अनिकेत सिंह
(ग) एन एस राजा सुब्रमणि
(घ) राजीव घई
उत्तर- (घ)

पहली ही बार में जज बनने का सपना कैसे करें पूरा?

अगर आप जज बनना चाहते हैं और यह सपना पहले प्रयास में पूरा करना चाहते हैं, तो आपको एक सही रणनीति के साथ लगातार मेहनत करनी होगी। यहां दृष्टि आईएएस के चीफ एकेडमिक ऑफिसर रबमीत कौर ने बहुत ही आसान भाषा में कुछ ऐसे सुझाव दिए हैं, जो आपके सपने को साकार करने में बेहद मददगार हो सकते हैं।

परीक्षा के तीन चरण
ज्यूडिशियरी की परीक्षा मुख्य रूप से तीन चरणों में होती है - पहला है प्रिलिम्स, जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाते हैं। दूसरा चरण मेंस होता है, जो लिखित परीक्षा होती है और इसमें विषय की गहराई से समझ को परखा जाता है। तीसरा और अंतिम चरण इंटरव्यू का होता है, जहां आपके सोचने के तरीके, आत्मविश्वास और कानूनी जानकारी को जांचा जाता है।

सिलेबस और किताबें - कम लेकिन प्रभावी
हर राज्य का सिलेबस थोड़ा अलग हो सकता है, लेकिन अधिकांश परीक्षाओं में भारतीय दंड संहिता, सिविल प्रक्रिया संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, साक्ष्य अधिनियम और संविधान से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। बेहतर होगा कि आप ढेरों किताबें पढ़ने के बजाय, हर विषय का बेयर एक्ट पढ़ें। ये बेयर एक्ट न केवल आपके सभी कान्सेप्ट्स को स्पष्ट करेंगे, बल्कि आपके लिए बाइबिल और गीता की तरह उपयोगी सिद्ध होंगे। जब आपकी इन बेयर एक्ट्स पर बहुत अच्छी समझ और कमांड हो जाए, तब आप कोई भी रेफरेंस बुक पढ़ सकते हैं – लेकिन इसकी आवश्यकता शायद ही पड़े। बेयर एक्ट के अलावा, आप बाजार से कोई भी MCQ वाली किताब ले सकते हैं, किंतु यह ध्यान रखें कि उस किताब में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्न हों उनके विस्तार से व्याख्या हो नए कानूनों के सेक्शन सम्मिलित हों और प्रासंगिक केस लॉ भी दिए गए हों यह सब आपकी तैयारी को और मजबूती प्रदान करेंगे। मेंस के लिए आंसर राइटिंग की प्रैक्टिस करें। मेंस परीक्षा की तैयारी के लिए उत्तर लेखन का अभ्यास जरूरी है। रोज़ाना 1-2 उत्तर खुद से लिखने से आपकी स्पीड भी बढ़ेगी और जवाबों की गुणवत्ता भी।

करेंट अफेयर्स और जनरल नॉलेज की भी होनी चाहिए गहरी समझ- केवल विधिक विषयों का अध्ययन पर्याप्त नहीं होता, बल्कि एक न्यायिक अभ्यर्थी के लिए लीगल करेंट अफेयर्स और सामान्य ज्ञान की भी सम्यक जानकारी अत्यंत आवश्यक होती है। यह न केवल आपके दृष्टिकोण को व्यापक बनाता है, बल्कि इंटरव्यू जैसे चरण में आपके चिंतन और सामाजिक समझ को भी परखता है। इसके लिए आप प्रतिदिन कोई श्रेष्ठ समाचार-पत्र पढ़ें। इसके साथ-साथ, बाजार में उपलब्ध अच्छी मासिक पत्रिकाओं का भी मदद लें।

-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

दैनिक पंचांग लखनऊ
बुधवार, 17 जून 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे तृतीया तिथौ बुध वासरे 21/40/ पुनर्वसु नक्षत्रे 13/38/ ध्रुव योग 20/51/ तैतिल करणे 11/13/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं.08मि.14पर।

व्रत एवं त्यौहार- श्री महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती। हिजरी मोहर्रम 09वां माह शुरू। हिजरी सन् 1448 शुरू।

मेष : परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी।

वृष : श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यों पर व्यय होगा।

मिथुन : शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे।

कर्क : परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

सिंह : निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्या : व्यवसयिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा।

तुला : सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

वृश्चिक : सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी।

धनु : विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा।

मकर : सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थति में सुधार होगा।

कुंभ : सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

मीन : जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले

यूपीएससी इंटरव्यू में होना है सफल, तो इन बातों का रखें ध्यान

यूपीएससी इंटरव्यू एक सिलेक्शन प्रोसेस है जो इंडियन सिविल सर्विसेज के लिए उम्मीदवारों का सिलेक्शन करता है। यह पूरी परीक्षा का सबसे आखिरी और बेहद अहम चरण होता है। ज्यादातर उम्मीदवार इसी चरण में असफल हो जाते हैं। लेकिन अगर इंटरव्यू की तैयारी बेहतर हो तो उम्मीदवार आसानी से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हम इस लेख में हम इंटरव्यू के लिए कुछ जरूरी टिप्स के विषय में बात कर रहे हैं जो इंटरव्यू में सफलता के लिए आपकी मदद कर सकते हैं। **पॉजिटिव रहें :** इंटरव्यू के समय पॉजिटिव रहना बहुत जरूरी है। सेल्फ कॉन्फिडेंस और खुशमिजाजी के साथ बात करें। यह आपके पर्सनलाइजेशन और डेडिकेशन के लिए महत्वपूर्ण होता है।

स्पेशलाइजेशन : अपने स्पेशलाइजेशन और उसकी नॉलेज को अच्छे ढंग से पैनल के सामने रखें और उसे अच्छे से समझाएं। **समाचार और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान दें :** आपको राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचार के बारे में पता होना चाहिए। सामाजिक मुद्दों को समझें और उन पर विचार करें। आपको हमेशा अप-टू-डेट रहने की जरूरत है।

सेल्फ रिव्यू : अपनी कमजोरियों और जनरल नॉलेज में सेल्फ रिव्यू करें और उन्हें सुधारने का प्रयास करें। मोरल और सोशल वैल्यू पर ध्यान दें - पीएससी उम्मीदवारों से मोरल और सोशल वैल्यू से संबंधित बातचीत की जाती है, इसलिए इसे समझें और सही तरीके से आंसर दें।

प्रेजेंटेशन : अच्छी प्रेजेंटेशन कैपेसिटी बहुत जरुरी होती है। आपके विचारों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना महत्वपूर्ण है। एक अच्छे प्रेजेंटेशन से आप अपने विचारों को स्पष्टता से प्रस्तुत कर सकते हैं और रिव्यूअर पर पॉजिटिव इमेज बना सकते हैं।

स्वास्थ्य का ध्यान रखें : इंटरव्यू से पहले स्वास्थ्य का ध्यान रखें, ताकि आप हाई स्पिरिट के साथ पहुंच सकें। अगर आप इन बेहद आसान टिप्स को ध्यान में रखते हैं तो आपको यूपीएससी के इंटरव्यू में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

गाजीपुर/जौनपुर/मऊ

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकासखंड में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

सिकरारा जौनपुर। विकासखंड सिकरारा सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड प्रमुख संजय सिंह धीरु ने की, जबकि पूर्व प्रमुख सिकरारा एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ब्रह्मदत्त गिरी, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, डॉ. देवी प्रसाद सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) ब्रह्मजीत सिंह ने किया। सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) कृष्ण कुमार मिश्र ने विकासखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं, उनकी उपलब्धियों तथा लाभार्थियों को मिल रहे लाभों की विस्तृत जानकारी दी। कृषि एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने भी विभागीय योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रमुख संजय सिंह धीरु ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने विकासखंड में संचालित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। इस दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

ट्रक का टायर फटने से बालू में दब कर ट्रक चालक की मौत

स्वतंत्रभारत मऊ। कोपागंज थाना क्षेत्र के रेवड़ी डीह फोरलेन के पास ट्रक का टायर फटने से ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा जिसमें चालक की बालू में दब कर घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई ।बताया जाता है कि नवीन पुत्र छोटेलाल 25 वर्ष गगहा थाना कौड़ीराम जनपद गोरखपुर का निवासी था वह ट्रक चलाने का काम करता था सोमवार और मंगलवार की मध्य रात्रि लगभग 12ः30 बजे ट्रक में बालू लादकर गोरखपुर जा रहा था अभी वह मऊ जनपद के कोपागंज थाना क्षेत्र रेवड़ी डीह के पास पहुंच ही था कि अचानक ट्रक का टायर फट गया जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा और ट्रक चालक पूरी तरह से बालू में दब गया। स्थानीय लोग जब तक पहुंच पाते और उसे बाहर निकलते तब तक चालक की मौत हो चुकी थी स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष रोहन सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली पहुंचा तो चालक की मौत हो चुकी थी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए सभी विभाग करें प्रभावी प्रयास : जिलाधिकारी

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर राजस्व की मासिक समीक्षा बैठक, एंटी भू-माफिया अभियान की समीक्षा तथा विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व प्राप्ति, भूमि विवादों के निस्तारण और सरकारी भूमि की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कर एवं करेत्तर राजस्व की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आबकारी, राज्य कर, परिवहन, वन, खनन समेत विभिन्न विभागों के कार्यों का मूल्यांकन किया। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए प्रभावी एवं ठोस प्रयास करें। साथ ही बड़े बकाएदारों के विरुद्ध सख्त वसूली कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। एंटी भू-माफिया अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि शनिवार एवं रविवार की रात्रि में सरकारी भूमि पर होने वाले संभावित अवैध कब्जों को रोकने के लिए रोस्टरवार राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जाए। नायब तहसीलदार, तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कब्जे की सूचना मिलते ही तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने पूर्व से गठित एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स को पुनः सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालय के आदेश पर की गई पत्थरगड्डी को हटाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा प्रत्येक माह उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के संयुक्त प्रयास से भूमि विवादों एवं अतिक्रमण से जुड़े मामलों के निस्तारण पर जोर दिया गया। बैठक में लंबित राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उनके शीघ्र एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ठ, अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भूतपूर्व विधायक पं. भगौतीदीन तिवारी की स्मृति में स्मृति द्वार का निर्माण

तेजी बाजार जौनपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भूतपूर्व विधायक, गांधीवादी विचारक एवं प्रख्यात शिक्षाविद् पं. भगौतीदीन तिवारी की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से बदलापुर विधानसभा क्षेत्र में एक भव्य स्मृति द्वार का निर्माण कराया गया है। यह स्मृति द्वार बदलापुर के वर्तमान विधायक पं. रमेश चंद्र मिश्र के प्रयासों से तेजी बाजार चौराहा से लोहिंदा मार्ग पर स्थापित किया गया है। इस पहल से क्षेत्रवासियों में प्रसन्नता का वातावरण है तथा लोगों ने इसे स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व ग्राम अटरा (शंकरगढ़) के प्रवेश द्वार पर पूर्व प्रधान धनंजय तिवारी के प्रयासों से भी पं. भगौतीदीन तिवारी की स्मृति में एक स्मृति द्वार का निर्माण कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त जय हिंद इंटर कॉलेज, तेजी बाजार के प्रांगण में उनकी प्रतिमा स्थापित है, जो उनके राष्ट्रसेवा, शिक्षा एवं समाजोत्थान के कार्यों की सतत स्मृति कराती है। पं. भगौतीदीन तिवारी, आत्मज राम स्वरूप तिवारी, ग्राम अटरा (शंकरगढ़), बक्सा, जौनपुर के निवासी थे और स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी सेनानियों में गिने जाते हैं। वर्ष 1941 के कांग्रेस आंदोलन में उन्हें एक वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 रुपये जुर्माने अथवा अतिरिक्त तीन माह के कठोर कारावास का दंड मिला था। वे उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी रहे। उन्होंने अपने जीवनकाल में दो दर्जन से अधिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे अनेक रियासतों के विधिक सलाहकार (अधिवक्ता) रहे तथा गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित होकर भूदान आंदोलन समिति के अध्यक्ष के रूप में भी समाजहित के कार्यों में सक्रिय रहे। इस अवसर पर उनके प्रपौत्र डॉ. राजन तिवारी ने स्मृति द्वार के निर्माण से जुड़े सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, क्षेत्रवासियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

खबर एक नज़र

औषधि गोदामों की जांच तेज

स्वतंत्रभारत मऊ। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने थोक दवा प्रतिष्ठानों के सत्यापन अभियान के तहत घोसी स्थित एस.डी. मेडिसिन सेंटर का निरीक्षण किया। जांच में आवश्यक अभिलेख एवं सक्षम व्यक्ति से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। तीन संदिग्ध दवाओं के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। फर्म को छह कार्य दिवस में अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित

स्वतंत्रभारत मऊ। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कम्युनिटी हॉल में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय एवं जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट वितरित की। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना विकास तथा कानून-व्यवस्था में सुधार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में अतिथि व्याख्याताओं के लिए आवेदन आमंत्रित

स्वतंत्रभारत मऊ। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत शैक्षिक सत्र 2026-27 में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग हेतु विषय विशेषज्ञों एवं अतिथि व्याख्याताओं का चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 26 जून 2026 तक जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय या अभ्युदय कोचिंग संस्थान, जीजीआईसी मऊ में आवेदन जमा कर सकते हैं। चयनित व्याख्याताओं को प्रति व्याख्यान 2,000 मानदेय दिया जाएगा।

रोजगार मेले में 262 युवाओं का चयन

स्वतंत्रभारत मऊ। जिला सेवायोजन कार्यालय सहादतपुरा में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में 1585 बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया। निजी क्षेत्र की कंपनी सीआर-3 प्राइवेट लिमिटेड (रोशनी इंटरप्राइजेज) द्वारा विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया। चयन प्रक्रिया के बाद 262 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा कंपनियों को योग्य मानव संसाधन उपलब्ध कराना है।

प्रदेश विजेता बनकर लौटी प्राथमिक विद्यालय कइया की टीम सम्मानित

स्वतंत्रभारत मऊ। विकास खंड रतनपुरा के प्राथमिक विद्यालय कइयाँ में मंगलवार को एक गरिमामय समारोह का आयोजन कर हाल ही में सम्पन्न हुई राज्य स्तरीय पी.टी. प्रतियोगिता एवं अन्य प्रतियोगिताओं में विजेता रही। विद्यालय की छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा। विद्यालय की छात्राओं ने जनपद व मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जनपद मऊ का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह में विजेता टीम की सभी छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

खाद्य एवं रसद विभाग में तबादले

स्वतंत्रभारत मऊ। खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर हुए तबादलों के तहत मऊ के दो क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों और तीन आपूर्ति निरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी देवी प्रसाद विश्वकर्मा को वाराणसी तथा अरुण प्रकाश यादव को अयोध्या भेजा गया है। वहीं आपूर्ति निरीक्षक हर्षिता राय, जय नारायण यादव और कुमार सौरभ सिंह का क्रमशः गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया तबादला हुआ है। उनके स्थान पर गाजीपुर से प्रवीण कुमार गुप्त तथा संत कबीर नगर से अश्वनी कुमार श्रीवास्तव मऊ आ रहे हैं। तीन निरीक्षकों के स्थानांतरण के मुकाबले केवल दो की तैनाती होने से विभाग में एक पद रिक्त रहेगा।

लोक कल्याण मेले में योजनाओं की दी जानकारी

स्वतंत्रभारत मऊ। नगर पंचायत घोसी परिसर में आयोजित लोक कल्याण मेले में पथ विक्रेताओं, रेहड़ी-पटरी संचालकों एवं आम नागरिकों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि 1 से 30 जून तक चल रहे विशेष अभियान के तहत पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा रहा है। मेले में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, डिजिटल भुगतान प्रशिक्षण तथा खाद्य सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कर्मचारियों ने लाभार्थियों को आवेदन प्रक्रिया और योजनाओं की पात्रता की जानकारी भी दी।

ग़ाज़ीपुर के फुटबॉल खिलाड़ी अब बंगाल से खेलेंगें

स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर। कोलकाता ऐतिहासिक मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब में नई कमेटी ने कार्यभार संभाल लिया है। सबसे चौंकाने वाली नियुक्ति हुमायूं कबीर (विधायक) की है, जिन्हें क्लब का अध्यक्ष बनाया गया है। वसीम अकरम क्लब सचिव होंगे। बंगाल को भारतीय फुटबॉल का मक्का कहा जाता है। भारत के तीन सबसे प्रतिष्ठित क्लब हैं – ईस्ट बंगाल, मोहन बागान और मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब। गाजीपुर (उ.प्र.) के महेंद गांव निवासी और बंगाल में फुटबॉल व राजनीति में सक्रिय अरशद खान ने बताया कि उनका जन्म कोलकाता में हुआ और पढ़ाई भी वहीं से हुई। वह और उनके छोटे भाई शाहरुख खान प्रोफेशनल फुटबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं। अरशद खान ने कहा कि उन्हें मोहम्मडन क्लब से आमंत्रण मिला था। क्लब सचिव उनके काफी करीबी हैं। आज खिलाड़ियों के विकास को लेकर लंबी चर्चा हुई। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि गाजीपुर और कमसर क्षेत्र में फुटबॉल को नई ऊंचाई मिले।

परिषदीय विद्यालय खुला, भीषण गर्मी के कारण बच्चों की उपस्थिति कम

स्वतंत्र भारत जमानिया। ग़ाज़ीपुर जनपद सहित पुरे उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूल खुल गया है, लेकिन बच्चों की उपस्थिति बहुत कम रही, विद्यालय के बच्चों का समय 7.30 से 12.30 रखा गया। परिषदीय शिक्षक अभी जनगणना के कार्य कर रहें,नज़री नक़्शा जमा करा रहे। कुछ शिक्षकों ने नाम नही छापने पर कहा कि जनगणना का कार्य 22 मई से 20 जून तक है, इस कारण विद्यालय 20 जून के बाद खोलना चाहिए और बहुत धूप के कारण समय मे परिवर्तन होंना चाहिए,लेकिन विद्यालय 16 जून से ही खुल गया, सरकारी नौकर हैं कर्तव्य का पालन तो करना ही है। विद्यालय में उपस्थिति 20त्रसे भी कम रही है शिक्षक उपस्थित थे। 25 दिन ग्रीष्म अवकाश के बाद मंगलवार को विद्यालय खुल गया, अभी शिक्षक जनगणना का नज़री नक्शा जमा कर रहें, लेकिन विद्यालय में उपस्थिति भी जरूरी है। निजी विद्यालय अभी बन्द है,जो 1 जुलाई को खुलेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी जमानिया से फ़ोन से बात करने उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हैं 12.30 तक आयेंगें।

डाकघर में जरूरी फार्मों का टोटा उपभोक्ता परेशान

स्वतंत्रभारत मऊ।मधुबन तहसील क्षेत्र के उप डाकघर सूरजपुर में कई महीनों से जमा पर्ची, निकासी (विड्राल) फार्म, खाता खोलने का फार्म तथा खाता बंद (क्लोजर) फार्म उपलब्ध नहीं हैं। इससे उपभोक्ताओं के साथ-साथ डाक कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उप डाकघर सूरजपुर से जुड़े बीबीपुर, दरगाह, सिंकड़ीकोल, मुहम्मदपुर हसनपुर, बेलाकसैला कुरंगा, रसूलपुर मिश्रौली और गोनघाट समेत कई शाखा डाकघरों में भी फार्मों की कमी बनी हुई है। दूर-दराज गांवों से आने वाले लोगों को खाता खुलवाने जमा निकासी करने तथा अन्य डाक बचत योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए भटकना पड़ रहा है। कई बार फार्म न मिलने पर उपभोक्ताओं को बिना काम कराए वापस लौटना पड़ता है।शाखा डाक कर्मचारियों का कहना है कि उच्चाधिकारियों द्वारा नए खाते खोलने का लक्ष्य दिया जाता है, लेकिन आवश्यक फार्म उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी को दस साल की सजा

स्वतंत्र भारत विधि संवाददाता मऊ। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) छांगुर राम ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म तथा गाली-गलौज और धमकी देने के मामले में नामजद तीन लोगों में से संदीप कुमार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म का दोषी पाया। उसे 10 साल कारावास की सजा तथा 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया।अर्थदंड न देने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं अनिल कुमार और विद्या देवी को गाली-गलौज और धमकी देने के मामले में दोषी पाते हुए परिवीक्षा अधिनियम का लाभ देते हुए 3 माह तक सदाचार बनाए रखने की शर्त पर रिहा कर दिया गया। मामला थाना सरायलखंसी क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार, कोतवाली मुहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र के एक गांव निवासी वादी मुकदमा की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई थी।वादी का कथन था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री अपनी बुआ के यहां काशीराम आवास में रहती थी। इस दौरान काशीराम आवास कॉलोनी निवासी संदीप कुमार ने उसके साथ दुष्कर्म किया।गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करा दिया गया। जब इसकी शिकायत की गई तो अनिल कुमार और विद्या देवी ने उसे गाली दी और धमकी दी। पुलिस ने मामले की विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक विमल कुमार श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार मिश्रा और रामचंद्र चौहान ने कुल 5 गवाहों को प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा गया। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्कों और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद संदीप कुमार को दुष्कर्म के मामले में दोषी पाया। उसे 10 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 10 हजार रुपये अर्थदंड दुष्कर्म के मामले में और 10 हजार रुपये अर्थदंड पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत लगाया गया।अर्थदंड जमा होने पर 75 प्रतिशत राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया गया। वहीं अनिल कुमार और विद्या देवी को गाली-गलौज और धमकी के मामले में दोषी पाकर परिवीक्षा अधिनियम का लाभ देते हुए 3 माह तक सदाचार बनाए रखने की शर्त पर रिहा किया गया।मामले में गवाहों को कोर्ट में पेश करने में न्यायालय पैरोकार थाना सरायलखंसी आशीष कुमार ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

ई-दस्तावेज व्यवस्था के खिलाफ बार एसोसिएशन का प्रदर्शन

स्वतंत्र भारत मधुबन। प्रस्तावित ई-दस्तावेज व्यवस्था के विरोध में मधुबन तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों ने मंगलवार को धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी सत्य प्रकाश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नई व्यवस्था को रोजगार विरोधी बताते हुए अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेताओं के हितों की रक्षा की मांग की गई। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि ऑनलाइन दस्तावेज रजिस्ट्रेशन नियमावली-2024 के तहत लागू की जा रही ई-पंजीकरण व्यवस्था में दस्तावेजों का कार्य केवल विनिर्दिष्ट संस्थाओं के माध्यम से कराए जाने का प्रावधान है। इससे वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत दस्तावेज लेखक, स्टाम्प विक्रेता और अधिवक्ताओं के समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है। ज्ञापन में मांग की गई कि अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों को भी ई-पंजीकरण के लिए अधिकृत एजेंट/यूजर के रूप में पंजीकृत करने का अवसर दिया जाए। साथ ही ई-पंजीकरण व्यवस्था को अधिक समावेशी बनाया जाए।

ज्येष्ठ माह के सातवें मंगलवार पर हनुमान मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ व भंडारा

जौनपुर। ज्येष्ठ माह के सातवें मंगलवार के पावन अवसर पर कोतवाली चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने सहभागिता करते हुए सुंदरकांड पाठ, आरती एवं भंडारे में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि ज्येष्ठ माह के मंगलवार भगवान बजरंगबली की आराधना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और पुण्यदायी होते हैं। हनुमान जी संकटमोचन हैं और उनकी कृपा से समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि का संचार होता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत कुमार प्रजापति, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, मुरलीपाल, नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पुष्पराज सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, महामंत्री अजय सिंह, पियूष गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव, श्यामबाबू यादव, राजकेसर पाल, नगर अध्यक्ष सरिका सोनी, कमलेश, नंदलाल, ब्रह्मेश शुक्ला, प्रशांत सिंह, उमेंद्र, अजय यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जमीन विवाद में महिला समेत दो से मारपीट, चार पर प्राथमिकी

बरसठी जौनपुर। थाना क्षेत्र के बघनरी गांव में जमीन पर कथित कब्जे के प्रयास को लेकर हुए विवाद में महिला समेत दो लोगों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी फूल कुमारी पत्नी श्यामराज पटेल ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोग उनकी जमीन पर ईंट बिछाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर गाली-गलौज के बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे सत्यप्रकाश को भी लाठी-डंडों से पीट दिया गया। आरोप है कि जान बचाकर घर में घुसने पर विपक्षी पक्ष के लोग घर में घुस आए और वहां भी मारपीट की। घटना में फूल कुमारी और सत्यप्रकाश घायल हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर राम प्रकाश, जय प्रकाश, मंजू देवी और संध्या देवी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। थानाध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

पत्रकार को मिली जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र भारत मुहम्मदाबाद (गाजीपुर)। जनपद गाजीपुर के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दाउदपुर निवासी पत्रकार मोहम्मद तौकीर पुत्र कुतुबुद्दीन अहमद ने कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। पत्रकार का आरोप है कि समाचार संकलन एवं प्रकाशन के कारण उन्हें खुलेआम धमकाया गया तथा भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई।। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पत्रकार मोहम्मद तौकीर ने कोतवाली मुहम्मदाबाद में दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके गांव एवं आसपास क्षेत्र के रहने वाले कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से इलाके में भय और दहशत का माहौल बनाया जाता है। तौकीर का कहना है कि उक्त लोग समूह बनाकर क्षेत्र में घूमते हैं और आम लोगों को डराने-धमकाने का कार्य करते हैं।। पत्रकार के अनुसार, 10 जून 2026 की रात करीब 8 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान विट्ठल चौराहे के पास कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, गाली-गलौज की और पत्रकारिता कार्यों को लेकर नाराजगी जताते हुए धमकी दी। तौकीर का कहना है कि आरोपितों ने कहा कि यदि वह इसी तरह समाचार प्रकाशित करते रहे तो उन्हें जान से हाथ धोना पड़ सकता है।। मोहम्मद तौकीर ने अपनी शिकायत में कहा है कि घटना के बाद वह काफी भयभीत हैं और उन्हें अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता सता रही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।। घटना की सूचना मिलने के बाद मामला थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद पुलिस के संज्ञान में आया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मुहम्मदाबाद ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने अथवा किसी को धमकाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय सम्मेलन में मऊ के वरिष्ठ पत्रकार संतोष जायसवाल सम्मानित

स्वतंत्रभारत मऊ। अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में जनपद मऊ के वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार जायसवाल को उनके उत्कृष्ट पत्रकारिता योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह पश्चिम बंगाल के वरमाला बैंक्विट हॉल में आयोजित महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं नवगठित प्रदेश कमेटी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुआ।देश के विभिन्न राज्यों से आए समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर 'पापा मोदी' (महाराष्ट्र), राष्ट्रीय संरक्षक एवं उद्योगपति अशोक कुमार जायसवाल (इंदौर), राष्ट्रीय संयोजक अटल कुमार गुप्ता (कोयंबटूर), राष्ट्रीय महासचिव एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता शैलेंद्र जायसवाल तथा लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार जायसवाल 'बाबूजी' ने संतोष कुमार जायसवाल को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।सम्मेलन में उपस्थित विभिन्न राज्यों के समाजसेवियों एवं पदाधिकारियों ने इसे मऊ जनपद और पूरे मंडल के लिए गौरव का विषय बताया। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में संतोष जायसवाल द्वारा किए जा रहे निष्पक्ष और समाजहितकारी कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह पहचान युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस उपलब्धि से मऊ के पत्रकारों और जायसवाल समाज में हर्ष का माहौल है।

घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र भारत मधुबन। मधुबन थाना क्षेत्र के खीरीकोठा गांव में एक युवती के घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, खीरीकोठा निवासी अल्का कुमारी पुत्री सुनील की तहरीर पर मधुबन थाने में मुकदमा संख्या 206/2026 दर्ज किया गया है। दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक 12 जून 2026 की रात करीब 9 बजे आरोपियों ने एक राय होकर वादिनी के घर में घुसकर गाली-गलौज की, मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में आजाद, अमन, रजनी, रानी, चन्द्रशीला पत्नी हरेन्द्र प्रसाद तथा हरेन्द्र प्रसाद निवासी खीरीकोठा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जन कल्याण चौपाल में गूंजी विकास की आवाज

स्वतंत्रभारत मऊ। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद के प्रभारी मंत्री एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने विकासखंड बड़राव की ग्राम पंचायत उसरी खुर्द में आयोजित जन कल्याण चौपाल एवं रात्रि विश्राम कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंच

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, बुधवार, 17 जून. 2026

अयोध्या
अम्बेडकर नगर

अयोध्या में तीन परीक्षा केंद्रों पर यूपी कैटेट परीक्षा आज

परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे कर्मचारी व अधिकारी कड़ी निगरानी में होगी प्रवेश परीक्षा

स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.) उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा आज अयोध्या जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। 17 जून को स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परिक्षाएं आयोजित होंगी। यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा कुल 12 जनपदों में आयोजित की जाएगी। कुलसचिव डा. पी.एस. प्रमाणिक ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करते पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर फोटोग्राफी के साथ-साथ वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी जिससे असहज स्थिति उत्पन्न करने वालों की पहचान की जा सके। परीक्षा केंद्रों पर आधुनिक तरीके अभ्यर्थियों के सत्यापन कराए जाएंगे जिससे कि नकलचियों पर पूरी तरह से नकेल कसी जा सके। अयोध्या में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें गवर्नमेंट इंटर कॉलेज, फतेहगंज (जीआईसी), गर्ल्स गवर्नमेंट इंटर कॉलेज, सिविल लाइन (जीजी आईसी), एमपीएलएल आदर्श इंटर कॉलेज, धारा रोड को शामिल किया गया है। कुलसचिव ने बताया कि प्रवेश के लिए यह परिक्षाएं अयोध्या, आगरा, बरेली बांदा, कानपुर, मेरठ, वाराणसी, आजमगढ़, झांसी लखनऊ, गोरखपुर और प्रयागराज शहर के चयनित केंद्रों पर आयोजित होंगी। स्नातक की प्रवेश परीक्षा अयोध्या के तीन केंद्रों पर सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित होंगी। परास्नातक व पीएचडी की परीक्षा 18 जून को सुबह 9 से 12 बजे तक और एमबीए की परीक्षा दूसरी पाली में 3 से 5 बजे तक आयोजित होगी। इधर कई परीक्षाएं होनी हैं, जिसे लेकर प्रदेश सरकार अलर्ट पर है। बीते माह नीट की परीक्षा स्थगित होने के बाद परीक्षार्थियों में जहां भारी आक्रोश व्याप्त है वहीं नीट की स्थगित परीक्षा पुनः परीक्षा होने वाली है। जिसे लेकर जिला प्रशासन काफी सतर्क है। इसके अलावा अन्य होने वाली परीक्षाओं को लेकर भी जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन लगातार बैठकें करके गंभीर हो रहा है कि किसी भी तरह से होने वाली परीक्षायें निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हों।

कृषि विवि में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास

स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास की शुरुआत की। योग दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राएं योगा पोस्टर, निबंध, रंगोली, योगासन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। कृषि विवि के कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के दिशा-निर्देशन में योगाभ्यास कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रहीं हैं। यह योगाभ्यास कार्यक्रम एक सप्ताह तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का संयोजन कर रहे डा. दिवाकर सिंह ने शिक्षकों वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को भुजंगासन, मयूरासन, सिंहासन, शलभासन, उष्ट्रासन, तितली आसन आदि का अभ्यास कराया। योगाभ्यास कार्यक्रम छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी.नियोगी की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है।

जनचौपाल में समस्याओं पर मंथन, समाधान की दिशा में कदम

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) पूराबाजार ब्लॉक कार्यालय पर आयोजित दो दिवसीय जनकल्याण शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। शिविर के दूसरे दिन विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में पूरा बाजार क्षेत्र स्थित अकवारा कम्पोजिट विद्यालय में जनचौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम से पहले विधायक व अन्य पदाधिकारियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। जनचौपाल के दौरान किसानों ने खाद की उपलब्धता में कमी एवं कालाबाजारी की शिकायतें प्रमुखता से उठाईं। इस पर विधायक ने उपजिलाधिकारी सदर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराई गई तथा पात्र व्यक्तियों के समाज कल्याण विभाग की पेंशन योजनाओं से जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन भी भरवाए गए। विद्युत विभाग से संबंधित गड़बड़ बिल एवं अन्य शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। रास्ते के विवादों के समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और जनचौपाल के माध्यम से समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है तथा ऐसे शिविरों से आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रहा है। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष व महानगर महामंत्री शिवेन्द्र सिंह, तिलकराम मौर्या, अरविन्द सिंह, हरभजन गौड, स्वाती सिंह, गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह, कपिल देव वर्मा विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कौशलपुरी में आयोजित हुआ बजरंगबली का भव्य भण्डारा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) कौशलपुरी में बड़े मंगल पर भव्य भंडारों का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन नगर निगम के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और डिप्टी मेयर संतोष सिंह पार्षद जयनारायण सिंह उर्फ रिंकू ने किया। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर ने कौशलपुरी के पार्क में वृक्षारोपण किया तथा हनुमान जी के चित्र पर पूजा अर्चना की। उसके बाद भण्डारे का शुभारम्भ किया। भण्डारे का आयोजन भाजपा नेता बालकिशन ने किया था। अजय यादव, धर्मवीर चौरी, मोहित यादव, मोन सिंह आदि लोग मौजूद थे।

बड़े मंगलवार पर सुरेश यादव ने किया भंडारा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) सातवें बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर धर्मनगरी अयोध्या में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। विख्यात समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव ने दर्शन नगर स्थित साईं दाता कुटी हनुमान मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया पूजन के उपरांत सुरेश यादव ने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच लड्डू और गन्ने के रस का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की सातवें बड़े मंगलवार के अवसर पर अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भव्य भंडारों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सुरेश यादव ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद परोसकर सेवा भाव का परिचय दिया। सुबह से प्रारंभ हुआ महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पूड़ी-सब्जी और गन्ने के रस के प्रसाद का आनंद लिया इस दौरान सुरेश यादव ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा, प्रेम और सद्भाव का संदेश प्रसारित होता है।

दो दिवसीय प्राकृतिक खेती की कार्यशाला का आयोजन 18 जून व 19 जून को

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) शासन के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि खेत बचाओ अभियान (01 जून 2026 से 30 जून 2026) एवं समेकित जन-कल्याण व जन-जागरूकता अभियान के संचालित कराये जाने के विस्तृत निर्देश प्राप्त हुये है। तत्क्रम में विभिन्न कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश संबंधित को दिये गये है। इस हेतु प्राकृतिक खेती की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला दिनांक 18 जून 2026 को लगभग 10:30 बजे नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में होगी, जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग उ0प्र0 है, इसके लिए उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी बीकापुर को नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा एक अन्य कार्यशाला दिनांक 19 जून 2026 को लगभग 10:30 बजे सभागार कृषि विज्ञान केन्द्र मसौधा में आयोजित की गयी है, जिसके मुख्य अतिथि विधायक अयोध्या एवं विधायक बीकापुर है, इसके लिए नोडल अधिकारी उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभागियों को जीवामृत, बीजामृत, प्राकृतिक खाद एंव नीमास्त्र, आग्नेयास्त्र तथा दशपर्णी तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में बताया जायेगा तथा लाइव डैमो जोन के माध्यम से व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा साथ ही गौ-आधारित प्राकृतिक खेती एंव जल संरक्षण पर विशेष सत्र तथा कम लागत अधिक आय आधारित किसान संवाद कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। क्षेत्रवार फसल आधारित प्राकृतिक खेती माडल प्रस्तुत किये जाये तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफल किसानों का सम्मान किया जायेगा। कार्यशाला स्थल पर प्राकृतिक खाद, बीज, मिलेटस, स्थानीय उत्पादन एंव सिंचाई तकनीक से संबंधित स्टाल लगाया जाय। कृषि, उद्यान, पशुपालन, गन्ना, मत्स्य, के0वी0के0, एन0आर0 एल0 एम0, एफ0पी0ओ0, डेयरी आदि विभागों द्वारा अपने से संबंधित विभागीय तथा प्रगतिशील कृषकों का स्टाल लगवाते हुए जनपद से अधिक से अधिक संख्या में कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित करायें।

लता चौक पर विशाल भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) ज्येष्ठ मास के सातवें बड़े मंगलवार पर रामनगरी एक बार फिर श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के रंग में सराबोर नजर आई। नया घाट स्थित लता चौक पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के संयोजन में आयोजित विशाल भंडारे में दिनभर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता रहा। देर शाम तक चले इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर संकटमोचन हनुमानजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि बड़े मंगल का यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और मानवता की भावना को सुदृढ़ करने का भी अवसर है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा करना ही इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य रहा और सभी के सहयोग से भंडारा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। देर शाम तक चले आयोजन में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह , विधायक अमित सिंह चौहान, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, महंत गिरीश दास, महंत जनार्दन दास, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, अवधेश पांडे बादल, जिला पंचायत सदस्य देवता पटेल अंकित पांडे अशोक मिश्रा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

जलकुम्भियों से पटी तमसा नदी

तमसा नदी की बदहाली पर फूटा लोगों का आक्रोश, पुनर्जीवन की उठी मांग

स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.) 84 कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित गोसाईगंज के महादेवा घाट से होकर बहने वाली पौराणिक तमसा नदी आज गंभीर प्रदूषण की चपेट में है। नगर के नालों का गंदा पानी और कचरा सीधे नदी में गिरने से इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कभी स्वच्छ जलधारा और धार्मिक आस्था का केंद्र रही तमसा नदी अब कई स्थानों पर जलकुंभी और गंदगी से पूरी तरह पट चुकी है। भगवान श्रीराम के वनगमन प्रसंग से जुड़ी इस ऐतिहासिक नदी में कभी श्रद्धालु स्नान, ध्यान और धार्मिक अनुष्ठान करते थे, लेकिन अब लोग इसके पानी को छूने से भी कतराने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अयोध्या और काशी के विकास की तरह तमसा नदी के संरक्षण और जीर्णोद्धार पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। हर वर्ष शारदीय नवरात्र में सैकड़ों दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन इसी नदी में किया जाता है। गोसाईगंज केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष हेमंत गुप्ता ने बताया कि प्रतिवर्ष प्रशासन से विसर्जन स्थल सरयू नदी में स्थानांतरित करने तथा तमसा नदी की सफाई की मांग की जाती है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नगर अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि तमसा नदी की सफाई और नगर का कचरा नदी में जाने से रोकने के संबंध में जिलाधिकारी को लिखित पत्र एवं जीआरएस के माध्यम से अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को नमामि गंगे परियोजना के कार्यकारी अधिकारी को भेज दिया गया है। और शासन के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अम्बेडकर पार्क में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

योग के महत्व पर दिया गया संदेश

स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.) अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में जनपद में 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। योग सप्ताह के द्वितीय दिवस मंगलवार को अम्बेडकर पार्क, अकबरपुर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, अम्बेडकरनगर डॉ. रणजीत कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। योगाचार्य अशोक कुमार वर्मा एवं श्रीमती सुनीता वर्मा द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर डॉ. रणजीत कुमार (क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी), भोलेन्द्र विक्रम शाही (जिला कार्यक्रम प्रबंधक), डॉ. कृष्ण गोपाल (चिकित्साधिकारी), डॉ. शुभ्रांशु श्रीवास्तव (चिकित्साधिकारी) सहित प्रदीप कुमार मिश्र, दिवाकर चौधरी, स्वामी नारायण, चन्द्रशेखर यादव, ठाकुरदीन एवं इन्द्रजीत वर्मा उपस्थित रहे। योगाभ्यास कार्यक्रम में पार्क में उपस्थित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से बढ़ती आयु के प्रभावों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है तथा व्यक्ति स्वयं और अपने परिवार को निरोग एवं स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने जनपदवासियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता करने का आह्वान किया। योग सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में भी जनपद के विभिन्न स्थलों पर योगाभ्यास, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य संवर्धन संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

सघन खेत बचाओ अभियान के तहत कृषकों को किया गया जागरूक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) उपनिदेशक कृषि पी.के. कनौजिया ने बताया कि जनपद में संचालित सघन खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत विकास खंड मिल्कीपुर की ग्राम पंचायत मीठे गाँव में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा कृषि लागत में कमी लाने के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर किसानों को उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग के महत्व से अवगत कराया गया तथा बताया गया कि आवश्यकता अनुसार एवं मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने से उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। कार्यक्रम में कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में जानकारी देते हुए पंजीकरण कराने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही खाद्य तेल के संतुलित उपयोग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक किया गया। उपनिदेशक कृषि ने किसानों से अपील की कि वे आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाकर कृषि को अधिक लाभकारी बनाएं।

पानी को लेकर हुए विवाद में मारपीट, तीन घायल

स्वतंत्र भारत मवई (सं.) शादी में पीने के पानी को लेकर हुए विवाद में बारातियों व घरातियों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनो पक्षों के तीन लोग घायल हो गये। मामला बाबा बाजार थाना क्षेत्र के बाकर पुर गांव का है। ग्राम बाकर पुर निवासी आरिफ की पुत्री निगार की शादी मवई थाना क्षेत्र के ग्राम भैसौली निवासी वसीम के पुत्र आजाद के साथ तय थी। रविवार को बारात आई थी। बारात के आने पर कन्या पक्ष के लोगों ने बारातियों का खूब आदर सत्कार किया। और शादी की रस्में भी पारम्परिक तरीके से सम्पन्न हुई। शादी की रस्म पूरी होने के बाद बाराती पंडाल में भोजन कर रहे थे। इसी दौरान पीने के पानी को लेकर एक बाराती और एक घराती में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर बारातियों और घरातियों में मारपीट होने लगी। मारपीट होता देख वहां भगदढ़ मच गई। अधिकांश बाराती वहां से जान बचाकर भाग खड़े हुए। घंटों अफरातफरी का माहौल रहा। मारपीट में कन्या पक्ष के अलाउद्दीन व मोहसिन तथा एक बाराती भी घायल हो गया। घायलों को तत्काल एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों को समझा बुझाकर किसी तरह से मामला शांत कराया।

डिप्लोमा फार्मासिस्टों एसोसिएशन की हुई बैठक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन अयोध्या की बैठक संघ भवन स्थित जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिगोविंद सिंह ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री योगेंद्र त्रिपाठी ने किया। बैठक में फार्मासिस्टों की विभिन्न समस्याओं एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। संयुक्त मंत्री के बाराबंकी स्थानांतरण के बाद रिक्त पद पर सर्वसम्मति से जिला चिकित्सालय के फार्मासिस्ट संजय गुप्ता को निर्विरोध संयुक्त मंत्री चुना गया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय पांडेय, उपाध्यक्ष विजय वर्मा, मंडलीय सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष संगम भारती, मनोज वर्मा, दिप्रेश त्रिपाठी, एजाज अहमद, आलोक कुशवाहा, अखंड प्रताप सिंह, अनुराग मिश्रा, उपेंद्र मणि त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट सदस्य उपस्थित रहे।

दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.) इनायतनगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात तेज रफ्तार कार ने दो अलग-अलग स्थानों पर मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 8:30 बजे इनायतनगर बाजार से बाहर स्थित हीरो एजेंसी के सामने कार के चालक ने कथित रूप से तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक विश्वनाथ दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन लेकर भागने लगा। इसी दौरान इनायतनगर चौराहे के पास उसने एक अन्य मोटरसाइकिल को भी टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक आदित्य सिंह (31) पुत्र तेजभान सिंह निवासी भावनियापुर, थाना शिवगढ़, जनपद रायबरेली गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय अयोध्या रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने पीछा कर कार चालक दुष्यंत तिवारी (30) पुत्र राजकुमार तिवारी निवासी कदनपुर थाना इनायतनगर को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस आरोपी को थाने ले आई और पूछताछ शुरू की। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। पहले हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई, जबकि भागने के दौरान कार चालक ने दूसरी बाइक को भी टक्कर मार दी, जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सतर्कता से आरोपी चालक को मौके से फरार होने से पहले ही पकड़ लिया गया।

पुरुषोत्तम मास में रुदौली के श्रद्धालुओं की भक्ति बनी मिसाल

स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.) पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर रुदौली के श्रद्धालुओं ने अपनी अटूट आस्था और धार्मिक समर्पण का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। पूरे एक माह तक रुदौली के करीब 70 व्यापारी और श्रद्धालु प्रतिदिन शाम को अपने-अपने व्यवसाय और कार्यों से निवृत्त होकर अयोध्या धाम के लिए रवाना होते रहे। वहां पहुंचकर प्रातःकाल पवित्र सरयू स्नान करने के बाद भगवान शिव के प्राचीन नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना करते और फिर वापस रुदौली लौटकर दिनभर अपने कारोबार में जुट जाते थे। समिति के अध्यक्ष संतोष कसौधन, महामंत्री बृजेश कसौधन, कोषाध्यक्ष सूर्य नारायण साहू एवं संयोजक उमाशंकर कसौधन ने सभी श्रद्धालुओं के धार्मिक समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास में की गई भक्ति और साधना समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती है। समिति से जुड़े रामतीरथ कसौधन, सचिन कसौधन, राहुल, राजेंद्र लोधी, राजेंद्र सोनी सहित अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने जिस प्रकार एक माह तक नियमित रूप से अयोध्या जाकर जलाभिषेक किया, वह सबके लिए प्रेरणास्रोत है।

महंत सीता बिहारी शरण को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)। रामनगरी की सुप्रसिद्ध पीठ श्रीराघवेंद्र भवन नोनहटिया कनीगंज के पूर्वाचार्य श्रीमहंत सीता बिहारी शरण महाराज को संतों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अवसर उनके पुण्यतिथि महोत्सव का रहा। जो मंदिर में निष्ठापूर्वक मनाई गई। पुण्यतिथि महोत्सव को श्रीराघवेंद्र भवन के वर्तमान पीठाधिपति महंत शिवराम शरण महाराज ने अपना संयोजन प्रदान किया। मंगलवार की सुबह सर्वप्रथम मठ के गर्भगृह में विराजमान भगवान श्रीसीता राम समेत अन्य देवी-देवताओं को नया वस्त्र धारण कराकर भव्य श्रृंगार किया गया। तदुपरांत उन्हें फल-मिष्ठान आदि का भोग लगा। उसके बाद भगवान की दिव्य आरती उतारी गई। फिर साधु-संत एवं भक्तजनों ने मठ में स्थापित साकेतवासी श्रीमहंत सीता बिहारी शरण महाराज की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। संतों ने उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश भी डाला। पुण्यतिथि पर काफी संख्या में साधु-संत व भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में पीठ के पीठाधीश्वर ने महंत शिवराम शरण महाराज ने आए हुए साधु-संतों का स्वागत-सत्कार कर भेंट, विदाई दिया। इस अवसर पर महंत शिवराम शरण महाराज ने कहा कि आश्रम में दादा गुरु महंत सीता बिहारी शरण महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। संतों ने उन्हें शिद्दत से याद किया। दादा गुरु अप्रतिम प्रतिभा के धनी संत रहे। वह गौ एवं संत सेवी होने के साथ-साथ भजनानंदी संत रहे। उनका व्यक्तित्व बड़ा ही उदार था। सरलता तो उनमें देखते ही झलकती थी। उन्होंने आश्रम का सर्वांगीण विकास किया। उनकी भगवान सीता राम के प्रति अटूट भक्ति रही। वह भगवान सीता राम के अनन्य उपासक थे। उन्होंने सेवा को ही अपना धर्म माना।

जनपद का कोई भी मकान व परिवार गणना से वंचित न रहे : डीएम

जनगणना-2027: छूटे हुए मकानों एवं परिवारों की सूचना तत्काल देने हेतु डीएम की अपील

आजमगढ़। जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी रविन्द्र कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकान गणना' (HLO) का कार्य जनपद आजमगढ़ में प्रगति पर है, जो समय सारिणी के अनुसार दिनांक 22 मई, 2026 से प्रारम्भ होकर 20 जून, 2026 तक सम्पन्न किया जाना है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व के निर्वहन में जनपद के समस्त सम्मानित नागरिकों द्वारा प्रदान किए गए सहयोग हेतु जिला प्रशासन अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता है। जनगणना का उद्देश्य प्रत्येक मकान, परिवार एवं व्यक्ति का समुचित अभिलेखीकरण सुनिश्चित करना है। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि जनपद का कोई भी मकान, परिवार अथवा आवासीय इकाई गणना कार्य से वंचित न रह जाए। जनगणना की सफलता उसकी पूर्णता, शत-प्रतिशत कवरेज पर निर्भर करती है। जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील किया है कि यदि उनकी जानकारी में कोई ऐसा घर, मोहल्ला, बस्ती, पुरवा, अपार्टमेंट, संस्थान परिसर अथवा अन्य कोई स्थान हो जहाँ मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य अभी तक सम्पन्न न हुआ हो अथवा किसी कारणवश छूट जाने की संभावना हो, तो इसकी सूचना तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1855 अथवा जनपद आजमगढ़ की हेल्पलाइन संख्या 05462-298070 एवं जनपद कन्ट्रोल रूम नम्बर-9454417172 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। गणना कार्य से सम्बद्ध समस्त फील्ड ट्रेनर, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने-अपने कार्यक्षेत्र में विद्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय नागरिकों से सतत संवाद स्थापित कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी मकान अथवा परिवार गणना से वंचित न रह जाए। आपकी सक्रिय सहभागिता एवं सतर्कता इस राष्ट्रीय अभियान की सफलता में अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनगणना एवं उससे संबंधित समस्त गणना कार्य केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के न्यायोचित वितरण तथा भावी नीतियों के निर्धारण का आधार भी हैं। इसलिए यह हम सभी का सामूहिक दायित्व है कि जनपद आजमगढ़ का प्रत्येक मकान एवं प्रत्येक परिवार इस प्रक्रिया में सम्मिलित हो। जिलाधिकारी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि जनपद आजमगढ़ के जागरूक नागरिक तथा जनगणना कार्य में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण निष्ठा, उत्तरदायित्व एवं समर्पण के साथ इस अभियान को सफल बनाएंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि जनपद का कोई भी मकान अथवा परिवार गणना से वंचित न रह जाए।

आईजीआरएस प्रकरणों के त्रुटिपूर्ण निस्तारण पर तीन बीडीओ व एक एडीओ को चेतावनी

स्वतंत्र भारत देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण की फीडबैक समीक्षा के दौरान पाई गई खामियों पर तीन खंड विकास अधिकारियों एवं एक सहायक विकास अधिकारी को चेतावनी जारी की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भविष्य में कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा त्रुटिपूर्ण निस्तारण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जिन अधिकारियों को चेतावनी दी गई है, उनमें खंड विकास अधिकारी गौरी बाजार, भटनी एवं रामपुर कारखाना तथा सहायक विकास अधिकारी पथरदेवा शामिल हैं।
इन अधिकारियों द्वारा आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप न करते हुए अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आख्या अपलोड की गई थी। संबंधित शिकायतकर्ताओं द्वारा भी निस्तारण पर असहमति व्यक्त की गई है।

जनकल्याण, विकास व आत्मनिर्भर भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगी विकास भवन की भव्य प्रदर्शनी

स्वतंत्र भारत देवरिया। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत जनपद में विकास, जनकल्याण और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए 17 एवं 18 जून को विकास भवन परिसर में विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदर्शनी में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से संबंधित गतिविधियों के अंतर्गत देवराहा बाबा स्थल, दुग्धेश्वरनाथ मंदिर, रुद्रपुर सहित संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित प्रमुख धार्मिक स्थलों की संक्षिप्त झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। इसके साथ ही वृहद आधारभूत संरचना एवं औद्योगिक परियोजनाओं के अंतर्गत महर्षि देवराहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया तथा जनपद में विगत 9 वर्षों में निर्मित सड़कों, संस्थानों एवं विभिन्न विभागों की प्रमुख परियोजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में माननीय प्रधानमंत्री जी के साथ सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। साथ ही जनपद में संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के लिए पंजीकरण की व्यवस्था भी रहेगी। आगामी 19 जून 2026 को कृषि कल्याण केंद्र, बैतालपुर में प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें किसानों को प्राकृतिक एवं उन्नत खेती की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया जाएगा। कार्यशाला में जीवामृत, बीजामृत, प्राकृतिक खाद एवं जैविक कीटनाशक तैयार करने की प्रक्रिया का 'लाइव डेमो जोन' के माध्यम से व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, 'कम लागत-अधिक आय' विषयक किसान संवाद कार्यक्रम, फसल आधारित प्राकृतिक खेती मॉडल का प्रदर्शन तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यशाला स्थल पर प्राकृतिक खाद, बीज, जैविक कीटनाशक, मिलेट्स, स्थानीय कृषि उत्पाद एवं सिंचाई तकनीक से संबंधित स्टॉल भी लगाए जाएंगे। जनपद के नागरिकों से उन्होंने अनुरोध किया है कि वे 17 एवं 18 जून 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक विकास भवन परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करें तथा 19 जून 2026 को कृषि कल्याण केंद्र, बैतालपुर में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला में प्रतिभाग करें।

खबर एक नजर

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक आज आएंगे देवरिया विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे प्रतिभाग

स्वतंत्र भारत देवरिया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज 17 जून 2026 (बुधवार) को जनपद देवरिया के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह पूर्वाह्न 10:05 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा थाना रामपुर कारखाना क्षेत्र के ग्राम देसही पहुंचेंगे। उपमुख्यमंत्री प्रातः 10:12 बजे ग्राम देसही स्थित मुस्कान हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री 10:50 बजे पुलिस लाइन, देवरिया पहुंचेंगे तथा 11:00 बजे महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे तथा पौधरोपण करेंगे। साथ ही मेडिकल कॉलेज में स्थापित योगा कक्ष का शुभारंभ भी करेंगे। इसके बाद उपमुख्यमंत्री 11:20 बजे सीसी रोड स्थित श्री मनोकामना हनुमान मंदिर पहुंचकर आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। तत्पश्चात 11:45 बजे विकास भवन परिसर पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन करेंगे। दोपहर 12:40 बजे उपमुख्यमंत्री देवरिया क्लब पहुंचेंगे, जहां 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत वह पुलिस लाइन से हेलीकॉप्टर द्वारा गोरखपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य निर्धारित समय से 5 दिन पहले हुआ पूर्ण

आजमगढ़। जनगणना-2027 के अंतर्गत प्रथम चरण के मकान सूचीकरण एवं मकान गणना (House Listing & Housing Census) का कार्य जनपद आजमगढ़ में निर्धारित समय-सीमा से पांच दिन पूर्व सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी रविन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी गंभीर सिंह के प्रभावी निर्देशन में जनपद की सभी 9,125 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स (एचएलबी) का कार्य समय से पहले संपन्न कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर में यह अभियान 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाना था, किंतु जनपद आजमगढ़ ने सुदृढ़ कार्ययोजना, प्रभावी निगरानी, बेहतर समन्वय तथा अधिकारियों-कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों के बल पर लक्ष्य को समय से पूर्व प्राप्त कर प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। जनपद में जनगणना कार्य के संचालन हेतु कुल 24 चार्ज गठित किए गए थे, जिनमें 8 ग्रामीण एवं 16 नगरीय चार्ज शामिल थे। ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित तहसीलदार तथा नगरीय क्षेत्रों में संबंधित अधिशासी अधिकारियों ने चार्ज अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला स्तर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जिला जनगणना अधिकारी तथा जिलाधिकारी प्रमुख जनगणना अधिकारी के रूप में संपूर्ण अभियान की सतत मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण कर रहे थे। जनगणना के प्रथम चरण से पूर्व आयोजित स्वगणना (Self Enumeration) अभियान में भी जनपद आजमगढ़ ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था। 7 मई से 21 मई 2026 तक संचालित इस अभियान के दौरान जनपद लगातार नौ दिनों तक प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना रहा। इसके अतिरिक्त प्रदेशभर में दर्ज लगभग 2.82 लाख स्वगणनाओं में आजमगढ़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से जनपद में की गई अधिकांश स्वगणनाएं सफलतापूर्वक सत्यापित एवं प्रभावी पाई गईं, जो नागरिकों की जागरूकता, प्रशासन की दक्षता तथा जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि का श्रेय जनगणना कार्य से जुड़े सभी चार्ज अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, प्रगणकों, स्थानीय निकायों, राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा सहयोगी विभागों को दिया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिकों के समर्पण, टीम भावना और अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप जनपद आजमगढ़ ने जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य न केवल सफलतापूर्वक संपन्न किया, बल्कि निर्धारित समय से पूर्व पूरा कर एक नई मिसाल भी स्थापित की है। जिलाधिकारी ने आशा व्यक्त किया है कि आगामी चरणों में भी इसी उत्साह, प्रतिबद्धता एवं जनसहयोग के साथ जनगणना-2027 के सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किए जाएंगे।

इंस्टाग्राम पर गैंगेस्टर प्रभात 50 नाम से गैंग संचालित करने वाले प्रभात राय, रिशु सोनकर व विजय सोनकर गिरफ्तार

(फूलपुर) आजमगढ़। सोशल मीडिया के माध्यम से गैंग संस्कृति को बढ़ावा देने एवं युवकों को भयभीत करने का प्रयास करने वालों पर कोतवाली फूलपुर की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तीन अभियुक्त को गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान तथा ऑपरेशन वज्रपात के क्रम में सोशल मीडिया के माध्यम से गैंग संस्कृति को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में कोतवाली फूलपुर पुलिस ने इंस्टाग्राम पर गैंगेस्टर प्रभात 50 नाम से गैंग संचालित करने वाले तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।दिनांक 15.06.2026 को वादी मुकदमा अशफाक अहमद पुत्र जैनुद्दीन निवासी नेवादा, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दी गई कि उनका पुत्र मो.सैफ अपने मित्रों मो.अरहान एवं मो.इस्माईल के साथ ग्राम मकदूमपुर,थाना अहरौला से मैच खेलकर रात्रि लगभग 01:00 बजे वापस लौट रहा था। रास्ते में दुर्वाषा धाम के पास तीन व्यक्तियों द्वारा उनकी मोटरसाइकिल रोककर नाम-पता पूछा गया तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों द्वारा तीनों युवकों को जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास किया गया, जिसमें मो. सैफ किसी प्रकार बचकर निकल गया, जबकि उसके दोनों मित्रों को जबरन अपने साथ ले जाया गया। कोतवाल देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस कार्रवाही में प्रभात राय निवासी धर्म दासपुर, रिशु सोनकर और विजय सोनकर निवासी खुटौली कोतवाली फूलपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

डीएम ने तीन लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

अवैध अतिक्रमणकर्ताओं व कूटरचित अभिलेखों के माध्यम से नाम दर्ज कराने वालों पर सख्त कार्रवाई

आजमगढ़। जनपद में शासकीय भूमि, सार्वजनिक मार्गों एवं चकमार्गों पर अवैध अतिक्रमण तथा कूटरचित अभिलेखों के माध्यम से राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराने वालों के विरुद्ध जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के निर्देश पर तहसील प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सरकारी भूमि, सार्वजनिक उपयोग की संपत्तियों एवं मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा करने अथवा धोखाधड़ी एवं कूटरचना के माध्यम से राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में संबंधित तहसील प्रशासन एवं राजस्व विभाग द्वारा जांचोपरांत विभिन्न मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में राजेन्द्र यादव पुत्र स्वर्गीय बालादीन, निवासी कोठिया, सरायमीर के विरुद्ध कार्रवाई की गई। राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण के दौरान संबंधित व्यक्ति को चकमार्ग पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद राजेन्द्र यादव द्वारा रात्रि में बार्जा एवं पोर्च का निर्माण कर चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंची तथा आमजन के आवागमन में बाधा उत्पन्न हुई। इस संबंध में तहसील प्रशासन द्वारा थाना सरायमीर में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विधिक कार्रवाई की गई है। एक अन्य प्रकरण में दयाराम यादव पुत्र स्वर्गीय चन्द्रधारी यादव, निवासी ग्राम अल्लीपुर, तहसील निजामाबाद द्वारा चकमार्ग पर मिट्टी डालकर ट्रैक्टर खड़ा कर दिया गया तथा पानी बहाकर मार्ग को अवरुद्ध कर आवागमन प्रभावित किया गया। मामले की जांच के उपरांत संबंधित लेखपाल द्वारा थाना रानी की सराय में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विधिक कार्रवाई कराई गई है। इसके अतिरिक्त अभय यादव पुत्र सुदर्शन यादव, निवासी दवईत, तहसील मेंहनगर द्वारा सहखातेदार के रूप में अवैध एवं कूटरचित तरीके से अपना नाम दर्ज कराने का मामला प्रकाश में आया। जांच में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित राजस्व निरीक्षक द्वारा अभय यादव के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा है कि जनपद में शासकीय भूमि, सार्वजनिक मार्गों, चकमार्गों एवं अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे मामलों की नियमित निगरानी करते हुए दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी भूमि एवं सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा बनी रहे तथा आमजन के हितों का संरक्षण किया जा सके।

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास भवन में आयोजित हुई प्रेस वार्ता

स्वतंत्र भारत देवरिया। भूमि विकास बैंक के पूर्व सभापति संतराज यादव ने आज विकास भवन के गांधी सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में सरकार की उपलब्धियों, नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश की तस्वीर ही नहीं, बल्कि तकदीर भी बदली है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी ताकत जनता का अटूट विश्वास एवं सेवाभाव रहा है। सेवा, संस्कार, सम्मान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ-साथ देश के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया गया है। योजनाओं का लाभ शोषित, वंचित, पीड़ित एवं असहाय वर्ग तक पहुंचाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का कार्य किया गया है। सही मायनों में यह 12 वर्षों का कार्यकाल जनविश्वास एवं सुशासन का रहा है। श्री यादव ने कहा कि जनहित एवं राष्ट्रहित में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। जनविश्वास के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह प्रेस वार्ता आयोजित की गई है। किसानों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, प्रत्येक घर तक शौचालय, बिजली एवं गरीब परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने जैसे कार्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किए गए हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के मंत्र के साथ कार्य किया गया है। गौ-सुरक्षा, शिक्षा, ग्रामीण विकास, श्रमिक कल्याण तथा रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। पुलिस भर्ती में निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि जनविश्वास एवं सुशासन के बल पर आज एनडीए देश के विभिन्न राज्यों में जनता की सेवा कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल की शुरुआत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की फाइल पर हस्ताक्षर कर की थी। सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों का परिणाम है कि लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। तकनीक एवं डिजिटल गवर्नेंस के माध्यम से सीधे बैंक खातों में धनराशि भेजकर 4.31 लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से रोके गए हैं। यह 12 वर्ष केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक हैं। आयोजित प्रेस वार्ता में सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, अजय दुबे, अंबिकेश पांडेय, प्रभाकर तिवारी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

12 साल में देश का जितना विकास हुआ उतना आजादी के बाद 65 साल में नहीं हुआ : उपेन्द्र तिवारी

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन ओमकार राय की अध्यक्षता में नेहरू हाल मे सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार उपेन्द्र तिवारी और विशिष्ट अतीत के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण पाल व किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार उपेन्द्र तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 साल में देश का जितना विकास हुआ उतना आजादी के बाद 65 साल में नहीं हुआ था। आजादी के बाद यदि लोकतांत्रिक तरीके से देश के नेतृत्व का चुनाव हुआ होता तो पटेल जी प्रधानमंत्री होते और आज भारत जिस स्थिति में है उस स्थिति में 1960- 65 तक ही पहुंच गया होता । आज हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल

के कार्यकाल के बारे में बात कर रहे हैं।उससे पूर्व की सरकारों में सरकारी योजनाओं के क्या हाल थे। हम सबको याद है पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि जब हम ?1 दिल्ली से भेजते हैं तो गांव तक जाते-जाते 15 पास पैसा ही पहुंचता है 85 प्रतिशत पैसा बीच में ही घोटालेबाज हजम कर जाते थे आज की परिस्थितियों बदली हैं आज लाभार्थी के खाते में सीधा लाभ पहुंचता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब चुनाव जीतकर पहली बार संसद पहुंचे तो उन्होंने लोकतंत्र के मंदिर को दंडवत प्रणाम करते हुए कहा था कि सरकार गरीब किसान मजदूर महिलाओं और युवाओं को समर्पित सरकार है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन खाता खोलने की योजना का शुभारंभ किया था तो विपक्ष के लोगों ने उसका मजाक उड़ाया था लेकिन आज जनधन खाते के माध्यम से लाभार्थी के खाते में सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ बिना किसी बिचौलिए के पहुंचता है यह मोदी सरकार की उपलब्धि है। मोदी जी कहते हैं कि मेरा परिवार इस देश की 140 करोड़ जनता है इस 140 करोड़ जनता के लिए वह काम कर रहा है।मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को सिर्फ एक नारा नहीं रहने दिया बल्कि डसे एक जनआंदोलन बना दिया है। सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है कि हर योजना का 100% लाभ कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। इसी का नतीजा है कि बीते सालों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेख से बाहर निकल चुके हैं।अगर गरीब कल्याण की बात करें तो सरकार ने जन-धन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले, जिनमें 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं।कोरोना जैसी महामारी के मुश्किल वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इलाज के खर्च से गरीब को बचाने के लिए आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बने हैं, जिससे मुफ्त इलाज की गारंटी मिली है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से भी 58 करोड़ से ज्यादा लोगों को एक मजबूत सुरक्षा कवच मिला है। गरीबों के जीवन को आसान बनाने के लिए पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं।
उज्ज्वला योजना के जरिए 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर धुएं से आजादी दी गई है। गांवों के विकास के लिए जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से ज्यादा घरों तक नल से साफ पानी पहुंचाया जा चुका है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर देश में स्वच्छता की एक नई क्रांति लाई गई है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह डॉ अशोक सिंह अवनीश मिश्रा पवन सिंह मुन्ना पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गौ तस्करी व अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त पांच वाहन डीएम ने किए जब्त

स्वतंत्र भारत देवरिया। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने गौ तस्करी/अवैध परिवहन एवं अवैध शराब तस्करी में संलिप्त पाए गए पांच वाहनों को जब्त करने का आदेश पारित किया है। उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम, 1955 के अंतर्गत गोवंशीय पशुओं की अवैध तस्करी एवं परिवहन में प्रयुक्त पाए जाने पर पिकअप वाहन संख्या क्र 53 स्त्र 6694, क्र 32 क्ष्र 6199, क्र 50 ष्ठ्र 9068 तथा क्र 52 ङ्ग 4241 से संबंधित वादों की सुनवाई उपरांत डीएम ने उक्त चारों वाहनों को जब्त किए जाने का आदेश पारित किया है। ये वाहन अवैध रूप से गोवंशीय पशुओं के परिवहन एवं तस्करी में प्रयुक्त पाए गए थे। इसी प्रकार, उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910 की धारा 72 के अंतर्गत पंजीकृत वाद उत्तर प्रदेश सरकार बनाम विकास शाह, निवासी पंडित के हरपुर, थाना थावे, जनपद गोपालगंज (बिहार) में अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्त महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन संख्या क्र्क28 क्र0601 के संबंध में सुनवाई के उपरांत जिलाधिकारी ने उक्त वाहन को भी जब्त करने का आदेश पारित किया है।

मानवता को सकारात्मक दिशा देने वाली समग्र जीवन पद्धति है योग : कुलपति

योग व्यक्तित्व विकास का विज्ञान, भारतीय संस्कृति की वैश्विक पहचान : प्रो. शशिकांत द्विवेदी

आजमगढ़। महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के योग विज्ञान विभाग एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आईसीपीआर), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को 'स्वास्थ्य, प्रसन्नता और सामंजस्य के लिए योग' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कुलपति प्रो. संजीव कुमार जी की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में देश के प्रतिष्ठित विद्वानों ने योग को स्वस्थ, संतुलित एवं मूल्यपरक जीवन की आधारशिला बताते हुए इसके वैज्ञानिक, दार्शनिक तथा व्यावहारिक आयामों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत सम्मानित अतिथियों व कुलपति प्रो. संजीव कुमार जी द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। विश्वविद्यालय की बेटियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर माहौल को संगीत मय बनाया। प्रो. प्रशांत राय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, अवसाद और जीवनशैली जनित समस्याओं से मुक्ति के लिए योग की उपयोगिता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।
उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा और योग शिक्षा के संवर्धन हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जो संपूर्ण मानवता को स्वस्थ, संतुलित

एवं अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली समग्र जीवन-पद्धति है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को तनावमुक्त बनाकर मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त करता है। मुख्य अतिथि प्रो. शशिकांत द्विवेदी, योग दर्शन विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने कहा कि योग मनुष्य के शरीर, मन और चेतना को एकसूत्र में जोड़ने वाला विज्ञान है। उन्होंने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धी और भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग मानसिक संतुलन, आत्मानुशासन तथा आंतरिक शांति प्राप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। विद्यार्थियों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को स्वयं, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रेरित करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. रविकांत तिवारी, राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने भारतीय ज्ञान परंपरा में योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारत की ऐसी सांस्कृतिक विरासत है, जिसने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास का आधार है।
योग के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारकर ही स्वस्थ, प्रसन्न एवं सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण संभव है। संगोष्ठी के दौरान योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का प्रदर्शन भी किया गया। प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए योग के व्यावहारिक पक्षों को समझा। वक्ताओं ने आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न तनाव, अवसाद एवं स्वास्थ्य संबंधी अन्य चुनौतियों के समाधान में योग की प्रभावी भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर प्राध्यापकगण गैर शिक्षक कर्मचारी शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति थी, संचालन डॉ. पंकज सिंह ने किया।

12 वर्ष पूरे होने पर जन जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हलिया ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में तीन दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जन जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। स्टालों पर विभागीय योजनाओं, लाभ और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया।खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र यादव के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों में स्मार्ट क्लास, विज्ञान लैब और डिजिटल शिक्षा की उपलब्धियां साझा कीं। कार्यक्रम में प्रदीप मौर्य, विनय कुमार अग्रहरि, रमेश यादव, डॉ. सुरेश कन्नौजिया, अरुण दुबे, संतोष, निधि मौर्य, श्वेता सिंह, सोनाली, पुष्पांजलि देवी, अंगूरा देवी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।स्थानीय लोगों ने स्टालों पर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली और अधिकारियों से सवाल-जवाब भी किए।

अलग-अलग गांवों सड़क दुर्घटना में छह घायल

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के तीन अलग अलग गांवो में सोमवार की रात्रि में सड़क दुर्घटना में छह लोग गंभीर से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा घायलों को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है जानकारी के अनुसार हलिया थाना क्षेत्र के कवलझर गांव निवासी 25 वर्षीय विजय अपने पत्नी 20 वर्षीय संध्या के साथ बाइक से हलिया बाजार बेटे का दवा इलाज कराने के लिए आये थे की रात्रि होने पर बहन निर्मला के घर हथेड़ा गांव जा रहे थे की हथेड़ा गुलाब चौराहा पर ट्रैक्टर से टक्कर होने से पति पत्नी दोनों घायल हो गए इसी प्रकार दुसरी घटना हलिया लालगंज मवई कला गांव में हुई जंहा पर लालगंज थाना क्षेत्र के ईमरती गांव निवासी 20 वर्षीय जयशंकर अपने भाभी 30 वर्षीय रीना के साथ बाइक से रिश्तेदार के यंहा भटवारी गांव से वापस लौटते समय अज्ञात बाइक से टक्कर होने से बाइक सवार देवर व भाभी घायल हो गए तीसरी घटना मझियार गांव में हुई जंहा पर लालगंज थाना क्षेत्र के सेमरिहा गांव निवासी 23 वर्षीय रौनक व प्रीति जा रहे थे की अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दोनों घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव ने घायलों को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बढ़नी ब्लॉक परिसर में भव्य कार्यक्रम, सांसद-विधायक ने गिनाईं उपलब्धियां

स्वतंत्र भारत, बढ़नी सिद्धार्थनगर। विकास खंड बढ़नी परिसर में केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जगदंबिकापाल विधायक विनय वर्मा जिलाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में रामदत्तगंज पीएम श्री विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत कर प्रस्तुति से मन मोह लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ । कार्यक्रम से पहले क्षेत्र के लोगों एवं स्वास्थ विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद ,विशिष्ट अतिथि विधायक विनय वर्मा व जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ निरीक्षण कर प्रोत्साहित किया और ब्लाक परिसर में पौधरोपण भी किया ।

कार्यक्रम मे सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। वहीं विधायक विनय वर्मा ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से आम जनता के जीवन स्तर में सुधार आया है।

कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से उनका लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह , डीसी मनरेगा संदीप सिंह ,खंड विकास अधिकारी अनिशी मनी त्रिपाठी एवं बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप कमलापुरी,सिद्धार्थ पाठक ,पप्पू पाठक ,साधना चौधरी ,त्रियुगी अग्रहरि ,दुर्गेश पांडे,संजय मित्तल,विजय साहू , अलीमुल्ला,रमेश मौर्य ,खंड विकास के सभी सचिव सहित तमाम जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और विकास के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए आगामी विकास योजनाओं को लेकर अपने विचार भी साझा किए।

ग्राम विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप, स्थानांतरण की मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री को पत्र

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। विकास खंड हलिया के कलस्टर गांव नदौली पटहेरा, पटहेरा कला और महोगढ़ी में तैनात ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मी शंकर यादव के स्थानांतरण की मांग को लेकर ग्राम प्रशासकों ने उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।ग्राम पंचायत महोगढ़ी के ग्राम प्रशासक सुरेश कुमार केशरी, नदौली पटहेरा की ग्राम प्रशासक केवल पत्नी और पटहेरा की ग्राम प्रशासक मनोज कोरी ने संयुक्त रूप से दिए पत्र में आरोप लगाया कि अधिकारी पिछले 6 महीने से गांव में नियमित रूप से नहीं आ रहे हैं।पत्र में कहा गया है कि अधिकारी के न आने से ग्रामीणों के वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और आवास का सत्यापन नहीं हो पा रहा है। आरोप है कि हर काम के लिए ग्रामीणों से पैसा मांगा जाता है और ग्राम प्रशासक से 30 प्रतिशत कमीशन की मांग की जाती है।ग्राम प्रशासकों ने बताया कि आवास के नाम पर 30 हजार रुपये की मांग की गई, लेकिन मजदूरी का भुगतान आज तक नहीं किया गया। शिकायत ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।पत्र में लिखा गया है कि अधिकारी का कहना है कि उनके रिश्तेदार डीपीआरओ हैं, इसलिए उनका स्थानांतरण नहीं हो सकता। ग्राम प्रशासकों ने उप मुख्यमंत्री से मांग की है कि गांव के विकास को देखते हुए अधिकारी का तत्काल स्थानांतरण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

पी.डी.ए. जन चौपाल में सरकार बनाने पर जोर

स्वतंत्र भारत मिर्जापुर। सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा चेकसारी में पी0डी0ए0 जन चौपाल आयोजन किया गया। जन चौपाल में बाबा साहेब का संविधान बचाने के लिए लोगो से अवाह्न किया गया। जन चौपाल की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद ने कहा की भाजपा बाबा साहेब का संविधान खत्म करना चाहती है। कहा की हमें संविधान बचाने के लिए लोगो के बीच जाकर डा0 भीमराव के बारें में बताना होगा। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरी ताकत से लोकतंत्र को बचाने के लिए जुटे। मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासभा के महासचिव आजाद राय ने कहा की 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता से बाहर होगी। जन चौपाल का संचालन विधानसभा अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव ने किया। जन चौपाल में पूर्व मंत्री मुन्नी यादव, राममिलन यादव, अमरेश सोनकर, संतोष गोयल, रामराज यादव, मेवालाल प्रजापति, अमित, देवेश दूबे, रविन्दर यादव, दीनानाथ प्रजापति आदि सैकडो लोग मौजुद रहे। पार्टी कार्यालय लोहिया टस्ट में आयोजित जन चौपाल में नगर अध्यक्ष रवि सोनकर, आदर्श यादव, अनिश खान, शक्ति श्रीवास्तव, दिव्या गुप्ता आदि रहे।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से मिलता है प्रेम वात्सल्य और ईश्वर के प्रति श्रद्धा का संदेश : अनिल महाराज

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। बरबसा गहरवार स्थित आनंद कुटीर आश्रम में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक अनिल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रसपूर्ण वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं निष्कपट प्रेम, वात्सल्य और ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा का संदेश देती हैं।उन्होंने बताया कि नंद-यशोदा के आँगन में बालकृष्ण की नटखट चेष्टाएँ, माखन-चोरी, गोप-बालकों के साथ उनकी क्रीड़ाएँ तथा ग्वालिनों के प्रति उनका निश्छल स्नेह भक्तों के हृदय को आनंद और भक्ति से भर देता है। बालकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़े पूतना-वध, शकटासुर-विनाश, तृणावर्त संहार तथा ऊखल-बन्धन (दामोदर लीला) जैसे प्रसंगों का उल्लेख करते हुए अनिल महाराज ने बताया कि भगवान अपनी बाल लीलाओं के माध्यम से अधर्म का नाश और भक्तों की रक्षा करते हैं। अनिल महाराज द्वारा सुनाई जा रही मार्मिक भागवत कथा के बीच भजन गायक वंशनारायण शुक्ल के मधुर भजनों को सुनकर श्रद्धालु भक्ति-रस में सराबोर होकर राधे-श्याम तथा जय श्रीकृष्ण के उद्घोष करने लगे। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर लालजी तिवारी, उमानाथ मिश्र, श्रीधर मिश्र, भानू तिवारी आदि उपस्थित रहे।

रसपूर्ण कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

ई-रजिस्ट्री के आदेश के खिलाफ अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। ई-रजिस्ट्री के आदेश के खिलाफ तहसील लालगंज परिसर में अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में चक्रमण कर उप निबंधक के उस आदेश का विरोध किया और एसडीएम अजीत कुमार को ज्ञापन सौंपा। उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मौर्य और सचिव उमाशंकर सिंह पटेल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उप निबंधक द्वारा जारी ई-रजिस्ट्री का आदेश वापस नहीं लिया गया, तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। एसडीएम अजीत कुमार ने अधिवक्ताओं के ज्ञापन को जिलाधिकारी के पास भेजने का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं का आक्रोश उप निबंधक द्वारा 4 जून को जारी ई-रजिस्ट्री के शासनादेश को लेकर था। उन्होंने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और कहा कि वे इस आदेश को वापस न लेने पर चुप नहीं बैठेंगे।

योग से शरीर की अनेक व्याधियों से मिलती है मुक्ति, योगी राम ध्यान आर्य

स्वतंत्र भारत चुनार(मिर्जापुर)। भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आर.टी.सी. किला ग्राउंड, चुनार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित छह दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। शिविर के प्रथम दिवस नगर के प्रबुद्ध नागरिकों एवं योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर को संबोधित करते हुए पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी योगी राम ध्यान आर्य ने योग एवं प्राणायाम की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति योग और प्राणायाम को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लेता है, वह अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। नियमित योगाभ्यास से मोटापा, गैस, कब्ज, सर्दी-जुकाम, एलर्जी, उच्च रक्तचाप, तनाव एवं अवसाद जैसी समस्याओं में विशेष लाभ मिलता है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शरीर के लिए भोजन आवश्यक है, उसी प्रकार शरीर, मन एवं आत्मा के संतुलित विकास के लिए प्राणायाम आवश्यक है।

योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का भी सशक्त साधन है। कार्यक्रम का संचालन अनिल गुप्ता ने किया। शिविर में प्रमुख रूप से कमलाकर गुप्ता, पंकज सिंह, दीनानाथ गुप्ता, अवधेश वर्मा, शिवपूजन साहू, माखन लाल सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं योग साधक उपस्थित रहे।

मकान पर कब्जे का आरोप, विधवा महिला ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। हलिया क्षेत्र के एक गाँव की विधवा महिला ने गांव के तीन लोगों पर 50 वर्ष से पूर्व बने कच्चे मकान पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई है।थाना क्षेत्र के बेलाही गाँव निवासी विधवा लखराजिया ने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह 1965 से पति के साथ कच्चा मकान बनाकर रहती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जानकारी के अभाव में 1975 में रिकॉर्ड ऑपरेशन के दौरान आबादी की जमीन को कुछ दबंगों ने लेखपाल से अपने खाते में होने की बात कहकर मकान ध्वस्त करने की कोशिश की।

मोहर्रम पर ताजिएदारों को संदेश, तय परंपरा के अनुसार ही निकलेंगे ताजिया

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। मोहर्रम पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को लालगंज कोतवाली परिसर में प्रशासन और ताजिएदारों की आवश्यक बैठक हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष भी ताजिये पूर्व निर्धारित परंपरा और मार्गों के अनुसार ही निकाले जाएंगे। नई परंपरा या नए मार्ग की अनुमति नहीं होगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम अजीत कुमार ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। सभी लोग मिलकर इसे शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराएं। उन्होंने अफवाहों से दूर रहने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की।सीओ लालगंज अमर बहादुर ने बताया कि लालगंज क्षेत्र में 23 स्थानों पर ताजिये निकलते हैं। विद्युत सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ताजियों की ऊंचाई सीमित रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर बिजली के तार नीचे होने के कारण सावधानी बरतना जरूरी है। पूर्व में हुई घटनाओं से सबक लेते हुए सुरक्षा मानकों का पालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ, आपत्तिजनक अथवा भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। जुलूस के दौरान किसी प्रकार के तलवार बल्लम गड़ासा व लाठी के आदि अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन भी प्रतिबंधित रहेगा। प्रभारी निरीक्षक लालगंज वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि सभी ताजिया स्थलों और जुलूस मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा लगातार गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा समेत क्षेत्र के बामी, लालगंज, रामपुर वासिद अली आदि गांवों के बड़ी संख्या में ताजिएदार उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी से प्रशासन का सहयोग कर मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा POOJA SAHU था जो अब बदलकर PUJA SAHU CHAURASIYA हो गया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। PUJA SAHU CHAURASIYA W/o-VIJAY KUMAR CHAURASIYA 46-KHUSHAL PARVAT A T T A R S U I Y A PRAYAGRAJ U.P.

सी.आर.-531/ D-32

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरे पुत्र का नाम SAAD था जो अब बदलकर ANSARI SAAD हो गया है भविष्य मे मेरे बेटे को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। NOOR AIN FATIMA W/o TAHIR AHMAD ANSARI VILLAGE AND POST KHOPA SARAI AKIL KAUSHAMBI U.P.

सी.आर.-531/ D-35

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र, रोल नं.- 0942237, इंटरमीडिएट अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र, रोल नं.- 0269528, बी. फार्मा की अंकतालिकाएँ, रोल नं.- 0517150058, AKTU Pharmacist Green Card Registration Certificate No.- 59326 वास्तव में कहीं खो गये हैं, यदि उक्त दस्तावेज किसी व्यक्ति को प्राप्त हों तो मोबाइल नंबर 9451396942 पर संपर्क करें। विवेक शर्मा पुत्र श्री सुशील चन्द्र शर्मा, नि.-अहिरन खेड़ा, हरदोई रोड, लखनऊ।

सी.आर.- 528/L-50

सूचना

मैंने पुत्र पुनीत कुमार को दुर्व्यवहार के कारण संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिए । वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा । रामफेरे पुत्र भिखारी नि ग्रा परसनियां सेहरामऊदक्षिणी शाहजहांपुर।

सी.आर.-533/ D-25

NOTICE

I, AKSHITA VERMA, due to mistake my date of birth has been written in Class 10 ICSE Marksheet as 17 April 2009 where as the correct date of birth is 17 April 2008. Please correct accordingly 17 April 2008. D/o Mr Vinay Kr Verma R/o Aliganj Lucknow Up - 226024

सी.आर.- 529/L-30

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AFZAL AHMAD से बदल कर AFZAL AHMAD KHAN कर लिया है तथा मेरे जानने पहचानने वाले नात बात व रिश्तेदार मुझे मेरे नये नाम AFZAL AHMAD KHAN से जाने पहचाने व पुकारे। नाम AFZAL AHMAD KHAN S/o ABDUL MATEEN KHAN, पता-मोहल्ला-कटरा, नियर ओल्ड टेलीफोन एक्सचेंज , पो0 व थाना-बिजनौर, लखनऊ, उ0प्र0

सी.आर.- 532/L-25

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 30/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजीय) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से 'खुली' निविदा आमंत्रित करते हैं।

क.सं.1—कार्य का विवरण: वित्तपुर रोड–रुद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य डब्ल्यू–वीम गेंटल ब्रीज कैरियर चेन्जिंग का लोक कार्य। (स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समई/बरेली/काशीपुर के अन्तर्गत रुद्रपुर सिटी–बाजपुर अनुभाग के मध्य 130 किमी/घंटा की गति बढ़ाने तक के सर्वेक्षण सेक्शन चेन्जिंग (58.12 किमी) का प्राक्कलन।) अनुमानित लागत रूपयों में ₹ 9,05,07,580.80, बयाना राशि रूपयों में ₹ 18,10,200/– निविदा प्रपत्र का मूल्य– शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 09 माह।

क.सं.2—कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समई/बरेली/काशीपुर के अन्तर्गत रामपुर–लालकुआं अनुभाग के टी.डब्ल्यू.आर. (पी.) – 57.0 ट्रैक किमी. एवं टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यू.एस.) – 19 सेट का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 5,17,76,272.83, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 10,35,500/– निविदा प्रपत्र का मूल्य– शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।

क.सं.3—कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समई/बरेली/काशीपुर के अन्तर्गत रामपुर–लालकुआं अनुभाग के टी.डब्ल्यू.आर. (पी.) – 57.0 ट्रैक किमी. एवं टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यू.एस.) – 19 सेट की फटिंग बट वेल्डिंग का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 4,79,94,928.02, बयाना राशि रूपयों में ₹ 9,59,900/– निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।

क.सं.4—कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समई/बरेली/काशीपुर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत रामपुर–लालकुआं अनुभाग में गेंजर ब्रिज नंबर–25, 28, 40, 89, 92 एवं 102 पर एक–बीम स्लीपर का टी.बी.एस. अप्र. कार्य। (रामपुर–लालकुआं उपखण्ड टी.एफ.टी.आर.–39.000 ट्रैक किमी. एवं सेक्शन इन्फ्रास्ट्रक्चर– 8.000 ट्रैक किमी. के स्वीकृत कार्य को अन्तर्गत)। अनुमानित लागत रूपयों में ₹ 1,97,36,806.69, बयाना राशि रूपयों में ₹ 3,94,700/– निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।

1. क्रम सं 1 से 3 की ई–निविदा दिनांक 06.07.2026 को 15.00 बजे तक ऑन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. क्रम सं 4 की ई– निविदा दिनांक 07.07.2026 को 15.00 बजे तक ऑन लाइन जमा कर सकेंगे। 3. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के ई-ERPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), मुआमि/अमलू–179 इज्जतनगर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम जयश्री (JAYSHREE) पुत्री सुभाष चन्द्र (SUBHASH CHANDRA) है जो शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं0-2748 1948 7846 में मेरी पुत्री का नाम खुशी अंकित हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम जयश्री (JAYSHREE) पुत्री सुभाष चन्द्र (SUBHASH CHANDRA) के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।

सुभाष चन्द्र पुत्री राम खेलावन निवासी ग्राम-भोपतपुर अब्दालपुर खास तहसील सोरांव, जनपद प्रयागराज उ0 प्र0 ।

सी.आर.-531/ D

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम कु0 अंजली श्रीवास्तव (KM. ANJALI SRIVASTAVA) पुत्री ध्रुव लाल श्रीवास्तव है जो कि मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं0-980134933755 मेरा नाम रोली अंकित हो गया है, जो कि गलत है, भविष्य मे मुझे मेरे सही नाम कु0 अंजली श्रीवास्तव (KM. ANJALI SRIVASTAVA) पुत्री ध्रुव लाल के नाम से जाना व पहचाना जाय।

एतत्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।

कु0अंजली श्रीवास्तव पुत्री ध्रुव लाल श्रीवास्तव एम. आई.जी. 7 प्रीतम नगर गयासुद्दीनपुर उपरहार धूमनगंज प्रयागराज ।

सी.आर.-531/ D

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गवन चन्द संस्कृत पाठशाला की वर्तमान प्रबन्ध समिति का कार्यकाल समाप्त हो रहा है जिसके लिए नवीन प्रबन्ध समिति के गठन हेतु निर्वाचन सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है।

साधारण जन के वैध सदस्यों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि प्रबन्ध समिति का निर्वाचन दिनांक 27 जून, 2026 (शनिवार) को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

अतः समस्त वैध साधारण सभा सदस्यों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर तथा निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

प्रबंधक
श्री मदन चन्द संस्कृत पाठशाला लखनऊ नाका, सुलतानपुर

सी.आर.-530/ L

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 08.07.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

निविदा सूचना सं.	00552026 दिनांक 16.06.2026
निविदा सं.	03-Sr-DEN-C-LKO-2026-27
कार्य का नाम	बीघापुर (BQP) बैलास्ट डिपो सहायक मंडल इंजीनियर–उन्नाव के अधीन बीघापुर (BQP) बैलास्ट में आर०डी०एस०ओ०/लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गई स्पेसीफिकेशन संख्या आई एस/आर०डी०एस०ओ०/पी ई/0001: फरवरी 2023 तथा चीफ इंजीनियर के सर्कुलर संख्या 257 के अनुसार (60000 Cum) रात चीटर 66 एमएम साइड गार्डल द्वारा तोड़ी गई क्वारेर गिट्टी की आपूर्ति, भराव लगाना एवं मैकेनिकल लेवलिंग का कार्य किया जाना।
अनुमानित लागत	₹8,77,59,600/- धरोहर राशि ₹17,55,200/-
कार्य समापन की अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह
निविदा डालने का प्रारंभ	24.06.2026 वेबसाइट www.ireps.gov.in
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	08.07.2026 को 15.00 बजे

नोट: 1. निविदाकर्ता निविदा डालते समय गिट्टी की डुमरीकर वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt.-IV-1963 पर आधारित हो, अवशेष वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt.-III-1963 पर तथा वारर एब्रेशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt. III 1963 पर आधारित हो) की जाँच रिपोर्ट जो कि रेलवे प्रयोगशाला/राजकीय प्रयोगशाला/राजकीय स्वीकृत वाले इंजीनियरिंग कॉलेज/डामलीय पेनेट्रेटिक/आई०आई०टी० तथा एन०आई०टी० की हो तथा निविदा नोटिस की तिथि से निविदा बंद होने की तिथि बीच की हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जाएगी। 2. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। 3055/2026

ग्राहकों की सेवा में सुरक्षात्मक के साथ

सी.आर.-531/ D-CN

स्वतंत्र भारत

देश विदेश

12

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, बुधवार, 17 जून 2026

होर्मुज से जल्द निकलेंगे 34 भारतीय जहाज

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है। समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित होगी। इसका असर भी दिखना शुरू हो गया है। दरअसल तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ला रहे भारतीय टैंकर दिशा ने सुरक्षित होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर लिया है। भारत आ रहे 34 अन्य जहाजों के भी जल्द होर्मुज पार करने की उम्मीद है। ये जहाज पश्चिम एशिया संकट के चलते होर्मुज में फंसे हैं। होर्मुज में फंसे 34 जहाजों में से 16 जहाज ऐसे हैं, जो फर्टिलाइजर लेकर भारत आ रहे हैं। इन 16 जहाजों में से 8 पर यूरिया, चार पर डाइ-अमोनियम फॉस्फेट और तीन पर सल्फर और एक पर अमोनिया लदा है। अगर समझौते के तहत सबकुछ सही रहता है और होर्मुज खुलता है

तो जल्द ही भारत के करोड़ों किसानों को खेती के लिए फर्टिलाइजर मिल सकते हैं। हालांकि अभी हालात सामान्य होने में वक्त लग सकता है। पश्चिम एशिया में युद्ध के दौरान ऊर्जा केंद्रों को निशाना बनाया गया। पश्चिम एशिया की कई अहम रिफाइनरियां और गैस प्लांट हमलों में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिससे युद्ध समाप्त होने के बाद भी आपूर्ति सामान्य होने में कई महीनों का वक्त लग सकता है। कतर का रास लफ्फान प्लांट हमले में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है और वहां से ईंधन आपूर्ति सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। भारत के इस गैस प्लांट से एलपीजी आपूर्ति का कॉन्ट्रैक्ट है, ऐसे में हालात सामान्य होने में अभी वक्त लगेगा। भारत अपनी जरूरत का 88 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। इसमें से करीब आधा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आपूर्ति होता है। साथ ही भारत के कुल आयात की 60 प्रतिशत से ज्यादा एलएनजी भी होर्मुज से गुजरकर भारत आती है। यही वजह है कि पश्चिम एशिया संकट के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से भारत को होने वाली तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई। होर्मुज से पार हुआ दिशा टैंकर 18 जून तक भारत आ सकता है और इस पर 62,370 टन एलएनजी है।

अमेरिका-ईरान में पीस डील पर डिजिटल साइन हुए

तेहरान/वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका-ईरान समझौता पूरा हो चुका है और इस पर शुक्रवार को

- 19 जून को औपचारिक डील
- ईरान को 28 लाख करोड़ हर्जाना दे सकता है अमेरिका

स्विट्जरलैंड के जेनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होंगे। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प, जेडी वेंस और ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ डिजिटल रूप से समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। हालांकि, समझौते का पूरा मसौदा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। ट्रम्प ने कहा कि दस्तावेज शुक्रवार के बाद जारी किया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि दोनों देशों के बीच 14 पॉइंट वाला एक शुरुआती मसौदा तैयार हुआ है, जिस पर आगे तकनीकी स्तर की बातचीत होगी। वहीं कुछ रिपोर्टों के मुताबिक ईरान को आर्थिक सहायता के लिए करीब 28 लाख करोड़ रुपए का पैकेज मिल सकता है, हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ किया कि ईरान को प्रतिबंधों से राहत तभी मिलेगी, जब वह समझौते की सभी शर्तों का पालन करेगा। अमेरिका ने फिलहाल किसी भी तत्काल आर्थिक राहत से इनकार किया है।

'अफगानिस्तान में रोकें महिलाओं पर कार्रवाई'

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर अफगानिस्तान के तालिबान शासकों से महिलाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों को शीघ्र वापस

- संयुक्त राष्ट्र का तालिबान से आग्रह

लेने और देश में सक्रिय उन उग्रवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का आह्वान किया है। इस प्रस्ताव को प्रायोजित करने वाले चीन के संयुक्त राष्ट्र राजदूत फू कोंग ने कहा कि उम्मीद है कि अफगान सरकार मानवाधिकारों, विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अधिक सक्रिय कदम उठाएगी और खुलेपन, समावेशिता तथा जिम्मेदारी की छवि पेश करेगी।

प्रस्ताव के तहत अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक मिशन की अवधि 17 जून 2027 तक बढ़ा दी गई है। साथ ही मिशन को बिना किसी भेदभाव के मानवीय सहायता पहुंचाने तथा राष्ट्रीय और स्थानीय प्रशासन को बढ़ावा देने का अधिकार दिया गया है, जिसमें लिंग, धर्म या जातीयता के आधार पर कोई भेदभाव न हो और महिलाओं, अल्पसंख्यकों, युवाओं तथा दिव्यांग व्यक्तियों की पूर्ण, समान, सार्थक और सुरक्षित भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह प्रस्ताव ऐसे समय पारित किया गया है जब इस महीने पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात शहर में तालिबान के सख्त ड्रेस कोड के कथित उल्लंघन के आरोप में कम से कम 30 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया था। संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) के अनुसार, इन गिरफ्तारियों के विरोध में हुए एक दुर्लभ प्रदर्शन को तालिबान पुलिस ने बलपूर्वक तितर-बितर कर दिया था। इस दौरान गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

ईरान से समझौते के बाद भी अमेरिका के हाथ खाली

वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इस समझौते के बाद भी अमेरिका के हाथ खाली हैं और अमेरिका अपने कोई भी लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि दोनों देशों के बीच शांति

- विशेषज्ञ बोले- उल्टा यूएस को नुकसान ही उठाना पड़ा

समझौता केवल युद्ध की पूर्व यथास्थिति की बहाली है। अगले 60 दिनों में होने वाली बातचीत तय करेगी कि अमेरिका को इस युद्ध और तबाही से कुछ हासिल होगा भी या नहीं। यह बात सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के पश्चिम एशिया प्रोग्राम के वरिष्ठ फेलो विल टॉडमैन ने कही।

युद्ध के पूर्व स्थिति ही बहाल हो पाई

टॉडमैन के अनुसार, इस समझौते का मुख्य उद्देश्य युद्धविराम और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना है, जिससे स्थिति अमेरिका और

इस्राइल द्वारा ईरान पर हमले से पहले जैसी ही होगी। उन्होंने कहा, इस समय तक अमेरिका, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्ध शुरू करते समय तय किए गए किसी भी प्रमुख लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाया है। अमेरिका और ईरान रविवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने पर सहमत हुए। इस कदम से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक के जरिए तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति फिर शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि समझौते का पूरा विवरण अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। ईरान ने संकेत दिया है कि औपचारिक हस्ताक्षर समारोह के बाद ही समझौते को लागू किया जाएगा। औपचारिक समारोह शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में आयोजित होगा। समझौते में ईरान के उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम भंडार और उसके परमाणु कार्यक्रम से जुड़े लंबित मुद्दों पर बातचीत के लिए 60 दिनों की समय-सीमा भी तय की गई है। अमेरिका और इस्राइल ने 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। उन्होंने कहा कि अगले 60 दिनों की बातचीत यह तय करेगी कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम के संबंध में अमेरिका अपने लक्ष्यों को हासिल कर पाता है या नहीं। विशेषज्ञ के अनुसार तीन महीने से अधिक चले युद्ध ने अमेरिका के अपने प्रमुख क्षेत्रीय साझेदारों और सहयोगियों के साथ संबंधों को भी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि अरब खाड़ी देशों को महसूस हुआ कि अमेरिका ने युद्ध से पहले और उसके दौरान उनकी चिंताओं और हितों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया। इसी कारण ये देश अपनी सुरक्षा साझेदारियों में विविधता लाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं ताकि अमेरिका पर निर्भरता कम की जा सके।

अमेरिका-इस्राइल के संबंधों में भी उभरे मतभेद

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और इस्राइल के हितों के बीच अभूतपूर्व मतभेद उभरते दिखाई दे रहे हैं। इस्राइली सरकार को आशंका है कि यह समझौता उसकी सुरक्षा के लिए ईरान से उत्पन्न खतरे को पूरी तरह खत्म नहीं करता और भविष्य में उस खतरे के खिलाफ कार्रवाई की उसकी क्षमता को भी सीमित कर सकता है।

'अधूरे सुधार से नहीं बदलेगी सुरक्षा परिषद की तस्वीर'

अस्थायी सीट विस्तार पर भारत की चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि केवल दो साल के कार्यकाल वाली अस्थायी सदस्यता श्रेणी के विस्तार को ही सहमति का संकेत मानना पूरी तस्वीर का केवल एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि देश और समूह इस विस्तार के साथ कई शर्तें और जुड़े हुए मुद्दे भी जोड़ते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार केवल अस्थायी सदस्य देशों की संख्या बढ़ाने तक सीमित रह गया, तो यह सुधार अधूरा और लगभग असफल माना जाएगा, क्योंकि इससे यूएनएससी की असली निर्णय लेने वाली शक्ति संरचना (यानी स्थायी पांच देशों का नियंत्रण) नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि देश और समूह बहुत लंबे समय से वास्तविक और सार्थक सुधारों का इंतजार कर रहे हैं।

राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि अंतर सरकारी वार्ता प्रक्रिया को संयुक्त राष्ट्र की अन्य प्रक्रियाओं से अलग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी वार्ताओं का आधार एक लिखित प्रस्ताव होना चाहिए, जिस पर सभी समूह और सदस्य देश अपनी राय देते हैं। हरीश ने आगे कहा, इसलिए सह-अध्यक्षों को चाहिए कि वे एक स्पष्ट लिखित प्रस्ताव तैयार करने में नेतृत्व करें। इस प्रस्ताव में स्पष्ट लक्ष्य, चरण और समय सीमा तय होनी चाहिए, ताकि सभी देश और समूह व्यवस्थित और परिणाम देने वाली बातचीत कर सकें। इसके बाद जरूरत पड़ने पर कोई बीच का रास्ता भी निकाला जा सकता है।

परमाणु मुद्दे से बड़ी है जंग रोकने की अग्निपरीक्षा

वाशिंगटन/तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते का जो ढांचा तय हुआ है, उसको पश्चिम एशिया में स्थायी शांति बहाली की

- निर्णायक होगी 60 दिन की अवधि

कसौटी पर परखने के लिए 60 दिन की अवधि तय की गई है। यहां तक पहुंचने के लिए अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर अपने रुख को काफी नरम किया है। ईरान पर समझौते के लिए सबसे पहले परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह बंद करने की शर्त नहीं थोपी गई है। बल्कि बातचीत के लिए उसे पूरा समय दिया। जाहिर तौर पर पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट बीच ईरान का परमाणु कार्यक्रम एक बड़ा मुद्दा रहा है। लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि समझौते से पुख्ता समाधान तक पहुंचने के लिए तय की गई 60 दिन की अवधि परमाणु मुद्दे से कहीं ज्यादा जंग को स्थायी रूप से रोकने की अग्निपरीक्षा है। अगले दो महीनों में तय होगा कि अमेरिका और ईरान के बीच परस्पर भरोसा कितना मजबूत होता है। समझौता मानने से इन्कार कर चुका इस्राइल आगे क्या रुख अपनाता है। बम, ड्रोन और मिसाइलों के इस्तेमाल में कितना संयम बरता जाता है, और समझौते की शर्तों का कितनी शिद्दत से पालन किया जाता है, क्योंकि यही पश्चिम एशिया में शांति की राह तय करने में निर्णायक साबित होगा। परमाणु मुद्दे पर ईरान का पलड़ा भारी : यह बात काफी हद तक साफ हो चुकी है कि अमेरिका-इस्राइल युद्ध अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहा। इसके विपरीत, ईरान अभूतपूर्व भू-राजनीतिक फायदा उठाने में सफल रहा। परमाणु वार्ता पर उसकी स्थिति मजबूत हुई है। यह समझौता परमाणु मुद्दे को युद्ध से पहले (27 फरवरी की स्थिति) की स्थिति पर छोड़ देता है। युद्ध से पहले अमेरिका के पास ईरान पर दबाव बनाने के दो मुख्य साधन थे। कड़े आर्थिक प्रतिबंध, जिन्होंने ईरान को वैश्विक अर्थव्यवस्था से अलग-थलग कर दिया था और परमाणु ठिकानों को नेस्तनाबूद करना। जून 2025 में ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के दौरान नातंज, इस्फहान और फोर्डो में ईरान के परमाणु केंद्रों को भारी नुकसान पहुंचाना इसका प्रमाण है। ईरान ने इस पूरी जंग के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपने नियंत्रण के जरिये अमेरिका के दबाव को काफी कम कर दिया। उसने अमेरिकी सहयोगियों के सैन्य और ऊर्जा ठिकानों को जमकर नुकसान पहुंचाया। ईरान ने अमेरिका-इस्राइल के मुकाबले दोगुने ठिकानों को तबाह करके अपनी ताकत साबित की है।

चार बातों पर टिका समाधान

इस्राइल की आक्रामक कार्रवाइयों पर अमेरिका किस हद तक नियंत्रण रख पाता है। अमेरिकी नौसेना ईरानी समुद्री क्षेत्र के पास अपनी नाकेबंदी कितनी तेजी से हटाती है। अमेरिका और उसके अरब सहयोगी ईरान के फंड को कितनी जल्दी जारी करते हैं। क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य वापसी का दायरा कितना बड़ा और वास्तविक होता है।

ईरान को किसी भी हाल में परमाणु हथियार नहीं रखने देंगे : नेतन्याहू

तेल अवीव। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को किसी भी हाल में परमाणु हथियार नहीं रखने दिए जाएंगे, चाहे शांति समझौता हो या नहीं। उनका यह बयान तब आया है, जब पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच एक समझौते पर सहमति बनी है। नेतन्याहू ने कहा कि उनका पूरा राजनीतिक जीवन ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लक्ष्य पर केंद्रित रहा है। उन्होंने इसे अपने जीवनभर की जिम्मेदारी बताया। उन्होंने साफ कहा कि जब तक वह प्रधानमंत्री हैं, ईरान को परमाणु हथियार नहीं हासिल करने देंगे। उधर, अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें भविष्य की बातचीत और सहयोग का ढांचा तय किया गया है। इस ढांचे में ईरान के सहयोग के आधार पर उस पर लगे प्रतिबंधों में राहत और आर्थिक संबंध बढ़ाने की संभावना है, खासकर अगर वह परमाणु शर्तों और क्षेत्रीय सुरक्षा नियमों का पालन करेगा।

आतंकवाद के खिलाफ साथ आए भारत-स्लोवाकिया

ब्रातिस्लावा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्लोवाकिया की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान भारत और स्लोवाकिया ने अपने रिश्तों

- शिक्षा-रोजगार समेत 11 क्षेत्रों में हुए बड़े करार

को एक नई ऊंचाई दी है। दोनों देशों ने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी में बदल दिया है। विदेश मंत्रालय के सचिव सिबी जॉर्ज ने एक मीडिया वार्ता में इस यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग को एक नई गति देगी।

इस यात्रा का सबसे बड़ा फैसला आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ना है। भारत और स्लोवाकिया ने आतंकवाद विरोधी सहयोग के लिए एक संयुक्त कार्य समूह बनाने पर सहमति जताई है। साथ ही दोनों देशों ने सीमा पर आतंकवाद सहित इसके सभी रूपों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की भी निंदा की।

इसके अलावा, दोनों देशों के बीच कांसुलर संवाद तंत्र भी शुरू किया जाएगा। स्लोवाकिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का भी समर्थन किया है। स्लोवाकिया का मानना है कि सुरक्षा परिषद का विस्तार होना चाहिए और इसमें भारत जैसे देशों को जगह मिलनी चाहिए। साथ ही स्लोवाकिया के पीएम फिको ने भारतीय कारोबारियों को स्लोवाकिया में निवेश करने का खुला न्योता दिया।

साल 1993 में स्लोवाकिया की आजादी के बाद यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ विस्तार से बातचीत की। उन्होंने राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी से भी मुलाकात की। इन नेताओं ने आपसी हितों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। इसमें यूक्रेन संघर्ष, पश्चिम एशिया के हालात और भारत-यूरोपीय संघ (ई) के रिश्तों जैसे अहम विषय शामिल थे।

पीएम मोदी को मिला स्लोवाकिया का सर्वोच्च सम्मान

अब तक 33 देशों ने किया सम्मानित

स्लोवाकिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से सम्मानित किया है। स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को किसी देश द्वारा प्रदान किया गया यह 33वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान बन गया है। द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास) स्लोवाक गणराज्य का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है। यह सम्मान स्लोवाकिया के राष्ट्रपति द्वारा विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है। यह सम्मान उन विदेशी नेताओं और हस्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने स्लोवाकिया के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत बनाने में असाधारण योगदान दिया हो। साथ ही, देश के विदेश नीति संबंधी हितों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय समर्थन दिया हो। पीएम नरेंद्र मोदी ने स्लोवाकिया द्वारा सर्वोच्च सम्मान दिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ब्रातिस्लावा में द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास) का सम्मान प्राप्त करके मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत की 140 करोड़ जनता के इस सम्मान के लिए मैं स्लोवाकिया की जनता और सरकार का आभारी हूं। मैं यह पुरस्कार भारत और स्लोवाकिया के बीच अटूट मित्रता को समर्पित करता हूं।

विश्लेषण | अमेरिकी विशेषज्ञ ने फासीवादी इटली से की तुलना

'पाकिस्तान भरोसे लायक नहीं, तीन बार यूएस को दे चुका धोखा'

वॉशिंगटन। अमेरिकी विश्लेषक माइकल रुबिन ने ईरान और अमेरिका के बीच जारी कूटनीतिक प्रयासों में पाकिस्तान की भूमिका पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा है कि ईरान संकट के समाधान के लिए पाकिस्तान पर भरोसा करना, ऐसा ही है जैसे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी की समस्या सुलझाने के लिए फासीवादी इटली पर निर्भर रहना।

अमेरिका के मिडिल ईस्ट फोरम में नीति विश्लेषण निदेशक माइकल रुबिन ने एजेंसी के साथ बातचीत में कहा कि पाकिस्तान को भरोसेमंद मध्यस्थ नहीं माना जा सकता, क्योंकि उसने अतीत में कई बार अमेरिका के हितों को नुकसान पहुंचाया है। रुबिन ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप न केवल बातचीत की मेज पर ईरान के सामने कमजोर साबित

हुए, बल्कि उन्होंने मध्यस्थों के चयन में भी गलती की है। कतर और खासकर पाकिस्तान को मध्यस्थ बनाना गंभीर भूल है। ईरान समस्या के समाधान के लिए पाकिस्तान पर निर्भर रहना वैसा ही है जैसे फ्रैंकलिन रूजवेल्ट द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी से निपटने के लिए फासीवादी इटली पर भरोसा करते थे।

रुबिन ने कहा कि किसी भी विवाद में ऐसा मध्यस्थ नहीं चुना जाना चाहिए जो आपकी हार चाहता हो, लेकिन अमेरिका बार-बार वही गलती दोहरा रहा है।

पाकिस्तान ने तालिबान को समर्थन देकर और अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को अपने क्षेत्र में शरण देकर अमेरिका के भरोसे को कई बार तोड़ा है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने तालिबान के मामले में अमेरिका को धोखा दिया। ओसामा बिन लादेन को पनाह देकर भी उसने अमेरिका के साथ विश्वासघात किया। अब वह फिर वही कर रहा है। यह विडंबना है कि पाकिस्तान इस पूरी स्थिति में फायदे में है। पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक ए.क्यू. खान ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को शुरुआती आधार देने में भूमिका निभाई थी। रुबिन ने दावा किया कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए भी पर्दे के पीछे ऐसा माहौल बनाए रखेगा, जिससे कोई स्थायी समझौता न हो सके और क्षेत्र में अस्थिरता बनी रहे। उन्होंने कहा, यह समझना जरूरी है कि पाकिस्तान भले ही मध्यस्थ के रूप में सामने हो, लेकिन वह यह सुनिश्चित करेगा कि अंतिम समझौता कभी न हो। वह ऐसे हालात बनाए रखना चाहेगा, जहां लगातार तनाव और अराजकता बनी रहे। वह एक साथ आग लगाने वाले और आग बुझाने वाले दोनों की भूमिका निभाकर दोनों तरफ से फायदा उठाना चाहता है। रुबिन की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते पर इस सप्ताह जिनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होने की संभावना जताई जा रही है।

बाजार दर्पण